चैत्र कृष्ण पक्ष सप्तमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित


सोमवार, 1 अप्रैल 2024
वर्ष 5, अंक 6, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



भारतीयों को वीजा नहीं तो चौपट होगी अर्थव्यवस्था 16

शाहरुख खान शुरू करेंगे पठान-2 की शूटिंग 15

रामलीला मैदान में इंडिया गठबंधन की महारैली

# भाजपा को हराने के लिए विपक्ष ने दिल्ली में भरी हुंकार

नई दिल्ली, ब्यूरो

विपक्षी दलों के प्रमुख नेता रविवार को रामलीला मैदान में इंडिया गठबंधन के नेतृत्व में जुटे तथा भाजपा सरकार पर लोकतंत्र और संविधान कुचलने का आरोप लगाते हुए एकजुटता से संघर्ष करने का संकल्प लिया। लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी दलों ने इस महारैली का आयोजन दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी, भाजपा की नीतियों के विरोध में किया। महारैली में दोनों मुख्यमंत्रियों की तत्काल रिहाई, चुनावी बॉंड की जांच के लिए उच्चतम न्यायालय की निगरानी में विशेष कार्यबल का गठन और चुनाव आयोग को स्वतंत्र रूप से काम करने देने की मांग की गयी। विपक्षी नेताओं ने भाजपा की केंद्र सरकार को तीसरी बार सत्ता में न आने का संकल्प लिया है। ज्यादातर वक्ताओं ने कहा कि आज लोकतंत्र खतरे में है। इसके लिए तानाशाही हटाओ लोकतंत्र बचाओ का नारा लेकर हम जनता के बीच जाएंगे।

रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि जितने भी सर्वे हुए हैं उसमें बीजेपी को 180 से ज्यादा सीटें नहीं मिल रही है, इसीलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनाव जीतने के लिए मैच फिक्सिंग का रास्ता अपनाया है। विपक्ष को रोकने के लिए सभी विपक्षी नेताओं को डराया धमकाया जा रहा है। राहुल गांधी ने कहा कि गठबंधन की एकता के बाद बीजेपी को अपने पराजय पक्की लगने लगी है और उनका 400 का नारा पूरा होने वाला नहीं है। यदि कोई गड़बड़ी नहीं की गई और बेईमानी कर दबाव डालना या खिलाड़ियों को खरीदना नहीं हुआ तो मोदी का 400 पार का सपना पूरा नहीं होगा। प्रियंका गांधी ने कहा कि रामलीला मैदान में रावण जलाया जाता है। उसका राजा सोने की लंका में रहता था और घमंडी था। उन्होंने कहा भगवान राम तो सत्यवादी थे, वनवासी थे, लेकिन ये अपने स्वार्थ के लिए राम की बात करते हैं उनके आदर्शों पर नहीं चल रहे हैं।



रामलीला मैदान में लोकतंत्र बचाओ रैली के दौरान मंच पर मौजूद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, एनसीपी प्रमुख शरद पवार, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, मुख्यमंत्री भगवंत मान और जम्मू-कश्मीर एनसी प्रमुख फारूक अब्दुल्ला।

- मोदी मैच फिक्सिंग से जीतना चाहते हैं चुनाव: राहुल
- भाजपा गलत तरीके से हमें डरा रही है : अखिलेश
- गठबंधन जीता तो पूरे देश में दिल्ली जैसी सुविधाएं: सुनीता केजरीवाल

अखिलेश यादव ने कहा कि इस बार भाजपा 400 पार नहीं बल्कि 400 हारने जा रही है। यह लोग गलत तरीके से हम लोगों को डरा धमका रहे हैं। मुख्यमंत्री को जेल भेज रहे हैं। राजनीतिक दलों को नोटिस भेज रहे हैं और उनके बैंक अकाउंट बंद कर रहे हैं। अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता ने रैली मैं आए लोगों को अपने पति की तरफ से दिए संदेश को पढ़कर सुनाया। उन्होंने कहा कि यदि गठबंधन की सरकार आएगी तो पूरे देश में हमारे पति 6 गारंटी पूरी करेंगे, जिसमें 24 घंटे बिजली, गरीबों को फ्री बिजली, हर गांव और मुहल्ले में स्कूल, देहात एवं शहरों में मोहल्ला क्लीनिक, हर जिले में सुपर स्पेशलिटी सरकारी अस्पताल एवं फ्री इलाज, किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य और दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा दिया जाएगा।

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री की पत्नी कल्पना ने कहा कि उनके पति को मुख्यमंत्री रहते हुए गलत आरोपों में गिरफ्तार किया गया है अब जनता इसका जवाब देगी। महबूबा मुफ्ती ने कहा है कि बीजेपी सरकार की एजेंसियां किसी को भी गिरफ्तार कर लेती है और उसकी सुनवाई के लिए न कोई वकील है और न कोई दलील। फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि कश्मीर से कन्याकुमारी तक इंडिया गठबंधन एकजुट होकर चुनाव लड़ेगा। रैली में नारा दिया गया है कि तानाशाही हटाओ लोकतंत्र बचाओ, यह नारा लोकसभा चुनाव में पूरे देश में मतदाताओं के बीच एक अपील करेगा। रैली में आम आदमी पार्टी के अध्यक्ष गोपाल राय सहित सभी मंत्री, विधायक एवं पार्षद भी मौजूद थे इसी तरह कांग्रेस के भी कई बड़े नेता मंच पर नजर आए।

### 28 दलों के नेता महारैली में हुए शामिल

महारैली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव, राजद के तेजस्वी यादव, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद गुट) के शरद पवार, शिवसेना (उद्धव गुट) के उद्धव ठाकरे, झारखंड मुक्ति मोर्चा की कल्पना सोरेन, झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, तृणमूल कांग्रेस के डेरेक ओ ब्रायन, आम आदमी पार्टी के गोपाल राय, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, भाकपा से डी राजा, माकपा से सीताराम येचुरी, नेशनल कांफ्रेंस के फारूक अब्दुल्ला, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की महबूबा मुफ्ती और द्रमुक के तिरुचि शिवा समेत 28 पार्टियों के नेता शामिल हुए।

## एक नजर

### कांग्रेस पांच अप्रैल को जारी करेगी घोषणापत्र

नई दिल्ली। कांग्रेस ने पांच अप्रैल को अपना घोषणापत्र जारी करने की शनिवार को घोषणा की। उसने अंतिम क्षण में घोषणापत्र समिति गठित करने को लेकर भाजपा पर कटाक्ष भी किया। भाजपा ने लोकसभा चुनावों के लिए शनिवार को 27 सदस्यीय घोषणा पत्र समिति गठित की और पार्टी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को इसका अध्यक्ष, वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण को संयोजक तथा केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल को सह-संयोजक बनाया है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि कांग्रेस ने 16 मार्च को 'पांच न्याय', '25 गारंटी' जारी की और देश भर में आठ करोड़ गारंटी कार्ड वितरित करने के लिए पार्टी का 'घर घर गारंटी' अभियान तीन अप्रैल से शुरू होगा।

### तहखाने में पूजा को चुनौती पर सुनवाई आज

नई दिल्ली। ज्ञानवापी मस्जिद प्रबंधन समिति की उस याचिका पर उच्चतम न्यायालय आज सुनवाई करेगा, जिसमें मस्जिद के दक्षिणी तहखाने में हिंदुओं को पूजा की अनुमति देने वाले निचली अदालत के आदेश को बरकरार रखने के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती दी गई है। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ उच्च न्यायालय के 26 फरवरी के फैसले को चुनौती वाली अंजुमन इंतजामिया मस्जिद कमेटी की याचिका पर सुनवाई करेगी।

# भ्रष्टाचारियों पर होगा एक्शन : मोदी

मेरठ से प्रधानमंत्री ने फूंका चुनावी बिगुल, इंडी गठबंधन रहा निशाने पर

हमारी सरकार ने कागजों से 10 करोड़ फर्जी लाभार्थी हटाए

इंडी गठबंधन ने चौधरी साहब को कभी उचित सम्मान नहीं दिया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री मोदी ने मेरठ से चुनावी बिगुल फूंकते हुए कहा है कि भ्रष्टाचारी चाहे कितना बड़ा क्यों न हो, उसके खिलाफ एक्शन जरूर होगा। उन्होंने विपक्षी दल कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर लेते हुए कहा कि देश आजतक कांग्रेस और उसके साथियों के रवैये की कीमत चुका है। उसने कभी भी चौधरी चरण सिंह को वह सम्मान नहीं दिया, जिसके वे वास्तव में हकदार थे।

प्रधानमंत्री ने रविवार को लोकसभा चुनाव की प्रदेश में पहली रैली 'गौरव समारोह' में कहा कि 2014 और 2019 में भी मेरठ से ही चुनावी अभियान की शुरुआत की थी। उन्होंने क्रांतिधरा को नमन करते हुए कहा कि 10 साल में भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई शुरू हुई है। पहले ऐसी सरकार थी जिसका जन्म नहीं हुआ ऐसे लोगों के नाम पर पैसे जाते थे। ऐसे 10 करोड़ फर्जी लाभार्थी का नाम मोदी ने हटाने की हिम्मत की। ऐसा करके हमने देशवासियों के पौने तीन लाख करोड़ रुपए गलत हाथों में जाने से बचाए हैं। मैं भ्रष्टाचार पर कार्रवाई कर रहा हूं इससे कुछ लोग बौखलाए हैं, वो आपा खो बैठे हैं। मोदी का मंत्र है भ्रष्टाचार हटाओ, और वो कहते हैं भ्रष्टाचारी बचाओ। ये चुनाव इन दो खेमों की लड़ाई है। जब मोदी भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ रहा है, तो इन लोगों ने इंडी गठबंधन बना लिया है। इन्हें लगता है कि मोदी डर जाएगा। मेरे लिए मेरा भारत मेरा परिवार है।

दिल्ली के मुख्यमंत्री का नाम लिए बगैर मोदी ने कहा कि बड़े-बड़े भ्रष्टाचारी आज सलाखों के पीछे हैं। सुप्रीम कोर्ट से जमानत तक नहीं मिल रही है। इसलिए उनको कोर्ट के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। आपने टीवी पर देखा होगा कहीं बिस्तर के नीचे से, कहीं दीवारों से तो कहीं वॉशिंग मशीन से नोटों के ढेर निकल रहे हैं। मैं भ्रष्टचारियों पर सिर्फ कार्रवाई ही नहीं कर रहा, मेरी गारंटी है इन भ्रष्टाचारियों और बेइमानों ने जिनका धन लूटा है उसे मैं लौटा भी रहा हूं। हमने भ्रष्टाचारियों की संपत्ति जब्त करके 17 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा, जिनके पैसे गये थे उन्हें वापस लौटा दिया।



मेरठ में आयोजित चुनाव प्रचार रैली के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को स्मृति चिन्ह भेंट करते उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### यह चुनाव देश को तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनाने के लिए

2024 का चुनाव विकसित भारत बनाने और देश को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनाने के लिए है। बताया कि भारत जब 2014 में दुनिया में 11वें नंबर की अर्थव्यवस्था था, तब यहां चारों तरफ गरीबी थी। जब भारत पांचवें नंबर पर पहुंचा तब 25 करोड़ देशवासी गरीबी से बाहर निकलने में सफल हुए। मोदी ने गारंटी देते हुए कहा कि जब भारत दुनिया में नंबर तीन पर पहुंचेगा तो, देश में गरीबी तो दूर होगी ही साथ में एक सामर्थ्यवान, सशक्त मध्यम वर्ग देश को नई ऊर्जा देता दिखेगा।

### कच्चातिवु मामले में कांग्रेस को घेरा

प्रधानमंत्री ने बताया कि आज ही कांग्रेस का एक और देश विरोधी कारनामा देश के सामने आया है। समुद्री तट से कुछ दूर श्रीलंका और तमिलनाडु के बीच एक द्वीप कच्चातिवु है। देश आजाद हुआ तब ये हमारे पास था, लेकिन कांग्रेस ने चार-पांच दशक पहले इस द्वीप को फालतू और गैर जरूरी करार दिया और भारत से अलग कर दिया। देश कांग्रेस के रवैये की कीमत आजतक चुका रहा है। भारत के मछुआरे मछली पकड़ने के लिए समंदर में जाते हैं और जब इस द्वीप की तरफ जाते हैं तो इन्हें गिरफ्तार कर लिया जाता है। ये कांग्रेस के पाप का परिणाम है कि हमारे मछुआरे आज भी सजा भुगत रहे हैं।

### मोदी की गारंटी पर देश को भरोसा : योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह देश मोदी की गारंटी पर विश्वास करता है। जिसका मतलब 12 करोड़ किसानों के लिए पीएम किसान सम्मान निधि, चार करोड़ गरीबों को आवास, दस करोड़ गरीबों को रसोई गैस सिलेंडर, 12 करोड़ घरों में शौचालय, 80 करोड़ को फ्री राशन, 60 करोड़ को पांच लाख की स्वास्थ्य बीमा, मोदी की गारंटी से यह देश एक स्वर में बोल रहा है। फिर एक बार मोदी सरकार। यही मोदी की गारंटी है, जो कहते हैं, वो करके रहते हैं। मोदी की गारंटी पर यूपी को यकीन और भारत को भरोसा है, क्योंकि मोदी केवल सपने नहीं बुनते, हकीकत बुनते हैं, इसीलिए लोग बार-बार मोदी जी को चुनते हैं।

## भारत रत्न सम्मान



नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को पूर्व उप प्रधानमंत्री लाल कृष्ण आडवाणी को उनके आवास पर जाकर उन्हें भारत रत्न प्रदान किया। राष्ट्रपति भवन ने 'एक्स' पर कहा कि इस समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह और आडवाणी के परिवार के सदस्य मौजूद रहे। भारत रत्न प्रदान किए जाने के समय की तस्वीर सामने आने के बाद कांग्रेस ने इसे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का घोर अपमान बताया है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश का कहना है कि आडवाणी और प्रधानमंत्री मोदी कुर्सियों पर बैठे हैं जबकि राष्ट्रपति खड़े होकर भाजपा के दिग्गज नेता को प्रशस्ति पत्र सौंप रही हैं। इस समय प्रधानमंत्री को खड़ा होना चाहिए था।

# कांग्रेस को 1745 करोड़ का नया टैक्स नोटिस

नई दिल्ली, एजेंसी

- दो दिन पहले 1823 करोड़ का नोटिस भेजा था, कुल 3567 करोड़ की देनदारी निकाली

लोकसभा चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस को आयकर विभाग से एक बार फिर नया नोटिस मिला, जिसके जरिये आकलन वर्ष 2014-15 से 2016-17 तक के लिए 1,745 करोड़ रुपये के कर की मांग की गई है। सूत्रों ने के अनुसार आयकर विभाग ने कांग्रेस से अब तक कुल कुल 3,567 करोड़ रुपये के कर की मांग की जा चुकी है। वहीं दो दिन पहले आयकर विभाग ने कांग्रेस से करीब 1,823 करोड़ रुपये का भुगतान करने को कहा था।

सूत्रों के मुताबिक, ताजा नोटिस 2014-15 (663 करोड़ रुपये), 2015-16 (करीब 664 करोड़ रुपये) और 2016-17 (करीब 417 करोड़ रुपये) से संबंधित हैं। अधिकारियों ने राजनीतिक दलों को मिलने वाली कर छूट समाप्त कर दी है और पार्टी पर कर लगा दिया है। सूत्रों ने कहा कि जांच एजेंसियों द्वारा छापे के दौरान कांग्रेस के कुछ नेताओं से जब्त की गई डायरियों में की गई ''तीसरे पक्ष की प्रविष्टियों'' के लिए भी कांग्रेस पर कर लगाया गया है। मुख्य विपक्षी दल ने शुक्रवार को कहा था कि उसे आयकर विभाग से नोटिस मिला है, जिसमें करीब 1,823 करोड़ रुपये का भुगतान करने को कहा गया है। कर अधिकारियों ने पिछले वर्षों से संबंधित कर मांग के लिए पार्टी के खातों से 135 करोड़ रुपये पहले ही निकाल लिये हैं। कांग्रेस ने 135 करोड़ रुपये की कर मांग के खिलाफ अदालत का रुख किया है और इस मामले में सोमवार को उच्चतम न्यायालय में सुनवाई होने की संभावना है। पार्टी इस संबंध में आयकर अपीलीय अधिकरण और उच्च न्यायालय से कोई राहत पाने में विफल रही है।

# न सफर होगा महंगा, न बसों का बढ़ेगा किराया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- एनएचएआई ने टोल प्लाजा की नई दरें नहीं की लागू

**अमृत विचार:** आमजनों के लिए यह राहतभरी खबर है। फिलहाल पहली अप्रैल अर्थात आज से भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की ओर से टोल प्लाजा पर बढ़ाई जाने वाली नई टोल दरें लागू नहीं की गई हैं। इससे निजी और कमर्शियल वाहनों से होने वाला सफर अब महंगा नहीं होगा। इसका आमजन पर अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ेगा। टोल टैक्स में बढ़ोत्तरी होने से सरचार्ज बढ़ता और इसका असर रोडवेज बस यात्रियों के किराए पर खासतौर पर पड़ता है। दरअसल 31 मार्च की रात से टोल की नई दरें प्रभावित होनी थीं, लेकिन अपरिहार्य कारण से एनएचएआई ने बढ़ी दरें फिलहाल लागू न करने का फैसला किया है, अपराह्न सभी प्लाजा मैनेजर को लिखित आदेश जारी कर दिए गए हैं। यह जानकारी लखनऊ परिक्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक आरके त्रिपाठी ने दी। उन्होंने यह भी बताया कि फिलहाल रोडवेज बसों का किराया भी नहीं बढ़ाया गया है।

## शूटर्स की तलाश में पुलिस ने नेपाल बंगाल में डाला डेरा

रुद्रपुर/ नानकमत्ता/ खटीमा। नानकमत्ता डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह के हत्यारे अभी भी पुलिस की पकड़ में नहीं आ सके हैं। दर्जन भर से अधिक पुलिस टीमें कई राज्यों में हत्यारों की तलाश में जुटी हैं। नेपाल और बंगाल में पुलिस टीमों ने डेरा डाल रखा है। शूटर्स के विदेश भागने की आशंका से पुलिस ने लुकआउट जारी कर कनाडा दूतावास से भी संपर्क साधा गया है। वहीं उत्तराखंड एसटीएफ ने मामले में बंडा, निगोही और पीलीभीत के बिलसंडा थाना क्षेत्र से पांच संदिग्धों को हिरासत में लिया।

# खंभे से टकराई कार, चार की मौत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** कांठ थाना क्षेत्र के रसूलपुर में चालक को झपकी आने से कार खंभे से टकरा गई। जिससे एक परिवार की तीन महिलाओं समेत चार लोगों की मौत हो गई। जबकि दो लोग घायल हो गए। कार में सवार परिवार देहरादून से मुरादाबाद रिश्तेदार के यहां आ रहा था।

एसपी ग्रामीण संदीप मीणा ने बताया कि कार को परिवार का युवक चला रहा था। उसे झपकी आ गई। जिससे कार सड़क किनारे पोल से जा टकराई। वहीं मुगलपुरा थाना क्षेत्र हाथी वाला मंदिर के ज्वेलर्स राजू रस्तोगी ने बताया कि इस हादसे में मरने वाले मेरे सगे मौसेरे भाई पंकज के परिवार के लोग हैं। यह देहरादून में घंटाघर खुरबुड़ा चौकी के पास रहता है। जहां इनकी कालिका और आरती ज्वेलर्स के नाम से दो दुकान हैं। रविवार को देहरादून का बाजार बंद रहता है। इसलिए परिवार घूमने मुरादाबाद आ रहा था। हादसे में मेरे मौसेरे भाई पंकज के बेटे यश (28), यश की मां संगीता (45) और यश की बुआ आरती व उनकी बेटी आशिका (18) की मौत हो गई। जबकि अतुल व मानवी घायल हैं। हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



संगीता



यश



आशिका



आरती

- चालक को झपकी आने से रविवार सुबह हुआ हादसा, दो लोग घायल
- देहरादून से मुरादाबाद आ रहा था सराफ का परिवार

# बिना सहमति डॉक्टर ने निकाला गुर्दा 1.35 करोड़ रुपए का लगा हर्जाना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- रामा मेडिकल कालेज कानपुर में किया किडनी का ऑपरेशन

**अमृत विचार:** रामा मेडिकल कालेज हास्पिटल एंड रिसर्ज सेंटर में कन्नौज के युवक की किडनी में स्टोन का ऑपरेशन के दौरान बिना सहमति गुर्दा निकाल दिया गया। राज्य उपभोक्ता आयोग ने चिकित्सक और अस्पताल प्रबंधन पर 1.35 करोड़ का हर्जाना लगाया है।

ग्राम भगवानपुर, मकरंद नगर, कन्नौज के दीपक कुशवाहा ने पेट दर्द का उपचार कानपुर जीटी रोड रामा मेडिकल कालेज में कराया। अल्ट्रासाउंड में किडनी में स्टोन होने पर दीपक 28 जून 2013 को अस्पताल में भर्ती हुए। डॉ. प्रफुल्ल गुप्ता ने सादे कागजों पर हस्ताक्षर कराए और ऑपरेशन कर 9 जुलाई 2013 को डिस्चार्ज किया। दर्द बंद नहीं हुआ तो अस्पताल आया। अल्ट्रासाउंड से पता चला बायां गुर्दा ही नहीं है। पुलिस के रिपोर्ट दर्ज नहीं करने पर कोर्ट गए। सीएमओ कार्यालय बुलाकर केस वापसी का दबाव बनाया गया। दीपक ने राज्य उपभोक्ता आयोग में वाद दायर किया। सुनवाई प्रिसाइडिंग जज राजेंद्र सिंह ने की तो गुर्दा निकालना पाया, इसके लिए सहमति पत्र नहीं लिया गया। चिकित्सक ने मेडिकल काउंसिल आफ इंडिया के नियमों का उल्लंघन किया है। आयोग ने 50 लाख सेवा में कमी, मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना पर 35 लाख, गलत उपचार और बिना सहमति गुर्दा निकालना पर 50 लाख व 20 हजार का हर्जाना लगाया है। जो चिकित्सक व अस्पताल प्रबंधन मिलकर आपरेशन की तारीख से 12 प्रतिशत ब्याज के साथ 30 दिन के अंदर दीपक को अदा करेंगा। ऐसा न करने पर 15 प्रतिशत ब्याज के साथ रुपये देने होंगे।

स्वरोजगार

गायों का संरक्षण कर बेच रहे दूध, किसान के साथ कई को रोजगार

# विदेश में की पढ़ाई, देश में गायों के दूध से कर रहे कमाई

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ के भरवारा लोनापुर के रहने वाले प्रवीण मिश्रा और उनके बड़े भाई पंकज को विदेश रास नहीं आया। दोनों ने वापस आकर डेयरी में कॅरियर बनाया। 2010 में प्रवीण ने लंदन में बैंकिंग की पढ़ाई कर इंग्लैंड में नौकरी की, जबकि पंकज ने हैदराबाद से एमबीए और बर्मिंघम में आईटी की पढ़ाई की लेकिन, दोनों भाइयों का ध्यान वहां के खानपान की गुणवत्ता और शुद्धता पर रहा। जिसे बारीकी से समझा, इसमें खासकर दूध को लेकर सोचा की क्यों न हम भी स्वदेश में लोगों को गायों का शुद्ध दूध उपलब्ध कराएं। यही संकल्प से दोनों 2016 में पिता वीरेंद्र के साथ देशी गायों की डेयरी लगाकर घर-घर दूध पहुंचाने लगे। इससे जहां देशी गायों का संरक्षण किया तो 50 लोगों को रोजगार दिया। साथ ही पेय अमृत फार्मर प्रड्यूसर से 200 पशु पालक को जोड़कर उन्हें भी राह दिखाई है। पंकज और प्रवीण को प्रगतिशील गोपालक के रूप में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तीन बार सम्मानित कर चुके हैं।





पिता वीरेंद्र के साथ बेटे पंकज और प्रवीण

### हर माह कमाते 2.50 लाख

दोनों ने 25 गाय से डेयरी शुरू की थी। वर्तमान में साहीवाल व गिर प्रजाति की 120 गाय से रोजाना 700 लीटर दूध उत्पादन करते हैं और एक ब्रांड देकर कांच की शीशी में डिलीवरी करते हैं। इनका 100 फीसद शुद्ध दूध होने का दावा है तो करीब 700 लोग खरीदने वाले भी संतुष्ट हैं। दूध की कीमत 80 रुपये प्रति लीटर है। इससे हर माह 2 .50 लाख रुपये तक कमाते हैं। इनका राष्ट्रीय गोकुल मिशन योजना में चयन हुआ है। जो 200 देशी गाय की इकाई लगाएंगे।

### आपूर्ति के हिसाब से 10 फीसद डेयरी नहीं

प्रवीण बताते हैं कि बच्चों के लिए शुद्ध दूध बेहद जरूरी है। लेकिन, आपूर्ति के हिसाब से शुद्ध दूध की 10 फीसद डेयरियां नहीं हैं। जबकि विदेश में दूध से लेकर हर खाद्य पदार्थ मानक और गुणवत्ता से 100 फीसद शुद्ध है। वह भी बचपन में जब दूध पीते थे तो शुद्ध न होने के कारण पचता नहीं था। लोग अधिक मुनाफा के लिए मिलावट तो करते हैं साथ ही रासायनिक उर्वरकों का चारा गोवंशों को खिलाते हैं। जबकि वह अपनी गायों को फार्म हाउस में प्राकृतिक खेती से चारा उगाकर खिलाते हैं।



**रमजान मुबारक**

**1 मार्च, इफ्तार**
सुन्नी- 6 बजकर 36 मिनट
शिया- 6 बजकर 43 मिनट

**2 अप्रैल सहरी**
सुन्नी- 4 बजकर 26 मिनट
शिया- 4 बजकर 32 मिनट

**नोट-** क्षेत्रानुसार सहरी और इफ्तार के समय में परिवर्तन हो सकता है।






### मस्जिद के किसी कोने में बैठकर होती है सिर्फ यादे इलाही, इबादत के अलावा नहीं की जाती फालतू बात

# आखिरी अशरे में होती है एतिकाफ में बैठकर इबादत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** रमजान के तीसरे अशरे (आखिरी 10 दिन) में लोग एतिकाफ में बैठते हैं और दुनियावी चीजों से खुद को अलग करके दिन-रात सिर्फ अल्लाह की इबादत करते हैं। एतिकाफ के लिए पुरुष मस्जिदों में पर्दा लगाकर बैठते हैं, जबकि महिलाएं घर के किसी कोने में पर्दा लगाकर बैठती हैं और यादे इलाही में मशगूल रहती हैं।

काजी-ए-शहर मौलाना सैयद खुशनूद मियां बताते हैं कि हदीस में लिखा है कि रमजान में नबी ए करीम मोहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहो अलैही वसल्लम भी एतिकाफ में बैठा करते थे। एतिकाफ में बैठकर इबादत करने वाले लोगों के सभी गुनाहों को अल्लाह माफ कर देता है और उनकी हर जायज दुआ को पूरा करता है। एतिकाफ में बैठने वालों पर अल्लाह की रहमत बरसती है। 20वें रोजे को असर-मगरिब की अजान के बीच एतिकाफ में बैठते हैं और आखिरी रोजे (29 या 30) को ईद का चांद दिखने पर निकलते हैं। एतिकाफ के दौरान एक ही जगह खाते-पीते, उठते-बैठते और सोते-जागते हैं और नमाज-कुरआन पढ़कर अल्लाह की इबादत करते हैं। तरावीह पढ़ते हैं यानि खुद को हर चीज से दूर करके सिर्फ अल्लाह की इबादत में लगे रहते हैं।

**इन चीजों से बचें एतिकाफ में बैठने वाले**

● एतिकाफ में बैठने वाला शख्स बिना किसी अहम वजह के अपनी जगह से उठकर पर्दे के बाहर न निकले। ● एतिकाफ के दौरान लड़ाई-झगड़ा करने या किसी की बुराई करने से एतिकाफ का सवाब नहीं मिलता है। ● एतिकाफ में बैठने वाले शख्स को मोबाइल और इंटरनेट से दूरी बनाकर अपना पूरा समय सिर्फ इबादत में लगाना चाहिए।



रमजान के तीसरे अशरे में इबादत के लिए लोग एतिकाफ में बैठते हैं। एतिकाफ में बैठकर कुरआन मजीद की तिलावत और नमाज अदा करते रहें। किसी की चुगली, गीबत और फालतू बातें न करें। अपना पूरा वक्त अल्लाह की इबादत में ही गुजारें।

**- मौलाना सैयद खुशनूद मियां, काजी-ए-शहर**

**▸▸ 20वें रोजे को असर-मगरिब की अजान के बीच एतिकाफ में बैठते हैं लोग**

**एतिकाफ में तीन तरह से बैठते हैं लोग**

**सुन्नत :** रमजान के आखिरी अशरे के 10 दिनों में एतिकाफ में बैठना इस्लाम में सुन्नत बताया गया है।

**नफिल :** साल में किसी भी दिन या रात में एतिकाफ में बैठना नफिल एतिकाफ कहलाता है। हालांकि, यह लोगों की मर्जी पर निर्भर करता है कि उन्हें एतिकाफ में बैठना है या नहीं।

**वाजिब :** अगर किसी शख्स ने एतिकाफ में बैठने की नीयत की है तो उसके लिए एतिकाफ में बैठना वाजिब हो जाता है।

## संचारी रोगों से बचाव के लिए आज निकाली जाएगी रैली

**रामपुर, अमृत विचार :** ग्रीष्म ऋतु होने के चलते संचारी रोग फैलने की आशंका भी बढ़ गई है। इसके चलते स्वास्थ्य विभाग की ओर से लोगों को संचारी रोग से बचाव और उपचार के प्रति जागरूक करने के लिए शहर में सोमवार को रैली निकाली जाएगी।

सीएमओ डा. एसपी सिंह ने बताया कि गर्मी का प्रकोप बढ़ रहा है।

ऐसी स्थिति में खान-पान पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। इसके अलावा चूहा और छछूंदर संचारी रोग फैलाने में सबसे बड़े सहायक होते है। घरों में इन पर नियंत्रण होना अति आवश्यक है। रैली में जनपद के पांच सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के प्रभारी, चीफ फार्मासिस्ट, फार्मासिस्ट शामिल रहेंगे।

# सरकारी स्कूलों का समय बदला अब आठ से दो बजे तक खुलेंगे

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** सोमवार से सभी परिषदीय विद्यालय खुलने और बंद होने का समय बदल जाएगा। एक अप्रैल से सुबह आठ बजे से स्कूल खुलेंगे, जबकि दिन में दो बजे छुट्टी की जाएगी। इस दौरान स्कूलों में लंच का समय भी होगा। ताकि विद्यार्थी भोजन, पानी के साथ ही मनोरंजन भी कर सकें। जिले में 1599 सरकारी स्कूलों में बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।

सर्दी की वजह से सरकारी स्कूलों का समय अक्टूबर में सुबह नौ से तीन बजे तक कर दिया गया था। ताकि कोहरे के समय बच्चों को किसी प्रकार की समस्या न हो सके। मार्च से मौसम बदल गया है।

स्कूलों का नया सत्र भी एक अप्रैल से शुरू हो रहा है। गर्मी दस्तक देने लगी है। अपराह्न तीन बजे तक स्कूलों में रहने पर बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

नौ बजे तक धूप काफी तेज हो जाती है। बेसिक शिक्षाधिकारी संजीव कुमार ने बताया कि एक अप्रैल से सुबह आठ बजे स्कूल खुलेंगे। जबकि दो बजे अवकाश होगा।

**22 शिक्षक हुए सेवानिवृत**

जिले के सरकारी स्कूलों में बच्चों को शिक्षा दे रहे 22 शिक्षक सेवानिवृत हो गए। अब उनके स्थान पर हेड मास्टर के जूनियर रहे शिक्षकों को चार्ज मिल जाएगा। सेवानिवृत हुए सभी शिक्षकों की विदाई के दौरान स्कूलों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बच्चों ने फूल मालाओं से उनका स्वागत किया।

# चीनी मिल चलने से आ सकती है जिले में खुशहाली

## आर्थिक मदद का इंतजार कर रही 24 साल से बंद पड़ी चीनी मिल, माननीय खामोश


कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** बेरोजगारी चरम पर है और रामपुरी की चीनी मिल चलवाने की बावत माननीय कुछ नहीं बोल रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने रामपुर की जनता से वादा किया था कि रुद्र-बिलासपुर चीनी मिल की पेराई क्षमता बढ़ाई जाएगी और रामपुर चीनी मिल चालू होगी। लेकिन चीनी मिलों की स्थिति जस की तस है। जबकि, 24 साल से बंद रामपुर चीनी मिल आर्थिक मदद की बाट जोह रही है।

उत्तर प्रदेश राज्य चीनी एवं गन्ना विकास निगम की रामपुर इकाई 24 साल से बंद है। विधानसभा उपचुनाव और लोकसभा उपचुनाव के दौरान मुख्यमंत्री और राज्यमंत्री ने जनता से वादा किया था कि रामपुर चीनी मिल चलवाई जाएगी। इसके अलावा रुद्र-बिलास चीनी मिल की पेराई क्षमता भी बढ़वाएंगे। विधानसभा उपचुनाव और लोकसभा उपचुनाव में भाजपा के नुमाइंदे चुन लिए गए और जनता से किए तमाम वादे ठंडे बस्ते में चले गए। चीनी मिल चालू होने पर हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा। जब यह चीनी मिल बंद हुई तब इसमें 2500 कर्मचारी काम करते थे। चलने की आस में करीब 24 साल से बंद पड़ी चीनी मिल की मशीनें गल चुकी हैं। इमारत भी जर्जर हो गई है। चीनी मिल की कीमती जमीनों पर भू-माफिया का कब्जा हो रहा है। मिल आबादी के बीच आ गई है।

इसकी वजह से इसका रकबा बहुत कीमती हो गया है। जानकारों की माने तो चीनी मिल का रकबा आरडीए या आवास विकास को बेचकर आबादी के बाहर जगह लेकर आसानी से चीनी मिल लग सकती है।

इसके अलावा दूसरी चीनी मिल रजा बुलंद शुगर मिल को भी चलाया जा सकता है। यह मिल भी बंद पड़ी है और आबादी के बाहर है।




24 वर्ष से बंद पड़ी रामपुर की चीनी मिल। ● अमृत विचार



चीनी मिल चालू होने से हजारों लोगों को रोजगार मिल सकता है। इस मिल की जमीन आबादी के बीच आने के बाद बहुत कीमती हो गई है। जमीन को बेचकर नई चीनी मिल लग सकती है। रजा बुलंद शुगर मिल को भी चलाया जा सकता है।

**- कश्मीर सिंह**



जिले में बंद पड़ी दोनों चीनी मिलों को चलाना बेरोजगारी दूर करने का आसान तरीका है। इससे काफी लोगों को रोजगार मिलेगा और रामपुर में खुशहाली आएगी। जनप्रतिनिधियों को इस ओर ध्यान देना चाहिए।

**- बाबू खान**



उत्तर प्रदेश राज्य चीनी एवं गन्ना विकास निगम की इकाई को चलाया जा सकता है। चीनी मिल के चलने से हजारों लोगों को नौकरी और सैकड़ों लोगों को रोजगार मिल सकता है। इससे जनपद में खुशहाली आएगी।

**- प्रमोद चंद्रा**



रामपुर चीनी मिल की इमारत की मरम्मत कराकर और बायलर बदलवाकर काम चलाया जा सकता है। लेकिन, जनप्रतिनिधि इस ओर ध्यान नहीं देते। जिसके कारण चीनी मिल के चलने का काम सालों से अधर में लटका है।

**- नीटू अरोड़ा**

**चीनी मिल की 12 हेक्टेयर जमीन पर अवैध कब्जा**

चीनी मिल प्रशासन ने 2015 में अपनी रिपोर्ट में खुलासा किया था कि मिल की 12 हेक्टेयर जमीन पर अवैध कब्जा है। इसके साथ ही 22 हेक्टेयर जमीन चीनी मिल के लिए अनुपयोगी है। यदि इस जमीन को सरकार बेच दे और उससे मिलने वाली करीब 250 करोड़ रुपये की राशि मिल को चालू करने में लगा दी जाए तो इस मिल को चालू किया जा सकता है। चीनी मिल के विशेषज्ञों की टीम ने प्रशासन को सौंपी रिपोर्ट में साफ कहा है कि मिल की संपत्ति का सबसे बेहतर उपयोग सीधे तौर पर मिल को चालू कराकर ही किया जा सकता है।

2500 डीसीबी का प्लांट लगाकर चीनी मिल को पुनः चालू कराया जा सकता है। 500 करोड़ रुपये खर्च करने पर चीनी मिल चालू हो सकती है। मिल में एथेनॉल और बिजली भी बनाई जा सकती है, इससे सरकार को बहुत लाभ मिलेगा। सरकार जैसा आदेश करेगी वैसा किया जाएगा। छाता में चीनी मिल का नया प्लांट लगाने की प्रक्रिया चल रही है।

**-लखन लाल**
प्रबंधक, चीनी मिल, रामपुर

## पुलिस लाइन में दी तीन दरोगाओं को विदाई

**रामपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पुलिस सेवा से सेवानिवृत होने पर पुलिस लाइन में स्थित सभागार कक्ष में रविवार को विदाई समारोह हुआ। इसमें प्रतिसार निरीक्षक हरेंद्र सिंह ने सभी को छाता, शॉल आदि देकर उनके अच्छे स्वास्थ्य एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।

दरोगा सरोज कुमार दीक्षित आठवीं वाहिनी पीएसी बरेली में आरक्षी के पद पर नियुक्त हुए थे। पूर्ण सेवा काल के दौरान आठ स्थानों पर सेवाएं दीं। इस दौरान 10 नकद पुरस्कार एवं 10 उत्तम प्रविष्टि मिलीं। वर्तमान तैनाती थाना मिलक में थी। इसके अलावा दरोगा चंद्रपाल पुलिस लाइन फतेहगढ़ में आरक्षी के पद पर नियुक्त हुए थे। सेवा काल के दौरान पांच स्थानों पर सेवायें दीं। सेवा काल में 15 नकद पुरस्कार एवं 20 उत्तम प्रविष्टि मिलीं। वह न्यायालय सुरक्षा में तैनात थे। दरोगा मनवीर सिंह 27वीं वाहिनी सीतापुर में आरक्षी के पद पर नियुक्त हुए थे। इस दौरान पांच स्थानों पर सेवाएं दीं। सेवा काल में 10 नकद पुरस्कार एवं 15 उत्तम प्रविष्टि मिलीं। वह थाना केमरी में तैनात थे।

**'अमृत विचार' आपके साथ**

आप हमें भेजना चाहते हैं कोई जानकारी या प्रकाशित कराना चाहते हैं कोई समस्या तो व्हाट्सएप करें 7906636232 या amritvichar.rampur@gmail.com पर हमें ई-मेल करें। हम आपकी बात को आपके नाम के साथ प्रकाशित करेंगे। कार्यक्रमों की सूचना भी भेज सकते हैं। अमृत विचार कार्यालय, जिला पंचायत भवन प्रथम तल रामपुर उ.प्र.

**शहर में आज**



☞ भमरौआ मंदिर में भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना प्रातः 5:30 बजे।

☞ लोकसभा चुनाव को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक दोपहर 12:30 बजे।

**एक नजर**

**मार्च में बिजली निगम में जमा हुआ 14 करोड़ रुपये का राजस्व**

**रामपुर, अमृत विचार :** बिजली निगम में मार्च के अंतिम दिन तक 14 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ है। इसके साथ ही आचार संहिता लगने से बिजली योजनाओं के काम भी रोक दिए गए हैं। लोकसभा चुनाव होने बाद काम शुरू किए जा सकेंगे। एक्सईएन प्रथम इमरान खां ने बताया कि मार्च में कामों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। वित्तीय वर्ष में 14 करोड़ रुपये की वसूली की गई है। उन्होंने बताया कि आचार संहिता लगने के बाद बिजली योजनाओं के कोई भी नए कार्य नहीं किए जाएंगे। पुरानी योजनाएं चल रही हैं। उन पर कार्य होते रहेंगे।

# कूड़ा कलेक्शन के लिए तय नहीं हो सके यूजर चार्ज, लोग परेशान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** कूड़ा कलेक्शन के लिए नगर पालिका की ओर से अभी तक यूजर चार्ज तय नहीं किए गए हैं। इसके लिए कंपनी का टेंडर भी नहीं निकाला गया है। कूड़ा कलेक्शन व्यवस्था ठीक न होने से लोग परेशान हैं।

नगर पालिका परिषद के 43 वार्ड हैं। इन वार्डों से प्रतिदिन 171 टन कचरा उठान किया जाता है। इसके लिए पालिका के 50 से अधिक वाहन लगे हैं। दो साल से वार्डों की शिकायतें आ रही हैं कि यहां वाहन नहीं जा रहे हैं। इससे उनके मोहल्लों में कचरा पड़ा रहता है। इससे लोगों को परेशानी होती है।

नगर पालिका ने सितंबर 2023 में निर्देश दिए थे कि कूड़ा कलेक्शन व्यवस्था निजी हाथों में जाएगी। अभी तक नगर पालिका कोई कंपनी तय नहीं कर पाई है। इससे विभिन्न वार्डों में गंदगी की शिकायत आ रही है। अधिशासी अधिकारी दुर्गेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि कूड़ा कलेक्शन के लिए कंपनी की तलाश की जा रही है। साफ-सफाई के लिए निर्देश दिए जा चुके हैं। पालिका की टीमें सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने में जुटी हैं।

**पीलीभीत की कंपनी से हो चुकी है वार्ता**

वर्ष 2023 में तत्कालीन ईओ अवनीश कुमार के कार्यकाल में कूड़ा कलेक्शन व्यवस्था के लिए पीलीभीत की कंपनी से बात हुई थी। पालिका के अधिकारियों ने कंपनी के लोगों से कहा था कि इस समय शहर में 171 टन कचरा उठाया जाता है। इसमें पालिका कर्मी 50 रुपये शुल्क लेकर कचरा उठाते हैं। इस पर कंपनी ने सहमति दे दी। लेकिन जब यूजर चार्ज की बात आई तो कंपनी द्वारा कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया।

**▸▸ 43 वार्डों से प्रतिदिन निकलता है 171 टन कचरा**

**▸▸ कूड़ा कलेक्शन के लिए की जा रही है कंपनी की तलाश**

# सरकारी स्कूलों के शिक्षक भी मोबाइल पर लगा रहे स्टेटस

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** एक अप्रैल से नए सत्र की शुरूआत हो रही है। इसे देखते हुए इंग्लिश मीडियम स्कूलों में बच्चों के दाखिले शुरू हो गए हैं। इसमें अब सरकारी स्कूलों के शिक्षक भी पीछे नहीं हैं। वह भी अपने मोबाइल पर स्टेटस लगाकर ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को स्कूल में दाखिल कराने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। स्कूल में दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में भी बताया जा रहा है।

स्कूली बच्चों को 2023-24 सत्र में रिपोर्ट कार्ड बांट दिए हैं। इंग्लिश मीडियम स्कूलों की तरह अब सरकारी स्कूलों में भी 2024-25 सत्र के दाखिले शुरू हो गए हैं। इंग्लिश मीडियम स्कूलों के बच्चों का एडमीशन कराने के लिए स्कूल के संचालक नए-नए तरीके अपना रहे हैं। लेकिन इन स्कूलों को मात देने के लिए अब सरकारी स्कूलों के शिक्षक भी पीछे नहीं हैं। वह भी इंग्लिश मीडियम स्कूल की तर्ज पर पंफलेट बनाकर उनके मोबाइल के स्टेटस पर लगा रहे हैं, ताकि अभिभावक इन स्टेटस को देखकर बच्चों का दाखिला सरकारी स्कूलों में कराएं। इनमें शिक्षा ऐसी सीढ़ी है जिससे चलती पीढ़ी है जैसे स्लोगन भी लिखे जा रहे हैं। इसके अलावा स्कूलों में मिलने वाली सुविधाओं निशुल्क पुस्तकालय, पौष्टिक भोजन, खेल का मैदान आदि के बारे में भी बताया जा रहा है।



स्कूल में अभिभावकों को सम्मानित करतीं शिक्षिका। ● अमृत विचार

**▸▸ एक अप्रैल से नया सत्र शुरू होने पर किए जाएंगे बच्चों के प्रवेश**



नए सत्र की एक अप्रैल से शुरूआत हो रही है। शासन के आदेशानुसार स्कूल में प्रवेश के लिए बच्चों व अभिभावकों को जागरूक किया जा रहा है। ताकि ज्यादा से ज्यादा बच्चे दाखिला ले सके।

**- रेनू सिंह, शिक्षिका**



31 मार्च तक सभी छात्र-छात्राओं को रिपोर्ट कार्ड बांट दिए गए थे। एक अप्रैल से नए सत्र की शुरूआत हो रही है। इसमें ज्यादा से ज्यादा बच्चों का दाखिला कराने का प्रयास रहेगा।

**- सुमन सिंह, शिक्षिका**

**खुशखबरी** योजना में एक गर्ल्स इंटर कॉलेज और पांच प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक स्कूल शामिल

# पीएम श्री योजना में छह स्कूलों का हुआ चयन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** पीएमश्री योजना के द्वितीय चरण में जिले के छह स्कूलों का चयन हो गया है। अब इन स्कूलों को अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त किया जाएगा। ताकि किसी भी बच्चे को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इसका बच्चों को पढ़ाई में फायदा भी मिलेगा। इसे लेकर विभाग सक्रिय हो गया है। जल्द ही रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी।

प्रधानमंत्री स्कूल फार राइजिंग इंडिया (पीएम श्री) के तहत दूसरे चरण की सूची कुछ दिनों पहले ही जारी की गई थी। इसमें प्रदेश के 782 स्कूलों का चयन किया गया था। चयनित विद्यालयों में 727 परिषदीय और 55 माध्यमिक स्कूल शामिल हैं। इन विद्यालयों का चयन आनलाइन चैलेंज के माध्यम से किया गया था। सूची में जिले के छह स्कूल भी शामिल किए गए हैं। इसके तहत जिले के राजकीय खुर्शीद कन्या इंटर कॉलेज, पीएस निपिनिया, यूपीएस बिशारत नगर, यूपीएस रवेड़ी कलां, यूपीएस सींगनखेड़ा और यूपीएस नया गांव को शामिल किया गया है। चयनित विद्यालयों को उच्चीकृत करने के लिए 15 अप्रैल तक इन स्कूलों से संबंधित जानकारी मांगी गई है।




पीएमश्री योजना में चयनित राजकीय खुर्शीद कन्या इंटर कॉलेज। ● अमृत विचार

पीएम श्री योजना में छह स्कूलों का चयन हुआ है। इनमें पांच सरकारी और एक गर्ल्स इंटर कॉलेज शामिल है। इनकी रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी।

**-राहुल कुमार, डीसी निर्माण**

**यह सुविधाएं मिलेंगी**

पीएम श्री योजना के तहत चयनित किए गए जिले के छह स्कूलों में स्मार्ट क्लास, डिजिटल लाइब्रेरी, विज्ञान प्रयोगशाला, कंप्यूटर लैब, बाल वाटिका अतिरिक्त कक्ष, फर्नीचर उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके अलावा विद्यालय में दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए अलग शौचालय की व्यवस्था कराई जाएगी।

**यह है पीएमश्री योजना**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिक्षण व्यवस्था में सुधार के लिए 2022 में पीएम श्री योजना की शुरूआत की थी। इसके अंतर्गत चुने गए स्कूलों में अत्याधुनिक लैब, कंप्यूटर शिक्षा, लाइब्रेरी, खेलकूद और प्रतिभाओं को निखारने के लिए उपकरण और प्रशिक्षक दिए जाएंगे। इसमें आने वाला सारा खर्चा केंद्र सरकार उठाएगी।

# सपा प्रत्याशी को नहीं मिल रहा अपनों का समर्थन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी में दो गुट होते हुए नजर आ रहे हैं। इसे साफ तौर पर देखा जा सकता है कि सपा प्रत्याशी मोहिब्बुलाह नदवी के साथ सपा के जिलाध्यक्ष अजय सागर, शहर अध्यक्ष आसिम राजा या फिर चमरौआ के विधायक कोई भी उनके साथ नजर नहीं आ रहा है। क्योंकि यह पूर्व मंत्री आजम खां का खेमा है। इससे साफ जाहिर है कि यह लोग सपा के मोहिब्बुलाह नदवी को अपना प्रत्याशी नहीं मान रहे हैं। आजम खां के इशारे पर जिलाध्यक्ष अजय सागर ने आसिम राजा का नामांकन पत्र दाखिल कराया था। लेकिन पार्टी सिंबल नहीं मिलने पर उनका नामांकन पत्र निरस्त हो गया। सोशल मीडिया पर रामपुर लोकसभा सीट सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के लिए सिर दर्द बताई जा रही है।

जिले में 19 अप्रैल को मतदान होना है। इसके लिए मैदान में छह प्रत्याशी ताल ठोंक रहे हैं। इनमें भारतीय जनता पार्टी से सांसद घनश्याम सिंह लोधी, बसपा से जीशान खां और सपा से मोहिब्बुलाह नदवी को प्रत्याशी बनाया गया है। जेल में बंद आजम खां के करीबी आसिम राजा का पर्चा खारिज हो चुका है। दो दिन से मोहिब्बुलाह नदवी घर-घर जाकर लोगों से वोट देने की अपील कर रहे हैं। लेकिन इन दो दिन में जिलाध्यक्ष अजय सागर से लेकर कोई भी सपा का कार्यकर्ता इनके साथ नहीं है। इससे साफ है कि यह लोग मोहिब्बुलाह नदवी को अपना प्रत्याशी नहीं मान रहे हैं। ऐसे में आजम खां के खेमे को अपने समर्थन में लाना सपा प्रत्याशी के लिए चुनौती बन चुका है। इतना ही नहीं अब सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को भी इस सीट को जिताना चुनौती बन गया है। जबकि, सोशल मीडिया पर रामपुर सीट को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए सिर दर्द बताया जा रहा है।

**जेल में रहकर एमएलए का चुनाव जीत चुके हैं आजम**

सपा नेता आजम खां जेल में रहते हुए सपा से शहर विधायक का चुनाव जीत चुके हैं। किसी समय में पार्टी उनकी किसी बात को नहीं टालती थी। लेकिन आज आजम खां से मिलने के लिए बहुत कम लोग जा रहे हैं। आजम खां ने मुलायम सिंह यादव का जन्मदिन जौहर विवि में मनाया था। उनके लिए विक्टोरिया बग्गी मंगाई थी। लेकिन अब समय बदल चुका है। अब आजम खां के कहने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपुर से लोक सभा चुनाव तक नहीं लड़े।

**▸▸ सोशल मीडिया पर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए सिर दर्द कही जा रही रामपुर लोकसभा सीट**

## पार्टी में लगातार घट रहा आजम खां का कद

**रामपुर, अमृत विचार :** सपा मुखिया मुलायम सिंह यादव के कार्यकाल में सपा नेता आजम खां उनके साथ कदम से कदम मिलाकर चलते थे। लेकिन ऐसा लग रहा है कि उनकी मौत के बाद आजम खां का कद सपा में लगातार कम होता जा रहा है। पहले आजम खां के फैसले लेने में सपा मुखिया मुलायम सिंह हो या अखिलेश यादव कोई भी हस्तक्षेप नहीं करता था। लेकिन अब काफी समय बाद अखिलेश यादव उनसे मिलने सीतापुर जेल गए थे। इसके बाद उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष को रामपुर से लोकसभा चुनाव लड़ने का न्योता दिया था। इसके बाद से राजनीति में भूचाल आ गया था। आखिरकार 27 मार्च को राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मोहिब्बुलाह नदवी का नामांकन कराने के लिए प्लेन से पार्टी का चिन्ह भेजा था। जबकि आजम खां के करीबी आसिम राजा ने भी नामांकन कराया था। पार्टी का सिंबल नहीं होने के कारण उनका पर्चा खारिज हो गया। इससे ऐसा लग रहा है कि मुलायम सिंह की मौत के बाद आजम खां का कद सपा में कम हो रहा है।

# सपा और कांग्रेस एक्सपायरी डेट वाली राजनीतिक पार्टियां : केशव

## मसवासी में हुए बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचे उपमुख्यमंत्री, कार्यकर्ताओं में भरा जोश, बोले रामपुर सीट जीतने का अलग ही स्वाद

संवाददाता, रामपुर/मसवासी

**अमृत विचार :** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सपा और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि यह दोनों ही राजनीतिक पार्टियां एक्सपायरी डेट हैं। कहा कि समाजवादी पार्टी अब समाप्तवादी पार्टी हो गई है। सपा को तो प्रत्याशी ही नहीं मिल रहे हैं। समाजवादी और कांग्रेस अब बीमार हो गई है। जबकि, भाजपा पूर्ण रूप से स्वस्थ है। लोग बेसब्री से कमल के फूल का बटन दबाने का इंतजार कर रहे हैं।

रविवार को मसवासी में बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भाजपा की योजनाओं को गिनाते हुए कहा कि मोदी और योगी की डबल इंजन वाली सरकार से प्रदेश का बहुत भला हुआ है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने रामपुर जनपद से सांसद घनश्याम सिंह लोधी को प्रत्याशी बनाया गया



उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का स्वागत करते भाजपाई। ● अमृत विचार



भाषण के दौरान सांसद घनश्याम सिंह लोधी का हाथ उठाकर लोगों से वोट देने की अपील करते उपमुख्यमंत्री। ● अमृत विचार

है। कहा कि रामपुर की जीत का स्वाद ही अलग है। रविवार को दोपहर करीब 12 बजे मसवासी में बने हेलीपैड पर उप मुख्यमंत्री का हेलीकाप्टर उतरा। इसके बाद वह कार से कान्हा गोशाला के पास स्थित कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। यहां पदाधिकारियों ने उनका फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने कहा कि जनता को विकास चाहिए, गुंडागर्दी या भ्रष्टाचार नहीं चाहिए। अब उत्तर प्रदेश बदल रहा है। गरीबों को जनकल्याणकारी योजनाओं का पूर्ण लाभ मिल रहा है। भाजपा का नारा सबका साथ सबका विकास पूर्ण रूप से सही साबित हो रहा है। जनता को डराने-धमकाने का काम सपा सरकार में हुआ है। भाजपा ने केवल विकास को ही महत्व दिया है। भाजपा सरकार गुंडागर्दी से मुक्त करके रामपुर, प्रदेश और देश को मोदी के नेतृत्व में योगी आदित्यनाथ विकास के पथ पर आगे ले जाने का काम कर रहे हैं। किसान सम्मान निधि, गरीबों को मुफ्त राशन, आयुष्मान कार्ड से पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज भाजपा सरकार ने बिना भेदभाव हर वर्ग के लोगों को दिया। समस्त बूथ अध्यक्षों एवं पन्ना प्रमुखों को संबोधित किया। कहा कि सभी कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी की रीढ़ की हड्डी हैं। हमारा सबसे मजबूत कार्यकर्ता बूथ का अध्यक्ष होता है। अगर हमारा बूथ जीता है, तभी हम चुनाव में जीतते हैं। अपने पन्ना प्रमुखों को कहना चाहूंगा कि आप सभी को अपने क्षेत्र के मतदाताओं को घर से निकलना है। समय से मतदान करना है। आप ही पर यह जिम्मेदारी है कि कोई भी मतदाता मतदान करने से छूटना नहीं चाहिए। हम भारी मतों से रामपुर लोकसभा की सीट जीतेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य जो हम लोगों ने लिया है वह भी निश्चित पूरा करेंगे। हम अपने यूपी की 80 की 80 सीट जीतकर नरेंद्र मोदी के दिए हुए 400 प्लस के लक्ष्य को प्राप्त करेंगे। सम्मेलन में स्वार विधानसभा के समस्त बूथ अध्यक्ष, बूथ समिति के पदाधिकारी, पन्ना प्रमुख, सेक्टर संयोजक, सेक्टर प्रभारी तथा चुनाव प्रभारी मौजूद रहे। उपमुख्यमंत्री मसवासी में करीब 45 मिनट रुके।

### यह लोग रहे मौजूद

एमएलसी हरि सिंह ढिल्लो, मंजू दिलेर, जिला प्रभारी राजा वर्मा, जिला अध्यक्ष हंसराज पप्पू, राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, सांसद प्रत्याशी घनश्याम सिंह लोधी, विधायक राजबाला, शहर विधायक आकाश सक्सेना, स्वार विधायक शफीक अहमद अंसारी, संयोजक सुरेश गंगवार, डॉ. महेश कुमार मौर्य, सहसंयोजक मोहनलाल सैनी, राजकुमार चौहान, महेंद्र सैनी, महेश मौर्य, जिला मीडिया प्रभारी अर्जुन रस्तोगी, पूर्व चेयरमैन हरिओम मोर्य, पवन शर्मा, देवेंद्र दिवाकर, पवन कुमार, रोहतास सिंह, लक्ष्मी नारायण, दीपचंद गोयल, योगेश सैनी, लक्ष्मी सैनी, रवि रुहेला, समर सिंह चौहान, महेंद्र मौर्य, दीप गोयल, मदन चौहान, लक्ष्मी सैनी, दिनेश गोयल, डॉली रंधावा व अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### एक नजर

#### पुलिस ने शराब के साथ दो आरोपी पकड़े

**रामपुर, अमृत विचार :** गंज पुलिस ने शराब के साथ दो आरोपियों को पकड़ कर चालान कर दिया। पुलिस ने छिद्दा निवासी ग्राम केसरपुर को निर्माणाधीन अंडरपास के पास से 8 पीएम मार्का शराब के 24 क्वाटर के साथ गिरफ्तार किया है। इसके अलावा नाजिम निवासी केसरपुर थाना गंज को स्वार बस अड्डा तिराहे के पास से किंगफिशर मार्का 20 कैन बीयर के साथ गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर चालान कर दिया गया है।

#### 325 ग्राम चरस के साथ युवक गिरफ्तार

**रामपुर, अमृत विचार :** भोट पुलिस ने एक युवक को 325 ग्राम चरस के साथ पकड़ लिया। पुलिस ने उसका चालान कर दिया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर जाफर निवासी ग्राम मिलक तहव्वर थाना पटवाई को 325 ग्राम चरस के साथ ग्राम कोयली को जाने वाले रास्ते पर बने देशी शराब की दुकान के पास हाईवे पर सड़क पुख्ता से गिरफ्तार किया। भोट पुलिस ने उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर लिया। इसके बाद उसका चालान कर दिया।

# फैशन डिजाइनर से सामूहिक दुष्कर्म करने का एक और आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- फरार चल रहे जिला पंचायत सदस्य समेत अन्य आरोपियों की तलाश जारी

**अमृत विचार :** मुंबई की फैशन डिजाइनर से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे एक और आरोपी को पुलिस ने रविवार को पकड़ लिया। भांजी से सामूहिक दुष्कर्म करने में जिला पंचायत सदस्य सहित अन्य आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है।

शहजादनगर थाने में 21 मार्च को एक युवती ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीड़िता का कहना था कि तीन वर्ष से मुंबई में रहकर वह फैशन डिजाइनर और मेकअप आर्टिस्ट का काम करती है। परिवार में मां और जुड़वा बहन है। पिता की मौत 2012 में हो चुकी है। वह मुरादाबाद में रहने वाले मामा के घर रहकर बड़ी हुई। उसके नाना व मामा के नाम पर करीब 350 बीघा जमीन है। दोनों की मौत हो जाने के बाद इस जमीन की वारिस उसकी मां हैं। इस जमीन पर मां के चेचेरे भाई जिला पंचायत सदस्य इम्तियाज हुसैन चिंटू, इरफान हुसैन, अफसार हुसैन व असरार हुसैन की नजर है। उसकी मां 14 साल से इन लोगों के कब्जे में थी। नौ माह पहले वह अपनी मां को छुड़ाकर ले गई थी। जमीन के कागजात और सबूत एकत्र करने के लिए वह 29 फरवरी को घर आई थी। उसने कचहरी से जमीन के कागज भी निकलवाए थे। इससे नाराज आरोपी 13 मार्च को उसे कार में डालकर अपने घर चमरौआ ले गए थे। चारों ने उसे बेल्ट से पीटा और फिर बंधक बनाकर सामूहिक दुष्कर्म किया था। कुछ अन्य लोगों ने भी दो दिन तक दुष्कर्म किया था। इसके बाद उसे दिल्ली जाने वाली ट्रेन में बैठा दिया था। पीड़िता की तहरीर पर दिल्ली पुलिस ने मामला दर्ज कर 21 मार्च को शहजादनगर थाने भेज दिया था। इसमें चचेरे मामा इम्तियाज हुसैन, इरफान हुसैन, अफसार हुसैन तथा असरार हुसैन, इसके अलावा मौलाना लतीफ, इरफान हाजी और चार लड़के अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। इस मामले में पुलिस ने इरफान हाजी को मोदी स्कूल के पास से गिरफ्तार कर लिया। अब तक पुलिस इस मामले के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है।

# फंदे से लटका मिला अधेड़ का शव पत्नी ने लगाया हत्या का आरोप

संवाददाता, शाहबाद

> अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही पोस्टमार्टम रिपोर्ट का भी इंतजार किया जा रहा है।
> –ओमकार सिंह, कोतवाल शाहबाद

**अमृत विचार :** ढकिया चौकी क्षेत्र में अधेड़ व्यक्ति का शव पेड़ से लटका मिला। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और शव को नीचे उतारा। सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंच गई। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कार्रवाई के लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।



गांव रुस्तमनगर-नटियाखेड़ा निवासी 41 वर्षीय इस्लाम उर्फ कल्लू ट्रैक्टर चलाता था। इसके पास फसल निकासी का कटर भी था। परिजनों के अनुसार वह अपने बेटे इमरान के साथ लाही निकालने अली गंज बरेली निवासी रिश्तेदार के यहां गया था। रविवार की सुबह लोगों ने खंजीपुरा-नादरगंज मार्ग पर शीशम के पेड़ से उसका शव लटका देखा। राहगीरों ने इसकी सूचना परिजनों को दी। इस पर परिजन रोते-बिलखते मौके पर पहुंच गए। मृतक की पत्नी चमन ने पति की हत्या का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि शनिवार को इस्लाम बेटे से घर जाने की बात कहकर अलीगंज से आ गया था।

इसके बाद वह घर नहीं पहुंचा। किसी ने हत्या कर शव को पेड़ से लटका दिया।

# शाहबाद में करंट से दो लोगों की मौत

संवाददाता, शाहबाद

### दोनों मृतकों के परिवारों में मचा कोहराम

करंट लगने से दो लोगों की मौत होने के बाद दोनों परिवारों में कोहराम मच गया। दोनों मृतकों के परिजन बुरी तरह बिलखने लगे। दोनों के घर सांत्वना देने वाले लोगों का तांता लगा रहा। जबकि झुलसी किशोरी का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। शाहबाद में इससे पहले भी कई लोग करंट की चपेट में आकर अपनी जान गंवा चुके हैं।

**अमृत विचार :** अलग-अलग जगह बिजली के करंट की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई। वहीं, एक किशोरी को गंभीर हालात के चलते जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव जाहिदपुर निवासी अशोक (35) रविवार की सुबह अपने घर का हैंडपंप ठीक कर रहा था। वह हैंडपंप के सरिये को ऊपर खींच रहा था। उसकी 13 वर्षीया बेटी नीशू छत पर सरिये को पकड़ रही थी। इस बीच सरिया ऊपर से गुजर रही एचटी लाइन से टकरा गया। उसमें उतरे करंट की चपेट में आकर अशोक और उसकी बेटी नीशु बुरी तरह झुलस गए। आनन-फानन में दोनों को सीएचसी लाया गया। जहां चिकित्सकों ने अशोक को मृत घोषित कर दिया। नीशू को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत के चलते जिला अस्पताल रेफर कर दिया।



जिला अस्पताल में भर्ती निशु।



अशोक व राजू के फाइल फोटो।

- जिला अस्पताल में भर्ती किशोरी की हालत भी गंभीर

दूसरी ओर मडैयान तुलसी गांव निवासी राजू (20) गांव के ही अरुण के घर प्लास्टर कर रहा था। उसके मकान के बराबर से एचटी लाइन गुजर रही है। इस दौरान कपड़ा सुखाने के तार पर बंदर चढ़ गया। इससे तार एचटी लाइन पर गिर गया। तार गिरते ही जोरदार आवाज के साथ एचटी लाइन का तार टूट गया। इसकी चपेट में आकर राजू बुरी तरह झुलस गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

# किशोरी से दुष्कर्म, पुलिस ने अपहरण में दर्ज की रिपोर्ट

कार्यालय संवादाता, रामपुर/पटवाई

> तहरीर में पीड़िता के पिता ने दुष्कर्म का आरोप लगाया है। इस वजह से मामले में दुष्कर्म की धारा नहीं जोड़ी गई है। पहले पीड़िता का मेडिकल कराया जायेगा। मेडिकल रिपोर्ट और पीड़िता के बयान के आधार पर दुष्कर्म की धारा बढ़ा दी जाएगी।
> –अजय शर्मा, थाना प्रभारी पटवाई

- पुलिस ने धाराओं में कर दिया खेल, आरोपी फरार
- किशोरी को सड़क किनारे फेंक गए आरोपी

**अमृत विचार :** पटवाई पुलिस ने धाराओं में खेल करते हुए किशोरी से दुष्कर्म के मामले में अपहरण की रिपोर्ट दर्ज की है। इससे लोगों में आक्रोश है।

मामला पटवाई थाना क्षेत्र के एक गांव से जुड़ा है। यहां रहने वाले एक ग्रामीण का कहना है कि उसकी 16 वर्षीया बेटी अपने बहन और भाइयों के साथ कमरे में सो रही थी। इस दौरान रात करीब 11 बजे लाखन और मनवीर उसके घर में घुस गए और उसकी बेटी का अपहरण करके ले गए थे। बेटी को गायब देख उनके होश उड़ गए। उन्होंने किशोरी को हर जगह तलाश किया मगर कहीं पता नहीं चला। तड़के करीब चार बजे उनकी लड़की एक मंदिर के पास दिखाई दी। जब पीड़ित ने आवाज लगाई तो आरोपी उसे सड़क पर फेंक कर फरार हो गए। इससे किशोरी का हाथ भी टूट गया। किशोरी अपने साथ दुष्कर्म होना बताया। इसके बाद पुलिस ने मामले में दुष्कर्म की बजाए अपहरण की रिपोर्ट दर्ज की है।

# पुलिस ने पकड़ी शस्त्र बनाने की फैक्ट्री

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार :** पुलिस ने अवैध शस्त्र बनाने की फैक्ट्री से 17 बने व अधबने तमंचे, 132 कारतूस तथा शस्त्र बनाने के उपकरण समेत एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

रविवार की सुबह कोतवाल संदीप त्यागी को मुखबिर से सूचना मिली कि लीड इंडिया स्कूल की ओर जाने वाले रास्ते पर अवैध शस्त्र बनाने की फैक्ट्री चल रही है। सूचना पर कोतवाल ने कस्बा इंचार्ज ललित कुमार, उपनिरीक्षक नायाब खां, हेड कांस्टेबल अनिल कुमार, अभिषेक कुमार, कांस्टेबल संदीप कुमार की टीम गठित कर छापामार कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी शुरू कर दी। पुलिस को देख आरोपी घबरा गया और भागने लगा। पुलिस ने पीछा करके आरोपी को दबोच लिया। पुलिस ने मौके से 315, 12 और 32 बोर के 17 बने-अधबने तमंचे, 13 कारतूस तथा भारी मात्रा में तमंचे बनाने के उपकरण बरामद किए। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम नगर की नई बस्ती निवासी अय्यूब बताया।



पुलिस की गिरफ्त में अवैध शस्त्र बनाने की फैक्ट्री चलाने वाला आरोपी।

### तमंचे व बनाने के उपकरण समेत आरोपी गिरफ्तार

**रामपुर, अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने आबिद खां निवासी मोहल्ला तकिया मुबारक शाह खां को बेनजीर बाग में स्थित मजार के रास्ते पर स्थित झोपड़ी से गिरफ्तार किया। उसके पास से पुलिस को एक तमंचा 12 बोर, एक तमंचा 315 बोर, दो अधबने तमंचे 315 बोर मिले। इसके अलावा एक अधबना तमंचा 12 बोर, एक कारतूस 315 बोर व एक कारतूस 12 बोर व शस्त्र बनाने के उपकरण भी बरामद मिले। पुलिस ने उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए चालान कर दिया है।

# चार पेटी शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**रामपुर, अमृत विचार :** पटवाई पुलिस ने अलग-अलग क्षेत्र से दो लोगों को दो-दो पेटी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों का चालान कर दिया गया है।

लोकसभा चुनाव के दौरान पुलिस अधीक्षक ने अवैध रूप से शराब बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं। इसी के चलते पटवाई पुलिस ने आकाश निवासी ग्राम नरखेड़ा को 90 पव्वे देशी शराब मस्तीह मसाला मार्का के साथ ग्राम नरखेड़ा की पुलिया के पास से गिरफ्तार किया। इसके अलावा पुलिस ने अरविन्द निवासी ग्राम निस्बी थाना पटवाई को भी 90 पव्वे देशी शराब मस्तीह मसाला मार्का के साथ ग्राम नरखेड़ा की पुलिया के पास से गिरफ्तार किया। पटवाई पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

# गृह कलह में युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर दी जान

संवाददाता, स्वार

### दुखद

- परिजनों ने कानूनी कार्रवाई करने से किया इनकार
- काफी दिन से युवक का परिजनों से चल रहा था विवाद

**अमृत विचार :** गृह कलह के चलते 32 वर्षीय युवक ने घर में रखे जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। इससे उसकी मौत हो गई। परिजनों ने अजीमनगर पुलिस को कोई कार्रवाई न करने को कहा। इस पर पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक के परिजनों में कोहराम मचा है।

थाना अजीमनगर के एक गांव निवासी 32 वर्षीय युवक का परिजनों से काफी दिनों से विवाद चला आ रहा था। रिश्तेदारों ने भी समझाने की कोशिश की लेकिन विवाद बढ़ता ही चला गया। शनिवार को युवक के परिजन रिश्तेदारी में विवाह में शामिल होने गए थे। युवक और उसकी पत्नी घर पर थे। देर रात युवक ने घर में रखे जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। इससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। यह देख पत्नी बुरी तरह घबरा गई। उसके शोर मचाने पर आसपास के लोग भी आ गए। उनकी मदद युवक को स्वार सीएचसी ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर अजीमनगर पुलिस सीएच पहुंच गई और शव को कब्जे में ले लिया। परिजनों द्वारा कार्रवाई करने से इनकार करने पर पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया। रविवार को शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

# युवक ने फंदे पर लटक कर की आत्महत्या

संवाददाता, पटवाई

- पटवाई थाना क्षेत्र के गांव चिकटी रामनगर का मामला
- जमीन के बंटवारे को लेकर भाइयों से चल रहा था विवाद

**अमृत विचार :** पिता की मौत के बाद दौलत ने दो भाइयों के बीच ऐसी खाई खोद दी कि दोनों भाई एक-दूसरे के जानी दुश्मन बन गए। एक भाई ने फंदे पर लटककर जान दे दी। इससे घर में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हालांकि अभी रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है।

मामला पटवाई थाना क्षेत्र के गांव चिकटी रामनगर का है। यहां रहने वाल 40 वर्षीय चंचल दो भाई हैं। पिता खुशहालीराम सरकारी नौकर थे। सेवानिवृत्त होने से पूर्व ही उनकी मृत्यु हो गई थी। इसके बाद दोनों भाइयों में नौकरी, रुपयों व जमीन का बंटवारा हुआ। रिश्तेदारों की मौजूदगी हुए बंटवारे के दौरान ने यह तय हुआ था कि पिता की जगह नौकरी छोटे भाई अजय को दी जाएगी। पिता की नौकरी से मिलने वाली रकम को दोनों भाइयों में आधा-आधा बांट दिया जाएगा। पैतृक जमीन के बंटवारे के बाद अजय अपनी दो बीघा जमीन बड़े भाई चंचल के नाम कराएगा। अजय ने वादे के अनुसार अपने हिस्से की दो बीघा जमीन बड़े भाई चंचल के नाम करा दी। नौकरी मिलने के बाद अजय की नीयत खराब हो गई। आधी जमीन का हकदार बताते हुए बड़े भाई चंचल के खिलाफ न्यायालय में मुकदमा दर्ज करा दिया। वर्षों से चले आ रहे जमीन के विवाद से परेशान होकर चंचल ने शनिवार व रविवार की मध्य रात्रि में किसी समय फंदा लगा लिया। सुबह पत्नी ने उठकर पति के कमरे की तरफ रुख किया तो देखा की पति फंदे लटका हुआ था। चीख-पुकार मचाने के बाद आस-पड़ोस के लोग इकट्ठा हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पत्नी पप्पी का आरोप है कि चंचल कुछ दिन से परेशान थे। कुछ दिन पहले उन्होंने कहा था कि मुझे जिंदगी बुरी लग रही है। पत्नी ने बताया कि उसके ससुर मृत्यु से पहले कह कर गए थे कि जो नौकरी लेगा वह जमीन और मकान में हिस्सा नहीं लेगा। उनकी मृत्यु के बाद नौकरी देवर अजय ने ले ली थी। जमीन और मकान चंचल के हिस्से में देने को कह दिया था। अब देवर जमीन में हिस्सा मांग रहा था। इसे लेकर चंचल कुछ दिन से परेशान थे। शनिवार की रात्रि में किसी समय चंचल ने फंदे पर लटक कर अपनी जान दे दी। पत्नी के आरोप के बाद पुलिस ने छोटे भाई अजय को हिरासत में लिया है। चंचल के परिवार में पत्नी पप्पी, तीन पुत्रियां व दो पुत्र हैं।

# वन क्षेत्रों को आग से बचाने के लिए फायर कंट्रोल टीम गठित

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

> वन क्षेत्रों को आग से बचाने के लिए फायर कंट्रोल टीम का गठन कर दिया गया है। यदि कोई समस्या आता है तो मुरादाबाद जोन के साथ ही अन्य क्षेत्रों से उन तक सूचना पहुंच जाएगी। तत्काल उससे निपट लिया जाएगा।
> –राजीव कुमार, डीएफओ

**अमृत विचार :** चिलचिलाती धूप और गर्मी की तपिश के चलते वन क्षेत्र में अक्सर आग की घटनाएं हो जाती हैं। इससे निपटने के लिए वन विभाग ने तैयारियां कर ली हैं। विभागीय अधिकारियों ने वन क्षेत्रों में लगने वाली आग से निपटने के लिए फायर कंट्रोल टीम का गठन कर दिया है। चार सदस्यीय यह टीम कंट्रोल रूम में आने वाली सूचनाओं को तत्काल ट्रेस कर मौके पर जाकर आग से निपटेगी।

गर्मी में वन क्षेत्र में तपिश के चलते आग लगने का खतरा बना रहता है। वन विभाग ने इसके लिए फायर कंट्रोल टीम का गठन किया है। यह टीम कंट्रोल रूम में आने वाले मैसेज का संज्ञान लेकर तुरंत वन क्षेत्र में रवाना हो जाएगी और स्थितियों से निपटने के लिए काम करेंगी। इसके लिए हाल ही में वन कर्मियों को अग्नि सुरक्षा उपकरण भी दिए गए हैं। फायर कंट्रोल रूम में तैनात कर्मचारी आए हुए मैसेज को एकत्र करेगा।

इसके बाद संबंधित टीम के इंचार्ज को सूचना दी जाएगी। इसके बाद टीम मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का काम करेगी। मौजूदा समय में वन क्षेत्रों में सागोन, गुरेल, अर्जुन, खैर और शीशम समेत कई तरह के पेड़ लगाए गए है। स्वार-बिलासपुर की तरफ वन क्षेत्र है। इसकी देखरेख के लिए वन विभाग की टीम सक्रिय हो चुकी है।

# दहेज के लिए महिला की हत्या, शव जलाया

संवाददाता, शाहबाद

- पति समेत नौ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज, हत्यारोपी फरार
- तीन माह पूर्व ही हुआ था संभल के रहौली निवासी रेनू का विवाह

**अमृत विचार :** दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुराल वालों ने महिला की हत्या कर दी। इतना ही नहीं हत्या के सबूत मिटाने के लिए शव भी फूंक दिया। मायके वालों के पहुंचने से पहले ही हत्यारोपी फरार हो गए। पुलिस ने मौके से अवशेष एकत्र करके फॉरेंसिक जांच के लिए भेजे हैं। पिता की तहरीर पर पति समेत ससुराल के नौ लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है।

जनपद संभल के कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के गांव रहौली निवासी नत्थू सिंह के मुताबिक उन्होंने अपनी बेटी रेनू का विवाह करीब तीन माह पहले क्षेत्र के गांव करैथी का मझरा गांव में किया था। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद से ही दहेज के लिए बेटी को प्रताड़ित किया जाने लगा। लड़के की नौकरी के लिए दो लाख रुपए की मांग भी की।

नत्थू सिंह के मुताबिक शनिवार की रात उनके पास अनजान नंबर से फोन आया कि उनकी बेटी रेनू को मार दिया गया है और सबूत मिटाए जा रहे हैं। इस पर मायके के लोग रात में ही बेटी की ससुराल पहुंच गए। लेकिन तब तक ससुराल वालों ने रेनू का शव जला और हत्यारोपी फरार हो गए।

कोतवाल ओमकार सिंह ने बताया कि नत्थू सिंह की तहरीर पर पति संजीव, ससुर कृपाल, सास राजो देवी, ननद रश्मि, निकिता, करैथी व गांव के ही चिहत्तर सिंह, उसके बेटे गणेश, मुरादाबाद जनपद के कुंदरकी थाना क्षेत्र के बंगरौआ जलालपुर निवासी ममिया ससुर महेंद्र और ओमपाल के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। मौके से शव के जले हुए अवशेष मिले थे, उन्हें जांच के लिए भेजा गया है।

### युवती के अपहरण में छह पर रिपोर्ट

**शाहबाद, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव मडैयान तुलसी निवासी इकबाल हुसैन ने गांव के ही अजहर, शाहिद, रुकसाद, इस्लाम बाबू एवं पटवाई थाना क्षेत्र के गांव चंडका निवासी मुनत्याज के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि 28 मार्च को यह लोग उसकी बेटी को बहला-फुसलाकर ले गए। इस दौरान आरोपी आभूषण तथा 41,000 रुपये भी ले गए। पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी। इसके आधार पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इसके अलावा कोतवाली क्षेत्र के गांव ईसाखेड़ा निवासी महेश ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि 29 मार्च की रात अज्ञात व्यक्ति उसकी बहन को बहला फुसलाकर ले गया। इस पर पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी। इसके आधार पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## एक नजर

### खेत की मेढ़ पर जुआ खेलते तीन जुआरी पकड़े

बिलासपुर, अमृत विचार : पुलिस ने खेत की मेढ़ पर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे तीन जुआरियों को गिरफ्तार किया है। खजुरिया थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि खजुरिया कलां गांव में खेत की मेढ़ पर बैठकर जुआ खेल रहे बब्बू, शाजिम व अजीम को गिरफ्तार किया गया है। तलाशी में उनके पास से 1200 रुपये और ताश के 52 पत्ते मिले हैं। आरोपियों का चालान कर दिया है।

### मिलक पुलिस ने तमंचा के साथ आरोपी पकड़ा

रामपुर, अमृत विचार : मिलक पुलिस ने गश्त के दौरान अजीम निवासी ग्राम सैजनी नानकार को एक तमंचे और दो कारतूस के साथ ग्राम नगला उदई से मोगा ढाबा की तरफ पुलिया से कुछ दूरी पर गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। आरोपी का चालान कर दिया है।

### जिला बदर बदमाश को तमंचा के साथ पकड़ा

रामपुर, अमृत विचार : जिला बदर बदमाश बब्बू निवासी मोहल्ला कुरैशियान को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वह टांडा थाने में गैंगस्टर एक्ट में भी वांछित है। जिला बदर बदमाश को गश्त के दौरान ग्राम जटपुरा की पुलिया के जंगल से गिरफ्तार किया गया। तलाशी में पुलिस को उसके पास एक तमंचा व दो कारतूस मिले। जिला बदर नोटिस के प्राविधानों का उल्लंघन करने पर गुण्डा नियंत्रण अधिनियम व बरामदगी के आधार पर उसके खिलाफ मामला दर्ज कर चालान कर दिया गया है।

### पुलिस ने युवक को शराब के साथ किया गिरफ्तार

रामपुर, अमृत विचार : शहजादनगर पुलिस ने युवक को शराब के साथ पकड़ लिया। इसके बाद उसका चालान कर दिया। ग्राम पुरैना निवासी सतीश को 20 कैन बीयर, एक पेटी किंगफिशर के साथ सईदनगर को जाने वाले पक्के रास्ते के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी ने शराब को प्लास्टिक के कट्टे में रख रखा था। उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम में मामला दर्ज किया गया है।

### चाकू के साथ एक दबोचा

रामपुर, अमृत विचार : शहजादनगर पुलिस ने फखरूद्दीन निवासी ग्राम जुठिया को चाकू के साथ ग्राम जुठिया से अफजलपुर पट्टी रोड पर पुलिया के पास के पास से गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ शस्त्र अधिनियम में मामला दर्ज करने के बाद चालान कर दिया।

# ईस्टर पर जी उठे प्रभु यीशु मसीह, मनाई खुशियां

## प्रभु यीशु मसीह ने अपने 12 शिष्यों से कहा था कि समाज के कल्याण को तीसरे दिन जी उठूंगा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** ईस्टर के अवसर पर गिरजाघरों को झालरों व गुब्बारों से सजाया गया। हाईवे स्थित मैथोडिस्ट चर्च में रविवार को पास्टर नितिन मैसी ने कहा कि यीशु मसीह ने क्रूस पर चढ़ने से पहले अपने 12 शिष्यों से बोला था कि मैं क्रूस पारा चढ़ाया जाऊंगा और तीसरे दिन जी उठूंगा और वैसा ही हुआ। प्रभु यीशु के जी उठने पर खुशियां मनाई गईं। इस मौके पर गीत भी गाए गए।

हाईवे स्थित मैथोडिस्ट चर्च को रंग-बिरंगी रोशनियों से सजाया गया। रविवार को सुबह चर्च में प्रार्थना सभा शुरू हुई। ईस्टर पर चर्च को झालरों, गुब्बारों व लिली के फूलों से सजाया गया। इससे चर्च की सुंदरता देखते ही बन रही थी। चर्च में हुई सरमन में पादरी नितिन मैसी ने कहा कि प्रभु यीशु मसीह के मृतकों में से तीसरे दिन जीवित हो उठे थे। इस दिन को पुनरुत्थान दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसके बाद पादरी ने बाइबिल से पाठ पढ़ा। उन्होंने यीशु मसीह के बलिदान और फिर उनके पुनरुत्थान के संबंध में जानकारी दी। उनके आशीष वचन के साथ सभा का समापन हुआ। सरमन के बाद सभी लोगों ने एक-दूसरे को बधाई दी। पादरी ने मसीह समुदाय के लिए सुख, शांति और समृद्धि, सर्वधर्म के लोगों के बीच प्रेम, सद्भाव, शांति और ईश्वर के प्रति प्रेम और आदर, सम्मान बना रहे, इसकी दुआ कराई। इसके बाद युवाओं ने खुशी के गीत गाए और प्रभु यीशु का गुणगान किया। इस मौके पर पीयूष ग्रीफिन, इनोज लाल, एली ग्रीफिन, विशाल चरण, डेनियल मसीह, अंकिता, प्रियंका, सीमा लाल, मीनाक्षी चरण आदि मौजूद रहे।



चर्च में खुशी के गीत गाते युवा। ● अमृत विचार



मैथोडिस्ट चर्च में मौजूद मसीही समाज के लोग। ● अमृत विचार

**आस्था**

- गिरजाघरों में गाए गए खुशियों के गीत
- चर्च को झालरों, गुब्बारों व लिली के फूलों से सजाया गया



कार्यक्रम में बोलते पादरी नितिन मैसी।



बच्चों को पुरस्कार देते एसडीएम स्वार अवनीश कुमार। ● अमृत विचार

# बच्चों के सुनहरे भविष्य को अच्छी शिक्षा बेहद जरूरी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- मुख्य अतिथि द्वारा मेडल पाकर खिल उठे बच्चों के चेहरे

**अमृत विचार:** एसडीएम स्वार अवनीश कुमार ने अभिभावकों से कहा कि अपने बच्चों को जरूर पढ़ाएं और नियमित विद्यालय भेजें। शिक्षा ही ऐसा माध्यम है जिससे बच्चे अपना भविष्य बेहतर बना सकते हैं। इस विद्यालय का वातावरण व अनुशासन बहुत अच्छा है। मैंने ऐसा बहुत कम स्कूलों में देखा है।

स्वार क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय धूलिया गंज में वार्षिकोत्सव व परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि एसडीएम स्वार का प्रधानाध्यापक अनिल कुमार ने बैज लगाकर स्वागत किया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। वार्षिक परीक्षाफल में कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को एसडीएम ने मेडल व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। बेस्ट स्टूडेंट का खिताब कक्षा पांच के अतुल को मिला। संचालन सहायक अध्यापक राजपाल सिंह ने किया। कार्यक्रम में नोडल संकुल भोट बक्काल उमाकान्त, विजय सिंह, रमेश चंद्र, गुरप्रीत सिंह, सुमन, अरुण कुमार, नरेश कुमार, संदीप कौशिक, किरनपाल सिंह, अंजुलता, सर्वेश, सावित्री और एआरपी सुनील सिंह मौजूद रहे।



विदाई समारोह में मौजूद बच्चे एवं शिक्षक। ● अमृत विचार

# सेवानिवृत्ति पर शिक्षक को छात्र-छात्राओं ने दी विदाई

संवाददाता, टांडा

**अमृत विचार:** क्षेत्र के ग्राम शिकारगाह में स्थित कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत शिक्षक हशमत उल्ला मंसूरी शनिवार को सेवानिवृत्त हो गए। उन्होंने 29 साल तक नौकरी की। उनकी सेवानिवृत्ति पर विद्यालय परिवार ने विदाई समारोह का आयोजन किया।

छात्र-छात्राओं ने शिक्षक को पुष्पमालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया। उनके सेवाकल की प्रशंसा की गई। इस दौरान अध्यापक अब्दुल राशिद, राजकुमार, सुनिशा, सुधा रानी आदि मौजूद रहे।

### रुपयों के विवाद में भाई आपस में भिड़े, मारपीट

रामपुर, अमृत विचार : रुपयों के विवाद को लेकर दो भाई आमने-सामने आ गए। इसके बाद एक भाई ने परिजनों के साथ मिलकर तीन भाइयों को पीटकर घायल कर दिया।

टांडा थाना क्षेत्र के गांव रामनगर लतीफपुर निवासी होरीलाल का कहना है कि वह चार भाई हैं। उसके भाई राम नेत्रहीन और लाल सिंह मंदबुद्धि है। इसलिए दोनों भाइयों की शादी नहीं हुई है। दोनों भाई होरीलाल के साथ रहते हैं। उसके खेत में खड़े पॉपलर के पेड़े 30,000 रुपये में बेच दिए थे। यह पैसे उसके भाई भागवीर के पास हैं। उसने दो बीघा जमीन भी ज्यादा जोत रखी है। होरी लाल ने पैसे मांगे तो भागवीर ने अपने परिजनों के साथ मिलकर उसे और उसके भाइयों को पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने भागवीर, मनीषा, विनोद, नीलम और पूनम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# बदलते मौसम में विटामिन डी की कमी से फैल रहीं गंभीर बीमारियां

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** अगर आप जल्द ही बीमार पड़ जाते हैं या मौसम के बदलाव शरीर पर बहुत जल्दी असर डालते हैं तो आपके शरीर में विटामिन डी की कमी हो सकती हैं। जनरल फिजिशियन डा. दशरथ सिंह बताते है कि अनियमित जीवनशैली से लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है। विटामिन डी शरीर की कोशिकाओं की क्रियाविधि में वृद्धि करता है जो किसी भी बाहरी संक्रमण से शरीर की रक्षा करती हैं। मानव प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने में इसकी मुख्य भूमिका होती है।

डा. दशरथ ने बताया कि कोशिकाओं को सक्रिय होने के लिए भी विटामिन डी आवश्यक होता है। दिल्ली एम्स के सर्वेक्षण में पाया कि जिन बच्चों में विटामिन डी की कमी होती है, उनमें श्वसन तंत्र से जुड़े संक्रमण अधिक होते हैं। उनके मुताबिक विटामन डी की कमी की वजह से ठीक से नींद न आना और बार-बार नींद टूटने जैसी समस्या हो सकती है। जब हमारे शरीर में विटामिन डी की कमी होने लगती है तो शरीर में मेलाटोनिन नामक रसायन का बनना कम हो जाता है। इसकी वजह से ठीक से नींद नहीं आती है। उन्होंने इसको लेकर लोगों को उपाय बताए हैं। इसके तहत रोज सुबह की धूप 20 मिनट तक जरूर लें। नाश्ते में अनाज, दूध, बादाम का दूध, सोया दूध, संतरे का रस और दलिया का सेवन करें।

- विटामिन डी की कमी से कमजोर हो रही रोग प्रतिरोधक क्षमता

**हाथ, पैर और कमर में दर्द**

विटामिन डी कैल्शियम को अवशोषित करने में मदद करता है। इससे हड्डियां मजबूत होती है। ऐसे में विटामिन डी की कमी शरीर में कैल्शियम की कमी का कारण बनता है। विटामिन डी की कमी से लगातार कमर दर्द की समस्या हो सकती है।

**जीभ पर छाले पड़ना भी मुख्य कारण**

शरीर को स्वस्थ रहने के लिए कई आवश्यक पोषक तत्वों में विटामिन डी भी एक है। विटामिन डी हड्डियों, दांतों और मांसपेशियों को स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह एक वसा में घुलनशील पोषक तत्व है। जीभ पर छाले होना भी विटामिन डी की कमी का लक्षण है।

### सराफा बाजार में जाम से लोगों को परेशानी

रामपुर, अमृत विचार : शहर कोतवाली क्षेत्र के सराफा बाजार में जाम लगने से लोगों को आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ा। ई-रिक्शा बेतरतीब के खड़े होने से जाम की समस्या उत्पन्न हुई। जाम लगने के कारण राहगीरों को भी आवागमन में दुश्वारी हुई। धूप में लोगों के पसीने छूट गए। नो पार्किंग स्थल पर वाहन खड़े होने से आवागमन प्रभावित हुआ और जाम लग गया। इसको लेकर पालिका-पुलिस प्रशासन अनभिज्ञ है।

### अवर अभियंता की निर्वाचन आयोग से की शिकायत

टांडा, अमृत विचार : पूर्व पालिकाध्यक्ष मेहनाज जहां ने निर्वाचन आयोग को पत्र भेज कर अवर अभियंता विजयपाल सिंह के ट्रांसफर की मांग की है। उनका आरोप है अवर अभियंता एक विशेष पार्टी का प्रचार कर रहे हैं। पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर नगरवासियों को भाजपा के खिलाफ भड़का रहे हैं।

# ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से की राशन डीलर की शिकायत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**आरोप**

- नईम गंज के ग्रामीणों ने राशन न बांटने का लगाया आरोप
- शिकायत करने पर राशन डीलर करता है अभद्रता

**अमृत विचार :** तहसील सदर की ग्राम पंचायत नईम गंज के ग्रामीणों ने राशन डीलर की शिकायत जिलाधिकारी से की है। ग्रामीणों ने आरोप लगाए हैं कि डीलर हर माह अपने खास लोगों को ही राशन का वितरण कर रहा है।

ग्राम प्रधान तारावती के नेतृत्व में कई ग्रामीण शनिवार को कलक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने राशन डीलर के खिलाफ जिलाधिकारी को शिकायती पत्र दिया। इसमें बताया कि राशन डीलर अपने खास लोगों को ही हर माह राशन का वितरण कर रहा है। जब ग्रामीण राशन लेने जाते हैं तो डीलर कह देता है कि एक ही दिन राशन का वितरण किया जाता है। उसके बाद राशन नहीं दिया जाएगा।

इस का विरोध करने पर अभद्रता व गालियां दी जाती हैं। इस बात की शिकायत पहले भी एसडीएम सदर से की गई, लेकिन आज तक डीलर के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। राशन डीलर हठधर्मी पर उतारू है। शिकायती पत्र पर मुन्नी देवी, मोनिका, कमलेश, राम प्यारी, लीलावती, वीरवती, सुनीता, मुन्नी देवी, मायादेवी, छत्रवती, रूपवती, फूलवती, मीना देवी आदि के हस्ताक्षर हैं।

### आठ साल की नजीहा ने रखा रोजा, की इबादत

रामपुर, अमृत विचार : मोहल्ला शाहबाद गेट निवासी मोहम्मद इरफान की आठ साल की बेटी नजीहा इरफान ने आठ वर्ष की आयु में जीवन का पहला रोजा रखा। दिनभर भूखे-प्यासे रहकर नजीहा खान ने नमाज पढ़ी और कुरआन की तिलावत की। इसके बाद रोजे का वक्त होने पर इफ्तार किया। दोनों हाथों को फैलाकर अल्लाह से दुआएं मांगी। पहला रोजा रखने पर परिवारजनों ने उसे मुबारकबाद दी। नजीला इरफान ने कहा कि सभी बच्चों को कुरआन हिफ्ज करना चाहिए।



नजीहा खान। ● अमृत विचार



मस्जिद उमर में कुरआन मजीद मुकम्मल होने के बाद मौजूद हाफिज।

# इंसान को जिंदगी गुजारने का रास्ता दिखाती है कुरआन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** मोहल्ला शुतरखाना स्थित मस्जिद उमर में शनिवार को कुरआन मुकम्मल हुआ। इसमें हाफिज मोहम्मद बिलाल ने कुरआन की तिलावत की।

सामां के फराइज हाफिज उमैर ने अदा किए। इस मौके पर हाफिज अनवार हुसैन अंसारी ने कहा कुरआन का दर्जा अन्य आसमानी किताबों की तुलना में ऊंचा है। अल्लाह ने कुरआन को बाकी किताबों पर तरजीह दी है। कुरआन जिदंगी गुजारने का रास्ता बताता है। उसके अनुसार ही काम करें, तभी दुनिया में कामयाबी मिलेगी।

# रमजान की रहमतों को हासिल करें : वसी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मोहल्ला घेर इनायत खां में सद्दन मियां वाली मस्जिद में कुरआन मजीद मुकम्मल हुआ। मौलवी वसी अहमद ने रमजान की फजीलत बयान करते हुए कहा कि मुसलमानों को अपनी जिंदगी में कुरआन के मुताबिक जीना चाहिए। कलमा तैयबा का जिक्र हर वक्त करते रहना चाहिए। माहे रमजान की रहमतों को हासिल करें। हर बंदा इस महीने की फजीलत से अल्लाह से जुड़ना चाहिए।

शनिवार की रात मोहल्ला घेर इनायत उल्लाह खां की मस्जिद में कुरआन मजीद मुकम्मल हुआ। हाफिज आजम खां ने कुरआन की तिलावत की। सामां के फराइज हाफिज अयान उन नबी ने अदा किए। इस मौके पर मौलवी वसी अहमद ने कहा कि इफ्तार कराने पर अल्लाह पिछले गुनाहों को माफ कर देता है। इफ्तार खजूर और पानी से भी कराया जा सकता है। जरूरी नहीं कि इफ्तार के लिए बड़ा आयोजन कराया जाए। रोजेदार को इफ्तार कराने के लिए उनके घर जाकर उनकी मदद की जाए। इफ्तार से अल्लाह बेहद खुश होता है।

कहा कि रोजा बंदे और अल्लाह के दरमियान एक राज है। इसकी हर घड़ी रहमत और बरकत की है। इस माह में खूब खैरात व जकात करें। रोजा नेकी का छाता है। जिस तरह छाता बारिश या धूप से अपने लगाने वाले की हिफाजत करता है, उसी तरह रोजा भी रोजेदार की हिफाजत करता है। शर्त यह है कि रोजा शरई तरीके से रखा जाए। इसके बाद हाफिज, सामां की लोगों ने गुलपोशी की। मुल्क में अमन-शांति के लिए दुआ कराई। इस अवसर पर मौलाना अनस, सभासद मुराद कलीम, जकी खां, फराज कलीम, नफीस, दूल्हा खान आदि मौजूद रहे।



सद्दन शाह मियां वाली मस्जिद में कुरआन मजीद मुकम्मल होने पर दुआ कराते हाफिज।

# सामाजिक एकता का पर्व है होली : आकाश

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** पर्वतीय जन चेतना समिति की ओर से होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया। पहाड़ी समुदाय के लोगों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से कुमाऊं और गढ़वाल संस्कृति की झलक पेश की और एक-दूसरे पर फूलों की वर्षा की। शहर विधायक ने कहा कि होली का पर्व वैमनस्यता दूर करने और सामाजिक एकता का है। ऐसे में सभी लोग होली के महत्व को साकार करते हुए एक-दूसरे के साथ प्यार से रहें।

सीआरपीएफ कालोनी में रविवार को आयोजित होली मिलन समारोह की शुरूआत मुख्य अतिथि शहर विधायक आकाश सक्सेना ने दीप प्रज्ज्वलित कर की। कुमाऊं और गढ़वाल के कलाकारों ने गीत, संगीत के माध्यम से पहाड़ी संस्कृति को दर्शाया। फूलों की होली खेली। स्कूली बच्चों ने भी विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। शहर विधायक ने कहा कि होली का पर्व एकता का प्रतीक है। वर्तमान समय में इस पर्व की सार्थकता तभी संभव है, जब सभी लोग एक-दूसरे के साथ मिलकर रहें। छोटी-छोटी बातों को भेदभाव का कारण न बनाएं। उन्होंने सभी को होली के पर्व की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम संयोजक दीवान सिंह बिष्ट ने बताया कि समिति की ओर से हर बार उत्साह और उमंग के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाता है। इसका उद्देश्य ही सांस्कृतिक एकता है। कार्यक्रम का संचालन दीप जोशी ने किया। इस अवसर पर हरिदत्त शर्मा, सलिल जोशी, पीसी जोशी, संजय शर्मा, प्रदीप अधिकारी, रोहित जोशी, डीके बहुगुणा, एमएस रावत आदि उपस्थित रहे।



होली मिलन कार्यक्रम में नृत्य करतीं महिलाएं और मौजूद शहर विधायक।

- पर्वतीय जन चेतना समिति की ओर से धूमधाम से मनाया गया होली मिलन समारोह

### यूपी बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पूरा

रामपुर, अमृत विचार : शहर के दो विद्यालयों में यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 16 मार्च से चल रहा था। 15 दिन के बाद उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पूर्ण हो गया है। हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के परीक्षाफल की तैयारियां शुरू हो गई हैं।

जिले में 22 फरवरी से हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं शुरू हुई थीं। नौ मार्च को परीक्षाओं का समापन हो गया था। 16 मार्च से कॉपियों का मूल्यांकन शुरू हो गया था। मूल्यांकन के लिए राजकीय रजा इंटर कॉलेज और राजकीय मुर्तजा इंटर कॉलेज को केंद्र बनाया था। करीब 15 दिन के बाद हाईस्कूल की 1.40 लाख और इंटर की 71,000 कॉपियां चेक होने के लिए आईं थीं। शुक्रवार को उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पूरा हो गया है।

**लापरवाही** केमिकल का इंतजाम न होने पर सफेद हाथी बनी मशीनें, अधिकारियों की लापरवाही लोगों पर भारी

# शहर में मच्छरों की भरमार, फिर भी नहीं हो रही फॉगिंग

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** नालियों में पल रहे मच्छर रात को घरों में घुसकर लोगों की नींद उड़ा रहे हैं। शहर के कई मोहल्ले ऐसे है जहां आसपास नाला होने की वजह से मच्छरों की भरमार है। लोगों ने पालिका के कर्मचारियों से फॉगिंग कराने के लिए कहा। लेकिन फॉगिंग के लिए व्यवस्थाएं पूरी नहीं है। मैलोथियान केमिकल की कमी के चलते फॉगिंग नहीं हो पा रही है।

शहर के मोहल्ला जेल रोड, जिला अस्पताल, बाजार नसरूल्लाह खां, पीर की पैंठ, हामिद स्कूल, जेल रोड, नालापार, लाल कबर, मुमताज पार्क आदि मोहल्लों में नाले-नालियों की सफाई न होने से मच्छरों का प्रकोप काफी बढ़ गया है। इसकी वजह से लोग परेशान हैं। वह फॉगिंग का इंतजार कर रहे हैं। इन मोहल्लों के आसपास के नालों में पड़ी गंदगी में मच्छर पनप रहे हैं। यह मच्छर घरों में घुसकर लोगों का चैन तो छीन ही रहे है साथ ही लोगों को बीमार भी कर रहे हैं। नगर पालिका हर साल फॉगिंग कराने के लिए टेंडर निकालती है। इसके बाद फॉगिंग का कार्य कराया जाता है। पिछली बार भी नगर पालिका के पास लिक्विड की कमी के चलते लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा था। यही दिक्कतें फिर से शुरू हो गई हैं। शाम को सात बजते ही नालियों और नालों में मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाता है। इन मच्छरों की वजह से लोग काफी परेशान हैं।



रोडवेज की पुरानी वर्कशाप स्थित सड़क पर भरा पानी। ● अमृत विचार

> मच्छरों से निजात दिलाने के लिए फॉगिंग कराई जाएगी। कुछ दिन बाद अभियान के साथ मोहल्लों में फॉगिंग करा दी जाएगी। टेंडर प्रक्रिया के बाद ही यह काम हो पाएगा। –दुर्गेश्वर त्रिपाठी, ईओ, नगर पालिका परिषद

**पालिका के पास हैं पांच मशीनें व 20 हैंड गन**

नगर पालिका परिषद की वर्कशाप में पांच मशीनें और 20 हैंड गन है। पालिका के अधिकारियों के अनुसार मशीन में 100 लीटर डीजल में पांच फीसद मैलोथियान केमिकल का मिश्रण होता है और हैंड गन में आठ लीटर डीजल और 400 एमएल केमिकल का मिश्रण होता है। 2023 में डेंगू ने शहर में काफी उत्पात मचाया था। डेंगू के संक्रमण से निपटने को पालिका प्रशासन की ओर से कर्मचारियों को हैंड गन दी गई थीं। अक्सर देखा जाता है कि फॉगिंग कराने के लिए गाड़ियां दी जाती हैं। यह गली, मोहल्लों में नहीं पहुंच पाती हैं। सभासदों ने बोर्ड की बैठक में यह मुद्दा उठाया था। इसके बाद पालिकाध्यक्ष व अधिकारियों को लिखित रूप से बताया गया था। इसके बाद कर्मचारियों को मशीनें दी गई थीं।

## एक नजर

### शांति भंग के आरोप में युवक का किया चालान

**मसवासी, अमृत विचार :** रंजिश को लेकर हंगामा कर रहे युवक का पुलिस ने शांति भंग के आरोप में चालान किया है। रविवार को मसवासी चौकी प्रभारी रोहित कुमार पुलिस बल के साथ चौकी क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इस दौरान गांव रहमतगंज में कुछ लोग हंगामा करते दिखाई दिए। पुलिस टीम हंगामा करने वालों के निकट पहुंची तो पता चला की नितिन कुमार की गांव के ही डालचंद के साथ पुरानी रंजिश चल रही थी। जिसके चलते नितिन ने विवाद शुरू कर दिया। पुलिस टीम ने समझाने की कोशिश की तो नितिन और ज्यादा हंगामा करने लगा। इस पर पुलिस नितिन को चौकी ले आई। इसके बाद पुलिस ने नितिन का शांति भंग में चालान कर दिया।

### अवकाश के दिन भी खुला जिला अस्पताल

**रामपुर, अमृत विचार :** वित्तीय वर्ष पूरा होने पर जिला अस्पताल रविवार को खुला रहा। इस दौरान लंबित कार्यों को पूरा कराया गया। दोपहर चार बजे तक अस्पताल खुला रहा। इस दौरान सिर्फ इमरजेंसी वार्ड में ही मरीजों को देखा गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय पर भी खुला रहा। यहां भी लंबित कार्यों को पूरा किया गया।

### एमआरएफ सेंटर में आई मशीनें

**रामपुर, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद का प्रानपुर रोड पर बनाया एफआरएफ सेंटर में गीला-सूखा कचरे को अलग करने के लिए और मशीनें आ गई हैं। इन मशीनों के जरिए कूड़े को अलग-अलग करके उत्पाद बनाकर बाजार में बेचे जाएंगे। इससे पालिका की आय में वृद्धि होगी। पालिका के अधिकारियों का कहना है कि मशीन आ गई हैं। इनका इंस्टालेशन होना है। इसके बाद सेंटर चालू हो जाएगा। बताया कि एमआरएफ सेंटर 85 लाख रुपये की लागत से बनाया गया है।

### भोट और मिलक पुलिस ने दो आरोपी पकड़े

**रामपुर, अमृत विचार :** भोट और मिलक पुलिस ने गश्त के दौरान दो आरोपियों को पकड़ लिया। उसके बाद दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। दोनों का चालान कर दिया गया है। मिलक पुलिस ने आरोपी भूरे लाल निवासी ग्राम हरदासपुर मारपीट के मामले में फरार चल रहा था। रविवार को पुलिस ने उसे घर से गिरफ्तार कर लिया। इसके अलावा भोट पुलिस ने नाजिम निवासी ग्राम ढक्का हाजी नगर को चाकू के साथ सरकारी शराब की दुकान के पास से गिरफ्तार किया है। थाना भोट पर आर्म्स एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# मगर अयोध्या से पहले इस दिल में राम जरूरी है ...

## होली के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक एवं विकास मंच के तत्वावधान में हुआ कवि सम्मेलन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** रंगों के त्योहार होली के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक एवं विकास मंच ज्वालानगर के तत्वावधान में शिवाजी पार्क में हुए कवि सम्मेलन में कवियों की रचनाओं की रसधार ने श्रोताओं को बांधे रखा। जॉनी वैरागी के हास्य पाठ पर लोगों ने खूब तालियां बजाईं। कवियों ने हास्य व्यंग्य से पूर्ण रचनाओं से श्रोताओं को खूब गुदगुदाया।

कवि सम्मेलन का संचालन कर रहे अवधेश शर्मा ने हास्य व्यंग्य के कवि जॉनी बैरागी को आवाज दी तो पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। कवि जॉनी बैरागी ने कहा कि- मुझसे मत पूछ यार, मेरी तो रकम तगड़ी जल गई है, कुछ गिरे हुए लोगों के सामने मेरे बाबूजी की पगड़ी जल गई है। क्या-क्या नहीं जला इस आग में, जरा रामप्रसाद ताऊ से पूछो, क्या बचा इस बाग में। तुम कहते हो कि तुम्हारा क्या खास जल गया, घर के आंगन में ऊपर से नीचे तक अमलतास जल गया। यह सुनकर लोगों ने खूब तालियां बजाईं। इससे पहले कार्यक्रम का आरंभ विधायक आकाश सक्सेना ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर व पुष्प अर्पित करके किया। मंच अध्यक्ष रवींद्र गुप्ता ने बैज लगाकर कवि शिखर शंभू, मंच के महामंत्री अनुज सक्सेना ने कवि प्रख्यात मिश्रा, श्वेता शर्मा ने कवियत्री भावना तिवारी, अंजुम स्नेही ने कवि जॉनी वैरागी और देवेश गुप्ता ने लटूरी लटट्ठ का स्वागत किया। कवि लटूरी लट्ठ ने संचालन किया।

कवियत्रि भावना तिवारी ने मां सरस्वती की वन्दना एवं काव्या पाठ किया। इसके बाद प्रख्यात मिश्रा कहा कि- माना जन्मभूमि पर हर काम मुद्दे पर जरूरी है, मगर अयोध्या से पहले इस दिल में राम जरूरी है। शंभू शिखर ने कहा कि- लेनी थी जीत हमने मगर मात ले लिए, कितने हसीन देखिए जज्बात ले लिए। दूल्हा बेचारा रील बनाने में रह गया, दुल्हन ने फेरे पंडित के साथ ले लिए। वादा जो करो उससे तो इतना न निभाना, पड़ जाए लेने के देने न कोई राज बताना। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ तो ठीक है, भूले से भी पत्नी को एसडीएम न बनाना। भावना तिवारी ने कहा कि तुमको ही गाया गीतों में, और तुम्हें ही सोचा है। प्यार तुम्हारा सच लगता है बाकी सब कुछ धोखा है, प्यार जीतना कितना मुश्किल हम दिल वालों से पूंछों, कितने कांटे चुभे पांव में मंजिल वालों से पूछो। संचालन कार्यक्रम के संयोजक अवधेश शर्मा ने किया। कार्यक्रम में राजीव मांगलिक, भारत भूषण गुप्ता, भूकन सैनी, नवनीत सक्सेना, आशु गुप्ता, सुभाष सक्सेना, मुकेश सक्सेना, अन्नू गंगवार, विक्की सक्सेना, दिनेश सक्सेना, जयदीप यादव आदि उपस्थित रहे।


दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत करते विधायक आकाश सक्सेना।


कवि सम्मेलन में मौजूद कवि और कवयित्री। ● अमृत विचार


हास्य कवि सम्मेलन में काव्य पाठ करते कवि शंभू शिखर।


चुनावी संवाद के दौरान ग्रामीणों से वार्ता करते अधिकारी। ● अमृत विचार

# एसडीएम ने की अधिक से अधिक मतदान की अपील

संवाददाता, शाहबाद

- एसडीएम व सीओ ने किया बूथों का निरीक्षण

**अमृत विचार:** तहसील क्षेत्र के गांव में एसडीएम सुनील कुमार व क्षेत्राधिकारी अतुल पाण्डेय ने लोगों के साथ बैठक कर सकुशल चुनाव सम्पन्न कराने की अपील की। बूथों का निरीक्षण भी किया।

एसडीएम ने कहा कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए क्षेत्र के गांव जगेसर, सुहाबा एवं नबीगंज जदीद में मतदाताओं से बैठक कर उन्हें बताया कि चुनाव में बढ़चढ़ कर मतदान करें। मतदान में खलल पहुंचाने वाले अराजक तत्वों पर नजर रखी जा रही है। यदि कोई आपको धमकाता है तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। क्षेत्राधिकारी ने बताया कि चुनाव के दृष्टिगत गांव-गांव जाकर लोगों के साथ बैठक की जा रही है।

गांवों में जितने भी पुराने मुकदमे दर्ज किए गए हैं उनको चिह्नित करके निरोधात्मक कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने मतदाताओं से निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की।


सराफा बाजार में होली मिलते व्यापारी। ● अमृत विचार

# साहूकारा सराफा कमेटी ने दी होली की शुभकामनाएं

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** सराफा बाजार में साहूकारा सराफा कमेटी की ओर से होली मिलन का कार्यक्रम हुआ। इसमें सभी सराफा व्यापारी उपस्थित रहे। सभी ने गले मिलकर एक-दूसरे को होली की बधाई दी।

साहूकारा सराफा कमेटी की ओर से रविवार को सराफा बाजार में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी ने एक-दूसरे को गले लगाकर होली की बधाई दी। करीब छह बजे तक यह कार्यक्रम चलता रहा। कार्यक्रम में साहूकारा सराफा कमेटी के अध्यक्ष संजय पाठक, महामंत्री विनोद रस्तोगी, संरक्षक दिलीप रस्तोगी, कोषाध्यक्ष विवेक कुमार अग्रवाल, मीडिया प्रभारी चंद्र प्रकाश रस्तोगी, छोटेलाल रस्तोगी, परितोष, रवि प्रकाश, राकेश मिश्रा, निशांत रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

## धूमधाम से मनाएंगे डॉ. आंबेडकर का जन्मोत्सव

**बिलासपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय गरीब कल्याण संघ की बैठक रविवार को बिलासपुर के मोहल्ला कायस्थान में हुई। इसमें 14 अप्रैल को डा. भीमराव आंबेडकर का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया।

बैठक में अखिल भारतीय आंबेडकर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अविनाश तपन ने सभी से कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि आंबेडकर जयंती पर तोपखाना वाल्मीकि बस्ती से प्रभात फेरी निकाली जाएगी। विधायक आकाश सक्सेना इसके मुख्य अतिथि होंगे। फेरी अंबेडकर पार्क कर जाकर सम्पन्न होगी। गरीब कल्याण संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेम नरेश वाल्मीकि ने कहा कि क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। अनिल राज, धर्म कुमार वाल्मीकि, नवीन सोनू, शंकर आनंद, अशोक गौतम, अमरपाल कश्यप आदि शामिल रहे।


पुरस्कार के साथ छात्र-छात्राएं व शिक्षक। ● अमृत विचार


छात्रा को सम्मानित करते ग्राम प्रधान विकास कुमार मौर्य। ● अमृत विचार

# मेधावियों को प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर किया सम्मानित

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचार :** नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज व एसआरएम इंटर कालेज में वार्षिक परीक्षाफल का वितरण किया गया। सरस्वती इंटर कालेज में कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि प्रदीप गुप्ता, विद्यालय के अध्यक्ष डॉक्टर राजकुमार माहेश्वरी, प्रबंधक सुरेश चंद्र गंगवार ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया।

मुख्य अतिथि ने परीक्षा में अच्छे अंक लाने वाले विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया। वरिष्ठ आचार्य आभा शर्मा को सेवानिवृत्ति पर शील्ड व शाल ओढ़ाकर विदाई दी। एसआरएम इंटर कालेज में भी परीक्षाफल घोषित किया गया। संस्थापक संजय सिंघल, बबीता सिंघल, प्रबंधक अक्षत सिंघल एवं प्रधानाचार्य दयालु शरण शर्मा ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम शुरू किया। छात्र-छात्राओं ने वंदना प्रस्तुत की। प्रधानाचार्य ने वार्षिक परीक्षाफल की घोषणा की। इस अवसर पर कपिल पाण्डेय, विजय शर्मा, गौरव शर्मा, परमेन्द्र कुमार, विजयपाल, संजीव कुमार, शम्भू दयाल, यशवन्त, पुष्पेन्द्र कुमार, परमानन्द कश्यप, कृष्ण पाल, बेबी रस्तोगी, बुशरावी, साक्षी पाण्डे, ज्योति आदि उपस्थित रहे।

### ग्राम प्रधान ने छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

**मसवासी, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव मंसूरपुर स्थित परिषदीय स्कूल में रविवार को शैक्षिक सत्र 2023-24 के समापन के अवसर पर परीक्षाफल वितरण एवं कक्षा पांच के छात्र-छात्राओं की विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा एक से पांच तक प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को ग्राम प्रधान विकास कुमार मौर्य ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक केशव दत्त मौर्य, इंचार्ज अध्यापक रविंद्र सिंह चौहान, शकील अहमद आदि उपस्थित रहे।

# आसमान में उमड़ते-घुमड़ते रहे बादल, हुई बूंदाबांदी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मौसम का मिजाज बदलने से जिले में गर्मी बढ़ने लगी है। रविवार की सुबह तेज धूप निकली लेकिन दोपहर को आसमान में बादल छा गए और बूंदाबांदी हुई।

मौसम वैज्ञानिक डा. उदय प्रताप शाही बताते हैं कि पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। इसके चलते तराई क्षेत्र के जिलों में हल्की बारिश और बूंदाबांदी के आसार है। अन्य जिलों में मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। अगर बारिश तेज होती है तो गेहूं की फसल को नुकसान हो सकता है। हल्की बारिश से गेहूं का उत्पादन बढ़ेगा और पिछैती फसल को लाभ मिलेगा। किसान किसी भी खड़ी फसल में सिंचाई न करें। खेत में पकी सरसों की फसल की कटाई मढ़ाई कर सुरक्षित कर लें। रविवार को आसमान में बादल छाए रहे। थोड़ी देर हल्की बूंदाबांदी भी हुई। देर शाम तक मौसम का मिजाज बदला रहा और आसमान में बादल मंडराते रहे। जिला अस्पताल के छाती रोग विशेषज्ञ डा. डीके वर्मा बताते हैं कि बदलते मौसम में लोग स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। अभी ठंडे पेय पदार्थ के सेवन से बचें। रोजेदार इफ्तार में ठंडा पानी न पिएं। रोजा इफ्तार में सादा पानी पिएं। इससे स्वास्थ्य बेहतर रहेगा।

### हाल-ए-मौसम

| | |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | 27 डिग्री सेल्सियस |
| न्यूनतम तापमान | 20 डिग्री सेल्सियस |
| आद्रता | 50 प्रतिशत |
| वायु वेग | 14 किमी प्रति घंटा |

## कोतवाली क्षेत्र से युवक की बाइक चोरी

**रामपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र से युवक की बाइक चोरी हो गई। चोरी करने वाला युवक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। इसके बाद पुलिस आरोपी को तलाश रही है।

शहर में लगातार बाइक चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। लेकिन पुलिस इन पर अंकुश नहीं लगा पा रही है। रविवार की दोपहर करीब 2:30 बजे हाफिज साहब की दरगाह वाली मस्जिद से युवक की बाइक चोरी हो गई। कुछ देर के बाद जब युवक मस्जिद से बाहर आया तो बाइक गायब देखकर सन्न रह गया। आसपास तलाश करने पर भी जब बाइक का पता नहीं चला तो उसने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखीं। इसमें एक युवक बाइक को ले जाता हुआ दिखाई दिया। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के जरिए वाहन चोर को तलाश रही है।

# गांवों में चलाया जाएगा ओडीएफ प्लस स्वच्छता अभियान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- ओडीएफ प्लस की कार्य योजना पर कराए जाएंगे कार्य
- 378 ग्राम पंचायतों के 505 गांव ओडीएफ प्लस की श्रेणी में शामिल

**अमृत विचार :** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज दो के तहत जनपद की ग्राम पंचायतों को अभियान के लिए चिन्हित किया गया है। चयनित गांवों को पूरी तरह गंदगी मुक्त किया जाएगा।

सरकार ने गांवों को गंदगी से पूरी तरह मुक्त करने का बीड़ा उठाया है। प्रदेश में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज दो के अंतर्गत गांवों को ओडीएफ प्लस करने का काम चल रहा है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में जिले की 36 ग्राम पंचायतों के 42 गांवों में ओडीएफ प्लस के तहत कार्य कराए गए। मगर जिम्मेदारों की लापरवाही से कोई भी ग्राम पंचायत 31 मार्च तक ओडीएफ प्लस घोषित नहीं हो सकी। अब 378 ग्राम पंचायतों के 505 गांवों को ओडीएफ प्लस की श्रेणी में शामिल कर लिया गया है। इस वित्तीय वर्ष में इन गांवों में ओडीएफ प्लस की निर्धारित कार्य योजना पर काम कराए जाएंगे। सभी चयनित गांव दो हजार से अधिक आबादी वाले हैं। पंचायती राज विभाग 15 अप्रैल तक कार्य योजना तैयार करेगा। इन ग्राम पंचायतों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए सामुदायिक खाद व व्यक्तिगत खाद गड्ढे, नाडेप, वर्मी व विड्रो कंपोस्टिंग, कूड़ा पात्र, अपशिष्ट एकत्रीकरण के लिए वाहन, आरआर सेंटर आदि बनाए जाएंगे।

# बच्चों में कूट-कूट कर भरी है प्रतिभा : संजीव

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मुख्य अतिथि बेसिक शिक्षाधिकारी संजीव कुमार ने कहा कि बच्चों में प्रतिभा कूट-कूट कर भरी हुई है। बच्चे मेहनत करें। उनकी लगन उन्हें उन्नति के पथ पर ले जाएगी।

टिकट गंज स्थित शिव कॉन्वेंट स्कूल में रविवार को वार्षिकोत्सव हुआ। इसमें बीएसए ने बच्चों को पुरस्कृत किया। उन्होंने नर्सरी से कक्षा आठ तक के प्रथम आए बच्चों को ट्रॉफी देकर प्रोत्साहित किया। वार्षिकोत्सव मनाते हुए परीक्षाफल भी वितरित किया। इस अवसर पर रियांसी, अर्नव, विधि, दानिश, संध्या, सोनम, अभिनव, माही, नियासा, रचित, नव्या, पलक ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष देवेंद्र कुमार सिंह, रिटायर्ड प्रधानाध्यापक राजेंद्र कुमार सिंह, जगतपाल सिंह, रविंद्र रवि, मुकेश पाठक, अजहर मियां, बरेली से जेएन इंटरनेशनल स्कूल की प्रिंसिपल मिली घोष आदि उपस्थित रहे।



मानव मीनार बनाते मार्शल आर्ट के प्रशिक्षणार्थी। ● अमृत विचार

### बच्चों ने दिखाया मार्शल आर्ट का हुनर

स्कूल के बच्चों ने मंच से मार्शल आर्ट की प्रशिक्षक कृष्णा की देख रही में जबरदस्त प्रस्तुति दी। बच्चों ने मार्शल आर्ट की बेसिक एक्सरसाइज, बिना हथियार आत्मरक्षा और हाथों से टाइल्स तोड़ कर अचंभित कर दिया। प्रशिक्षक ने कहा कि वह बच्चों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए तैयार करेंगे। बहुत जल्दी कराटे राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए तैयार करेंगे। स्वागत प्रबंधक ठाकुर अजय सिंह ने किया। प्रधानाचार्य प्रणवीर सिंह, रचना सिंह, बबीता, पूजा, प्रीति, मुस्कान, विनीता, ज्योति आदि अध्यापिकाएं मौजूद रहीं। सुजाता और अंजलि ने मंच का संचालन किया।

**परेशानी** — सुबह 10 बजे रजा, डूंगरपुर बिजलीघर से लिया गया शट डाउन, खाली हो गईं पानी की टंकी, इनवर्टर भी दे गए जवाब

# नौ घंटे ठप रही मोरीगेट, डूंगरपुर और जेल रोड की बिजली

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** रविवार को शहर की घनी आबादी में नौ घंटे बिजली ठप रही। इससे लोगों का हाल बेहाल हो गया। घरों में लगे इनवर्टर जवाब दे गए और पानी की टंकियां भी खाली हो गईं। करीब दस हजार की आबादी को दैनिक कार्यों को पूरा करने के लिए दुश्वारियों का सामना करना पड़ा। रोजे से आधे घंटे पहले बिजली आने पर लोगों ने इफ्तारी की तैयारी शुरू की।

बिजली निगम के अधिकारियों के अनुसार शहरवासियों को निर्बाध रूप से आपूर्ति देने के लिए काम कराया जा रहा है। पुराने तार व खंभों को बदलवाकर नया लगाया जा रहा है। यह कार्य केंद्र 98 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है। इसमें लेटलतीफी व शहरवासियों की समस्या को देखते हुए शहर विधायक आकाश सक्सेना से बिजली निगम के अधिकारियों से जानकारी ली थी। उन्होंने कार्य में तेजी लाए जाने के निर्देश दिए थे। इस पर निगम के अधिकारियों ने ठेकेदार से जल्द ही काम पूरा कराने की बात कही थी। इसके बावजूद काम में तेजी नहीं आई है। विकास भवन में हुई बैठक में सांसद घनश्याम सिंह लोधी ने भी यह मुद्दा उठाया था। ठेकेदार को समझाया था कि समय रहते काम पूरा करें।

बिजली निगम के उच्च अधिकारियों के अनुसार इसके लिए मार्च तक का समय निर्धारित किया था। निर्धारित समय बीत गया है। मगर आधे से ज्यादा शहर में काम नहीं हो सका है। इस स्थिति को लेकर बिजली निगम के अधिकारी भी परेशान हैं।


जेल रोड पर तार बदलते कर्मचारी। ● अमृत विचार

### रजा बिजलीघर के जेई की एसई से की शिकायत

सोशल एक्टिविस्ट मोहम्मद राकिम खां ने रजा बिजलीघर के जेई की शिकायत एसई से की है। शिकायती पत्र में कहा है कि रजा इंटर कालेज के 33/11 केवीए बिजलीघर से रोजाना सुबह आठ से 10 बजे तक कटौती की जा रही है। 24 घंटे में से 12 से 14 घंटे बिजली मिल रही है। कहा कि बिजली नहीं आने पर सब स्टेशन के सीयूजी नंबर पर फोन किया जाता है तो डयूटी पर तैनात एसएसओ द्वारा फोन रिसीव नहीं किया जाता। उन्होंने जेई पर आरोप लगाया कि उपभोक्ताओं के प्रति उनका रवैया सही नहीं है।

### इन मोहल्लों में रही दिक्कत

नालापार, मोहल्ला आफरीदियान, भुर्जी का भाड़, जेल रोड, मुमताज पार्क, घेर मियां खां, डिग्री कालेज, खुसरो बाग, मजार हाफिज साहब, बाजोड़ी टोला, शुतरखाना, बिलासपुर गेट, घेर कलदंर खां, चौकी पाखड़, पुलिस लाइन, नई तहसील क्षेत्रों के लोगों ने नौ घंटे तक बिजली संकट झेला।

## संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

**रामपुर, अमृत विचार :** थाना गंज के मोहल्ला चपटा कालोनी में संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत हो गई। पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया है।

थाना गंज क्षेत्र की चपटा कालोनी निवासी 20 वर्षीय महक की दो माह पहले पास के ही रहने वाले अमन से प्रेम प्रसंग के चलते शादी हुई थी। तभी से महिला चपटा कालोनी में रह रही थी। उसका पति दिल्ली में नौकरी करता है। शनिवार को अमन घर आया था। रविवार की रात वह किसी काम से कहीं गया था। रात करीब 8:30 बजे जब अमन घर पहुंचा तो पत्नी को बेहोश देख होश उड़ गए। अमन उसे तत्काल अस्पताल ले गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। गंज इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने बताया मृतका के परिजन दिल्ली में रह कर मजदूरी करते हैं। उनके आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# आवास विकास में पानी की प्रेशर डाउन, लोग परेशान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- कई बार की जा चुकी है शिकायत, नहीं हो रहा समाधान
- एक सप्ताह से परेशानी झेल रही है 15,000 लोगों की आबादी

**अमृत विचार :** नगर पालिका की उपेक्षा की वजह से आवास विकास कॉलोनी में पानी का प्रेशर काफी धीमा है। इससे मोहल्लों में पानी की गति धीमी हो चुकी है। इसकी वजह से लोग सुबह आपूर्ति आने पर पानी भी नहीं भर पा रहे हैं। आवास विकास कॉलोनी में यह समस्या सप्ताह भर से है। इसके लिए नगर पालिका में भी शिकायत की गई लेकिन कोई हल नहीं निकला।

पुरानी आवास विकास कॉलोनी में 15,000 से अधिक की आबादी रहती है। यहां एक सप्ताह से पानी की आपूर्ति सहीं ढंग से नहीं आ रही है। सुबह छह बजे से टंकियों में पानी काफी धीमी गति से न के बराबर के आ रहा है। इससे कॉलोनी के लोग परेशान है। कॉलोनी में टंकियों के नीचे बॉल्टी लगाने पर भी काफी देर में पानी भर पा रहा है। पानी की रफ्तार धीमी होने की शिकायत कई बार नगर पालिका के अधिकारियों से की जा चुकी है। पानी न आने की वजह से लोगों की दिनचर्या अस्त व्यस्त हो जाती है। जिन्होंने घरों में मोटर लगी हैं उन्हें आसानी से पानी मिल रहा है। लेकिन अन्य घरों को दूसरे मोहल्ले से पानी लेना पड़ रहा है। अधिकारियों का कहना है कि शिकायत आने के बाद पानी की आपूर्ति सही कराने के निर्देश दिए गए थे। कॉलोनी के लोगों का कहना है कि अभी भी सप्लाई पूरी तरह से नहीं आ सकी है।

## एक नजर

### ई-रिक्शा चालक ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

मुरादाबाद, अमृत विचार : मझोला थाना क्षेत्रांतर्गत एकता कालोनी निवासी ई–रिक्शा चालक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। एकता कालोनी निवासी नीरज (20) ई–रिक्शा चलाता था। परिवार में पिता राकेश की पहले ही मौत हो चुकी है। उसके मां, चार भाई और दो बहनें हैं। एसएचओ मझोला केके वर्मा ने बताया कि शनिवार रात नीरज घर लौटा था। वह फोन पर किसी से बातचीत करने के बाद कमरे में गया और छत पर लगे पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

### बैंकों व अन्य कार्यालयों में रही गहमागहमी

मुरादाबाद, अमृत विचार : वित्तीय वर्ष 2023–24 के अंतिम दिन रविवार की छुट्टी में भी कई सरकारी कार्यालयों और बैंकों में गहमागहमी रही। वित्तीय वर्ष के आखिरी दिन सरकारी खजाने में लगभग डेढ़ अरब का आयकर बरसा। वित्तीय वर्ष के आखिरी दिन कुल ढाई अरब का लेनदेन दर्ज किया गया। कई कार्यालयों में रात 12 बजे तक काम हुआ। वित्तीय वर्ष 2023–24 के अंतिम दिन रविवार पड़ने के बावजूद सरकारी कार्यालयों में छुट्टी का असर नदारद रहा। बीमा समेत कई निजी कंपनियों के कार्यालय भी देर रात तक गुलजार रहे। जिले में सरकारी लेनदेन के लिए अधिकृत राष्ट्रीयकृत बैंकों की पंद्रह शाखाएं देर शाम तक खुली रहीं। जहां आयकर सरकारी देय जमा कराया गया।

### 22 को बालाजी जन्मोत्सव

मुरादाबाद, अमृत विचार : रविवार को महाकालेश्वर बालाजी धाम सम्राट अशोक नगर में श्री मेहंदीपुर बालाजी सेवा समिति की बैठक हुई। जिसमें बताया कि 22 से 27 अप्रैल तक बालाजी जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। जन्मोत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक में चर्चा की गई। महामंडलेश्वर स्वामी संजय नंद गिरी महाराज, विनोद राय, शुभम कर्नवाल, राजीव गुप्ता, डीएस चौहान, देशराज ठाकुर, आराधना अग्रवाल शामिल रहे।

### पत्रकार की हार्ट अटैक से मौत, बेटी ने दी मुखाग्नि

मुरादाबाद, अमृत विचार : हृदय गति रुकने से पत्रकार की मौत हो गई। इकलौती बेटी गुनगुन ने पिता की चिता को मुखाग्नि देकर अंतिम संस्कार की क्रिया पूरी की। महानगर की कांशीराम कॉलोनी के सी ब्लाक निवासी अनिल सक्सेना (45 वर्ष) पत्रकार थे। शनिवार की रात उन्होंने हंसी खुशी परिजनों और साथी पत्रकारों के साथ जन्मदिन मनाया था। रात करीब 3 बजे उनकी हार्ट अटैक से मौत हो गई।

# कोषागार में मिले 148 करोड़ के स्टांप

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : वित्तीय वर्ष के आखिरी दिन रविवार को जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने कोषागार के डबल लाक का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान पुराने बाक्स आदि को देखकर उसके निस्तारण का निर्देश दिया। 148 करोड़ रुपये मूल्य का सामान्य स्टांप जमा देखकर जिलाधिकारी चौंक गए।

जिलाधिकारी ने देखा कि 92 महत्वपूर्ण आइटम ऐसे थे जिसका निस्तारण हो जाना चाहिए था। उन्होंने मुख्य कोषाधिकारी रेनू बौद्ध को निर्देश दिया कि टीम गठित कर 5 साल से पुराने वैल्यूवल आइटमों की समीक्षा कर बड़ी संख्या में रखे बाक्स आदि का निस्तारण सुनिश्चित कराएं। कोषागार में 148 करोड़ के जनरल स्टाम्प जमा होने की जानकारी दी गई। बताया गया कि ई-स्टाम्प आ जाने के कारण जनरल



कोषागार का निरीक्षण करते जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह। ● अमृत विचार

▸▸ ई-स्टांप के चलते बने हालात, डीएम ने कोषागार का किया निरीक्षण

स्टाम्प को निकाला नहीं जा सका है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि अपर जिलाधिकारी वित्त व राजस्व सभी सब रजिस्ट्रार के साथ समीक्षा कर जनरल स्टाम्प का निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। कोषागार के अभिलेखागार में देखा कि 1975 के वित्तीय अभिलेख रखें हैं, जबकि नियमानुसार 35 वर्ष के बाद वित्तीय अभिलेखों का निस्तारण कर दिया जाना चाहिए था, इस पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने टीम गठित कर अधिक पुराने वित्तीय अभिलेखों का निस्तारण कराने के निर्देश दिए। कोषागार में मुख्य गेट की दीवार पर बिजली के तार बिखरे थे, जिस पर उन्होंने नाराजगी जताई। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन गुलाब चन्द आदि मौजूद रहे।

## लोकसभा चुनाव में महानगर के मतदाताओं को हैं अपने भावी जनप्रतिनिधि से उम्मीदें

# जनता के बीच रहे सांसद, समस्या निदान में ले रुचि

**ऐसा हो हमारा सांसद**

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : चुनाव में प्रत्याशी मतदाताओं से लाख दावे वादे करें लेकिन, जनता की अपेक्षा उनसे अलग है। वह चाहती है कि सांसद बनने के बाद वह जनसमस्याओं के निदान में रुचि ले। बड़ी डींग हांकने की बजाय धरातल पर रहकर काम करे।

महानगर के मतदाता लोकसभा चुनाव में भावी सांसद से बड़ी उम्मीद लगाए हैं। कहीं मोहल्लों की जर्जर सड़कों से परेशान लोग इस बार इस समस्या का समाधान चाहते हैं तो कोई नाली के पानी के बीच नारकीय जीवन जीने से अब छुटकारे की आस लगाए हैं। राजस्व विभाग के कार्यालयों के चक्कर काट कर थके लोग सरकारी विभागों की कार्यशैली में सुधार के लिए ठोस पहल चाहते हैं।

फल सब्जी मंडी के आढ़ती मंडी की दयनीय हालत से निजात की आस भावी सांसद से लगाए हैं।



"महानगर में बड़ी समस्या रोजगार की है। छोटे कारोबारियों को उजाड़ने से पहले उनके पुनर्वास की पहल सरकार करे, चुनाव जीतने के बाद सांसद केवल दिल्ली का न होकर रह जाए। वह अपने लोकसभा क्षेत्र के नागरिकों की समस्याओं से रुबरू होकर उनका समाधान कराए। जाति धर्म से ऊपर की सोच रखने वाला जनप्रतिनिधि चाहिए।"

–असलम खान, गलशहीद



"नवीन फल सब्जी मंडी मंडल के जिलों के लिए आपूर्ति करती है। लेकिन, मंडी की दयनीय हालत किसी ने सुधारने की पहल नहीं की। ऐसे में जो भी सांसद इस बार लोकसभा चुनाव में बने उससे उम्मीद है कि वह इस स्थिति में सुधार की ठोस पहल करे। मंडी समिति के आढ़तियों के दुख दर्द को दूर करने वाला जनप्रतिनिधि होना चाहिए।"

–मोहम्मद अली, आढ़ती, मंडी समिति



"बिना किसी भेदभाव सबको साथ लेकर चलने वाला सांसद चाहिए। निर्यातकों और कारोबारियों को नये नियमों से परेशानी न हो इसका ध्यान रखने वाला हो। वह सबके हित में सोचे। संसद में क्षेत्र की समस्याओं को उठाकर उनका समाधान कराए। सरकारी योजनाओं का लाभ पात्रों को पारदर्शिता के साथ दिलाने में सहयोगी हो।"

–फिरोज खान, लालबाग

▸▸ जाति धर्म से ऊपर की सोच रखने वाला होना चाहिए जनप्रतिनिधि



"आवागमन में प्रमुख मार्गों की दयनीय हालत रोड़ा बनती है। जब सांसद महानगर की सड़कों पर खुद निकलेंगे तो उन्हें गड्ढों से होकर आने जाने वाली जनता का दर्द समझ में आएगा। लक्जरी गाड़ियों में घूमने की जगह जनता के दर्द को समझने वाला जनप्रतिनिधि ही इस बार चाहिए। सड़क, बिजली, पानी और अस्पतालों में जरूरतमंद लोगों की दवा का इंतजाम भी कराए।"

–ममता सिंह, आजाद नगर

# लोकसभा चुनाव में दहशत फैलाने के लिए तैयार हो रही थी असलहों की खेप

## जिले के भोजपुर थाना क्षेत्र में खंडहर पड़े ईंट भट्ठे में चल रहा था अवैध शस्त्र का कारखाना

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : जिले की भोजपुर थाना पुलिस ने अवैध असलहा बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए एक आरोपी को मौके से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से तीन तमंचे 12 बोर, चार तमंचे 315 बोर, एक 12 बोर बंदूक पोनिया, एक 12 बोर का तमंचा बरामद किया है। एसपी देहात ने पुलिस लाइन सभागार में अवैध शस्त्र फैक्ट्री का खुलासा किया।

लोकसभा चुनाव में मतदान की तारीख जितनी नजदीक आ रही है उसे लेकर पुलिस प्रशासन भी सतर्कता बरत रहा है। जिले में 19 अप्रैल को लोकसभा के पहले चरण में मतदान होना हैं। जिसके तहत पुलिस द्वारा अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में पुलिस को कामयाबी मिली है। पुलिस ने भोजपुर थाना क्षेत्र के गणेशपुर में बंद पड़े ईंट भट्ठे के खाली खंडहर से अवैध शस्त्र बनाने का कारखाना पकड़ा है।



पुलिस लाइन में पत्रकार वार्ता में आरोपी के बारे में जानकारी देते एसपी ग्रामीण।

**पर्दाफाश**

▸▸ आरोपी अनीस पर पहले से ही दर्ज हैं पांच मुकदमे

▸▸ चार से पांच हजार रुपये में आरोपी बेचते थे एक तमंचा

पुलिस ने कारखाना संचालित कर रहे गैंग के एक सदस्य अनीस निवासी भोजपुर कस्बा जामा मस्जिद को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में असलहा बनाने के उपकरण, तमंचे, कारतूस और नकदी बरामद की है। पूछताछ में पकड़े गए आरोपी अनीस ने बताया कि लोकसभा चुनाव होने वाले हैं, जिसमें तमंचों की मांग लोग करते हैं। तमंचों से मुझे अच्छी खासी कीमत मिल जाती है। लोगों की मांग के अनुसार उन्हें तमंचे बनाकर देता हूं। प्रेसवार्ता के दौरान एसपी देहात संदीप कुमार मीना ने बताया कि अनीस नाम का आरोपी भोजपुर इलाके के बंद पड़े ईंट भट्टी के खंडहर में अवैध असलहा फैक्ट्री संचालित कर रहा था। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से भारी मात्रा में तमंचे और कारतूस बरामद किए हैं। उन्होंने बताया कि आरोपी का पहले से आपराधिक इतिहास है। उस पर पांच मुकदमे दर्ज हैं। एसपी देहात के मुताबिक आरोपी ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव में तमंचों की लोगों द्वारा मांग की जाती है। चार से पांच हजार तक एक तमंचा बिकता है। पुलिस ने आरोपी अनीस को कोर्ट में पेश किया, जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

### इन विकल्पों से भी कर सकते हैं मतदान

मुरादाबाद, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए जिन मतदाताओं के पास मतदाता पहचान पत्र नहीं है उनके लिए केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने कई विकल्प जारी किए हैं। इसमें आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड आदि शामिल हैं।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी गुलाब चंद ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार लोक सभा चुनाव में मतदाता पहचान पत्र प्रमुख है। लेकिन, जिसके पास मतदाता फोटो पहचान पत्र नहीं है उसके विकल्प के रूप में भी पहचान सिद्ध करने के लिए कई दस्तावेज मान्य किए गए हैं। जिसमें आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों/डाकघरों द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैनकार्ड, एनपीआर के अन्तर्गत आरजीआई द्वारा जारी किए गये स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गये फोटोयुक्त सेवा पहचान-पत्र, सांसदों/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी पहचान पत्र मान्य होंगे।



कॉलोनी में घुसा तालाब का गंदा पानी। ● अमृत विचार

# गंदे पानी की निकासी न होने से लोगों को परेशानी, आक्रोश

संवाददाता, मैनाठेर

▸▸ नगर पंचायत महमूदपुर माफी के वार्ड 8 के लोग हो रहे परेशान

अमृत विचार : नगर पंचायत महमूदपुर माफी की बहमन कॉलोनी में घुसा तालाब का गंदा पानी लोगों के लिए मुसीबत बन गया है। इसे लेकर लोगों में रोष है। परेशान लोग बाल्टियों से पानी को निकाल रहे हैं।

नगर पंचायत महमदपुर माफी के वार्ड 8 में लोगों में आक्रोश है। यहां के निवासी गंदगी और गंदे पानी की निकासी न होने से परेशान है। बहमन कॉलोनी के पास में तालाब है जिसमें गांव का गंदा पानी आता है। तालाब भर जाने के बाद गंदा पानी में बहमन कॉलोनी में जा घुसा। वही निकासी न होने के कारण यह पानी सड़कों पर भरा है। जिसे लोगों को आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शिकायत के बाद भी सभासद द्वारा समस्या का हल न कराने से लोगों में रोष है। वहीं चेयरमैन प्रतिनिधि मंगलसेन सैनी ने बताया कि कॉलोनी के पास तालाब पानी से भर गया है। जिसका पानी उतरकर कॉलोनी में घुस गया था।जिसको वाटर टैंक द्वारा साफ कर दिया गया है। पानी की समस्या को जल्द दूर किया जाएगा।

# रिजल्ट पाकर खिले विद्यार्थियों के चेहरे

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : सर सैय्यद सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा संचालित निशुल्क इंग्लिश मीडियम स्कूल में वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को रिपोर्ट कार्ड देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

महानगर के करूला में सर सैय्यद सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा पिछले तीन सालों से निशुल्क इंग्लिश मीडियम स्कूल संचालित किया जा रहा है। जिसके आसपास के गरीब बच्चों को निशुल्क शिक्षा दी जाती है। इसी कड़ी में स्कूल में पढ़ने वाले 150 बच्चों को वार्षिक परीक्षाफल वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि निर्यातक हाजी नोमान आदिल, सोसाइटी के अध्यक्ष मोहम्मद आबिद व जाबिर हुसैन एडवोकेट रहे। जिन्होंने बच्चों का वार्षिक परीक्षाफल वितरित किया। इस दौरान समिति के अध्यक्ष मोहम्मद आबिद ने कहा कि हमारी सोसाइटी 150 बच्चों को निशुल्क शिक्षा दे रही है। उन्होंने कहा कि अगले सत्र से समिति की ओर से स्कूल में बच्चों के लिए लाइब्रेरी की स्थापना की जाएगी। प्रबंधक सलमा बी एडवोकेट ने कहा कि शिक्षा प्रत्येक व्यक्ति के लिए आवश्यक है। शिक्षा ही हमारे जीवन में उजाला लेकर आती है। इस मौके पर स्कूल की प्रधानाचार्य कुमारी महक खान, गौसिया बी, आफशा, मौलाना सोहेल, मोहम्मद दाऊद, मोहम्मद शोएब, अविजा व साजिद शामिल रहे।



मेधावी छात्रा को पुरस्कृत करते सोसाइटी के पदाधिकारी, साथ में शिक्षक। ● अमृत विचार

▸▸ सोसाइटी ने स्कूल के 150 बच्चों को बांटा वार्षिक परीक्षाफल

### अब बिजली ट्रिपिंग ने बढ़ाई लोगों की समस्या

मुरादाबाद, अमृत विचार : तापमान बढ़ते ही बिजली कटौती के साथ-साथ अब ट्रिपिंग की समस्या ने महानगरवासियों की नींद उड़ा दी है। रात 12 बजे से बिजली कटौती के साथ ट्रिपिंग होने की समस्या बढ़ गई है।

रविवार की सुबह से बिजली आपूर्ति बीस मिनट आने के बाद आधे से एक घंटे के लिए बिजली गुल होती रही। पीटीसी उपकेंद्र के नवीन नगर, अवंतिका आशियाना कालोनी, नयागांव, चक्कर की मिलक में रात भर बिजली ट्रिपिंग होती रही। आशियाना कॉलोनी के रहने वाले मोहित कपूर ने बताया कि रविवार की रात 11 बजे से बिजली गायब होना शुरू हो गई है। सुबह पांच बजे तक बिजली आधे से एक घंटे के बाद आई। ऐसा सुबह तक तीन से चार बार हुआ। मोहल्ला नयागांव निवासी रईस उद्दीन ने बताया कि रात से सुबह तक दो बार बिजली गुल हुई।

# टूटी सड़क, नाला निर्माण में सुस्ती से बढ़ी मुसीबत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : मुरादाबाद-कांठ-हरिद्वार मार्ग पर हरथला के पास करीब एक किलोमीटर लंबी टूटी व जर्जर सड़क के गड्ढे और उस पर उड़ रही धूल मिट्टी स्मार्ट सिटी को मुंह चिढ़ा रहा है। एक साल से अधिक समय से इस सड़क पर कभी अतिक्रमण का रोड़ा तो अब काम करने में विभागों की सुस्ती नागरिकों पर भारी पड़ रही है। नाला निर्माण के चलते इन दिनों निकली मिट्टी व धूल का गुबार लोगों के लिए मुसीबत बना है। इससे हादसे की आशंका भी बढ़ी है।

किला तिराहे से लेकर विकास भवन तक की मुख्य सड़क पर जहां तहां नाला व सड़क की खोदाई के बाद मिट्टी के ढेर रह गए थे। उसके सूखने के बाद धूल के गुबार से हर कोई परेशान है। दोपहिया वाहन चालकों को इससे अधिक असुविधा हो रही है। सड़क हादसे की आशंका भी बनी है। तो वहीं धूल मिट्टी के कण आंख और नाक में पड़ने और नाला खोदाई के चलते सड़क पर बह रहे गंदे पानी से संक्रामक बीमारी की आशंका बढ़ी है। इस रास्ते से प्रतिदिन हजारों की संख्या में हल्के और भारी वाहन गुजरते हैं। जिसमें एंबुलेंस, स्कूल, कॉलेजों के वाहन भी शामिल हैं। गड्ढों में हिचकोले खाने से एंबुलेंस में गंभीर मरीजों की परेशानी और बढ़ रही है। वहीं डिवाइडर को टेढ़ा मेढ़ा कर दिए जाने से लंबा जाम लग रहा है। नाला और सड़क निर्माण में सुस्ती का खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है। सड़क निर्माण का कार्य लोक निर्माण विभाग और नाला निर्माण नगर निगम को कराना है। वहीं सड़क किनारे खड़े निष्प्रयोज्य बिजली के खंभे और लटकते तार बिजली विभाग को हटाने हैं। लेकिन, काम में किसी विभाग की तेजी नहीं दिख रही है। ऐसे में एक साल से अधिक समय से इस सड़क से आवाजाही भारी पड़ रही है।



हरथला में टूटी सड़क से गुजरते राहगीर। ● अमृत विचार

▸▸ गड्ढा और धूल मिट्टी के बीच लोग कर रहे आवाजाही

▸▸ धूल उड़कर लोगों की आंख में पड़ने से दुर्घटना की भी आशंका

**हरथला के दुकानदारों पर पड़ रही दोहरी मार**

इस सड़क के दोनों पटरियों में संचालित दुकानों के संचालक कार्य में सुस्ती से दुखी हैं। एक तो दुकान के आगे नाला और सड़क की खोदाई से धूल मिट्टी उड़ने से उनके दुकान में रखे सामान इससे पट जा रहे हैं। तो वह मास्क पहनकर दुकान पर बैठ रहे हैं। नाले का स्लैब तोड़ दिए जाने से निकली सिल्ट, मिट्टी और सड़क के गड्ढों के चलते दुकान पर ग्राहक आने से कतरा रहे हैं। जिससे त्योहारी सीजन में भी दुकानदारी चौपट हो रही है।

**कार्यक्रम** खगोल विज्ञान से संबंधित आउट रिच कार्यक्रम में बालिकाओं को किया सम्मानित

# बालिकाओं ने सौर मंडल के ग्रहों की ली जानकारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश की ओर से जिले के दो कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों का चयन किया गया है। जिसमें खगोल विज्ञान से संबंधित आउटरीच कार्यक्रमों का आयोजन कराया जा रहा है।

इसके अंतर्गत खगोल विज्ञान की हेड्स आन एक्टिविटी, दिन में सूर्य दर्शन तथा रात्रि में टेलीस्कोप के माध्यम से आकाश और ग्रहों का दर्शन कराकर उनसे संबंधित खगोलीय जानकारी प्रदान की जा रही है। क्षेत्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी केंद्र मुरादाबाद के विशेषज्ञों द्वारा आउटरीच कार्यक्रम के पहले दिन नगर क्षेत्र के कस्तूरबा विद्यालय में और रविवार को कांठ के कस्तूरबा विद्यालय में खगोल विज्ञान की गतिविधियों का क्रियान्वयन कराया गया। आउटरीच कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं ने बड़ी रुचि ओर उत्सुकता के साथ तारामंडल की राशियों, सौर मंडल के ग्रहों आदि की जानकारी प्राप्त की और उनसे संबंधित मॉडल भी बनाए। बालिकाओं ने खगोल विज्ञान के विशेषज्ञ मनोज कुमार से ग्रहों ओर राशियों के क्रियाकलापों से संबंधित अपनी जिज्ञासाओं को शांत किया। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में नगर की 94 तथा कांठ की 100 बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की समाप्ति पर सभी बालिकाओं को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से क्षेत्रीय वैज्ञानिक अधिकारी सुरेश चंद्र शर्मा, विज्ञान विभाग के विशेषज्ञ मनोज कुमार, राजेश सारस्वत, शलभ शर्मा के साथ ही कस्तूरबा विद्यालयों की वार्डन, शिक्षिकाएं और छात्राएं मौजूद रहीं।



कस्तूरबा विद्यालय की छात्राओं को खगोल विज्ञान से सम्बन्धित जानकारी देते विशेषज्ञ।

### प्रजापति समाज ने खेली फूलों की होली

मुरादाबाद, अमृत विचार: दिल्ली रोड स्थित एक बैंक्वेट हॉल में प्रजापति समाज के लोगों ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया। इसमें दूर दराज से समाज के लोगों ने हिस्सा लिया।

रविवार को प्रजापति समाज के होली मिलन समारोह के आयोजक अर्जुन प्रजापति व खिलेंद्र प्रजापति ने दूर दराज व अन्य प्रदेशों से आए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर जिला जज मुजफ्फरनगर कमलापति प्रजापति ने भी फूलों की होली खेली। मुख्य अतिथि ने समाज के लोगों से अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाने और उनके अच्छे मार्गदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया। इस मौके पर रमेश, जिला पंचायत सदस्य दिनेश प्रजापति, सतीश प्रजापति, एडवोकेट ज्योति गोला, लक्ष्मण प्रजापति, नितेश प्रजापति, डोरी लाल, पंकज, सचिन, मनोज आदि मौजूद रहे।

# बुजुर्गों के बीच मनाया होली महोत्सव

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : मिलन विहार स्थित वृद्धाश्रम में सर्व प्रयास सीता रसोई ट्रस्ट एवं मिलन विहार विकास समिति के संयुक्त तत्वाधान में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें होली के गीत सुनाए गए। वृद्धाश्रम में वृद्धों के साथ होली मनाने से उन्हें अपार खुशी मिली। समिति व ट्रस्ट के सदस्यों ने बुजुर्गों के साथ भोजन भी किया।

रविवार को मिलन विहार में बने वृद्धाश्रम में सर्वप्रयास सीता रसोई ट्रस्ट संस्था की सहयोगियों के साथ गायत्री डांस इंस्टीट्यूट द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर राधा-कृष्ण की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। वहीं फूलों की होली भी खेली गई। वृद्धाश्रम में रहने वाले बुजुर्गों ने उत्साह दिखाया। बाद में सभी ने बुजुर्गों के साथ भोजन किया। कार्यक्रम में सुनील कुमार शर्मा, अशोक शर्मा, उदयभान सिंह, सुधांशु कौशिक, धीरज गुप्ता, इं. सुनील शर्मा, विवेक पांडेय, दीपक गुप्ता, डॉ. अक्षय कुमार, पुनीत अग्रवाल, अक्षय शर्मा, सत्यप्रकाश वार्ष्णेय, डॉ. हेमंत चौधरी, अशोक गुप्ता, जूही माथुर, सुप्रीत सिंह, छाया गुप्ता, जूही शर्मा, गीता शर्मा, गीतांजलि दक्ष, अंजू पांडेय, सुनीता चौधरी, शिखा शर्मा, उषा गुप्ता संजीव शर्मा, हृदेश कुमार सिंह, शिवम गुप्ता, गिरिजा शंकर पाण्डेय, नरेश अरोड़ा आदि उपस्थित रहे।



मिलन विहार स्थित वृद्ध आश्रम में बुजुर्गों के साथ होली उत्सव में मौजूद पदाधिकारी।

▸▸ सीता रसोई ट्रस्ट व मिलन विहार विकास समिति के सदस्यों ने किया आयोजन

एक नजर



इंजेक्शन लगाता स्वास्थ्य कर्मी।

### 50 लोगों को लगा एआरवी का इंजेक्शन

**गजरौला, अमृत विचार :** शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में बंदर व कुत्तों का डर बढ़ता जा रहा है। घरों व खेतों में काम कर रहे लोगों पर हमलाकर काट रहे हैं। रास्ते से गुजर रहे लोगों को भी निशाना बना रहे हैं। सीएचसी में शनिवार को क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों से बंदर व कुत्तों के काटे 50 से अधिक लोग इंजेक्शन लगवाने के लिए सीएचसी पहुंचे। जिनको एंटी रैबीज इंजेक्शन लगाया गया। डॉ. योगेंद्र सिंह ने बताया कि भूखे रहने के कारण कुत्ते आक्रमण हो रहे है। कुत्तों से बचने के लिए खेत पर अकेले न जाएं। अपने बचाव के लिए लाठी साथ लेकर जाएं।

### घर के बाहर खेल रही बच्ची कुत्तों के हमले में घायल

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव धोरिया एतमाली में शनिवार शाम घर के बाहर खेल रही बच्ची को कुत्तों ने हमला कर जख्मी कर दिया। गांव निवासी जितेंद्र की एक वर्षीया बेटी नीतू शनिवार शाम घर के बाहर खेल रही थी। तभी वहां कुत्ते आ गए और बच्ची पर हमला बोल दिया। नीतू की चीख सुनकर आसपास के घरों के लोग मौके पर पहुंचे और लाठी-डंडों से कुत्तों को खदेड़ा। लहूलुहान नीतू को परिजन निजी चिकित्सक के यहां लेकर पहुंचे, जहां से उसकी हालत गंभीर बताते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। परिजनों ने उसे दिल्ली के अस्पताल में भर्ती कराया है।

### मुबारिजपुर में काली मां ध्वजा मेला आज

**मुबारिजपुर, अमृत विचार :** ब्लाक गंगेश्वरी क्षेत्र के गांव मुबारिजपुर में धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मां काली की ध्वजा आज दोपहर से निकाली जाएगी। जिसमें क्षेत्र के लोग शामिल होते हैं। मान्यता है कि जो भक्त मां काली मां के मेला में अर्जी लगता है, उसकी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। सुरक्षा की दृष्टि से थाना प्रभारी राजीव कुमार पुलिस बल के साथ मौजूद रहेंगे। यह जानकारी मेला कमेटी के अध्यक्ष कालीचरन भगत व खेमचन्द भगत ने दी है।

# कॉटन वेस्ट के कारखाने में लगी भीषण आग, मची अफरातफरी

## शॉर्ट सर्किट से लगी आग, लाखों का नुकसान

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** कॉटन वेस्ट के कारखाने में अचानक आग लग गई। आबादी के बीच आग लगने से आसपास के इलाके में अफरातफरी मच गई। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया। आग की लपटें आसमान छू रही थीं। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची अग्नि शमन विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। कारखाना के मालिक के मुताबिक इस आग से लाखों रुपये का माल जल गया।

घटना नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला तकिया मोती शाह और सलेमपुर बाईपास मार्ग पर स्थित कॉटन वेस्ट के कारखाने की है। यह कारखाना दुर्गा कालोनी के निवासी संजय गोयल का है। रविवार सुबह कारखाने में अचानक आग लग गई। आग की लपटें धू धूकर उठने लगीं।



कारखाने में लगी आग को बुझाते दमकल कर्मी। ● अमृत विचार

आग की लपटें उठती देख आसपास के इलाके में अफरातफरी मच गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। आग लगती देख स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना अग्निशमन विभाग को दी। आनन फानन में दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन आग इतनी भयंकर थी कि दमकल की टीम को आग बुझाने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। बताया जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट होने की वजह से आग लगी थी। आग लगने से लाखों रुपये का नुकसान बताया जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि शॉर्ट सर्किट की वजह से कारखाने में आग लगी थी। दमकल टीम ने आग पर काबू पा लिया था। आग से हुए नुकसान का आकलन कराया जा रहा है।

### घेर में आग से हजारों रुपये का सामान जला

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव धोरिया में किसान के घेर में आग लग गई। ग्रामीणों की मदद से किसी तरह आग पर काबू पाया गया। आग लगने से हजारों रुपये का सामान जल गया। गांव के बाहरी छोर पर दीपक पुत्र बृजपाल का घेर है, जबकि इससे कुछ दूरी पर घर है। रविवार दोपहर परिवार के लोग खेत पर काम करने गए थे। इस दौरान घेर में आग लग गई। इससे गांव में अफरातफरी मच गई। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने रेत व पानी आदि से आग पर काबू पाया। तब तक वहां बोंगा, उपलों का बिटौरा व पंपिंग सेट आदि जल गया। पीड़ित के अनुसार आग से एक लाख रुपये से अधिक की क्षति हुई है। दीपक ने बताया कि आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। तहसीलदार सुदीप कुमार ने बताया कि आग से हुई क्षति का आंकलन कराया जाएगा।

### दुकान से छह हजार रुपये की चोरी के बाद विवाद

**गजरौला, अमृत विचार :** दुकान से छह हजार रुपये चोरी के बाद में विवाद होने पर आरोपी ने साथियों के साथ मिलकर दुकानदार के साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने बताया कि मामले में दोनों पक्षों से पुलिस को तहरीर दी गई है।

शहर के स्टेशन रोड पर स्थित बैग हाउस व किराना जनरल स्टोर के नाम से दुकान है। शनिवार दोपहर एक युवक ने दुकान पर पहुंचकर गल्ले से छह हजार रुपये चोरी कर लिए। युवक के जाने के बाद दुकानदार ने गल्ले में देखा तो घटना की जानकारी हुई। परिचित होने पर दुकानदार ने युवक को बहाने से फोन करके दुकान पर बुलाया और छह हजार रुपये चोरी करने की बात कही। पहले तो युवक ने रुपये चोरी करने से मना कर दिया, लेकिन दुकानदार ने उसे दुकान में बैठा लिया। इसके बाद आरोपी युवक ने शाम को रुपये वापस किए जाने की बात कही तो दुकानदार ने उसे छोड़ दिया। आरोप है कि देर शाम युवक ने साथियों के साथ दुकान पर पहुंचकर दुकानदार व उसके बेटे के साथ मारपीट कर दी। जिससे वहां हंगामा हो गया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

सार-संक्षेप



मुबारिजपुर के पौरारा गंगा घाट पर सफाई करते लोग। ● अमृत विचार

### गंगा घाट पर चलाया स्वच्छता अभियान

**मुबारिजपुर, अमृत विचार :** ब्लाक गंगेश्वरी क्षेत्र के पौरारा व मुबारिजपुर गंगा घाट पर रविवार को नमामि गंगे की ओर से स्वच्छता अभियान चलाया। नमामि गंगे की टीम गंगा घाटों पर सफाई करने को उतरी। कार्यकर्ता रविवार को स्वच्छता का संदेश लेकर पौरारा घाट पर पहुंचे। टीम की मुखिया ओम शरण तोमर सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने घाटों की साफ सफाई की। कूड़ा एकत्रित किया और कूड़े को घाट से बाहर जंगल में फिंकवाया। इस मौके पर सभी ने शपथ ली कि गंगा में कपड़े धोना, साबुन से नहाना या फिर नहाते समय खाना सब मान्यता के विपरीत है। ऐसा करने से हम गंगा मां को मैला ही नहीं करते बल्कि उनका अपमान करते हैं। ऐसे में गंगा को स्वच्छ बनाएं। इस दौरान घाट दुकानदारों और स्नानार्थियों को स्वच्छ गंगा की शपथ दिलाई गई। दुकानदारों से अपील की गई कि वह भी स्वयं गंदगी न करें और स्नान करने वालों को भी जागरूक करें।

### तहसीलदार ने खनन करते ट्रैक्टर-ट्राली पकड़ी

**नौगांवा सादात, अमृत विचार :** तहसीलदार ने भ्रमण के दौरान कताई मिल से खेतापुर के पास खनन करते हुए ट्रैक्टर-ट्राली देखी। तभी तहसीलदार के वाहन को आता देख चालक ट्रैक्टर-ट्राली को लेकर भाग पड़ा। कुछ दूरी पर ट्रैक्टर चालक अपने आप को घिरा देखकर ट्रैक्टर-ट्राली को छोड़कर भाग गया। तहसीलदार लकी सिंह ने ट्रैक्टर-ट्राली को कब्जे में लेकर थाना नौगांवा सादात पुलिस के सुपुर्द कर दिया। तहसीलदार ने कार्रवाई के लिए खनन अधिकारी को सूचित कर दिया। खनन अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर ट्रैक्टर-ट्राली को सीज कर दिया।

### बिरामपुर के व्यक्ति की नोएडा में गोली मारकर हत्या



**बुरावली, अमृत विचार :** रहरा थाना क्षेत्र के गांव बिरामपुर के व्यक्ति की नोएडा में शनिवार की रात गोली मारकर हत्या कर दी गई। हत्या की जानकारी होने पर मृतक के परिजन नोएडा के लिए रवाना हो गए। नोएडा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रहरा थाना क्षेत्र के हरिओम उम्र 45 वर्ष पुत्र साधुराम निवासी बिरामपुर करीब 10 सालों से नोएडा में शराब के ठेके पर नौकरी करता था। वह सेल्समेन था। शनिवार की रात हरिओम की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मौत की खबर सुनकर परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के परिवार में पत्नी राजेश देवी व दो लड़की दो लड़के हैं।



बसेली गांव में राकियू के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का स्वागत करते किसान।

### राकियू के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का स्वागत

**गजरौला, अमृत विचार :** रविवार को राष्ट्रीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नरेश चौधरी का बसेली गांव के किसानों ने स्वागत किया। किसानों ने कहा कि पूरे जिले का किसान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के साथ है। जिला अध्यक्ष जोगिंदर सिंह ने कहा कि जिले में हर गांव में दो माह में कार्यकारिणी बनाकर किसानों की हर मांग उठाएंगे। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नरेश चौधरी ने किसानों को आश्वासन दिया कि किसान देश की रीढ़ है। किसानों को इस समय अपनी एकता की ताकत को बढ़ाना पड़ेगा। क्योंकि एमएसपी गारंटी कानून और स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट को लागू करने के लिए सरकार के साथ लड़ाई लड़नी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि जीत किसान की ही होगी। देश के किसानों का अपमान किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मौक पर इरशाद को अल्पसंख्यक मोर्चा का जिला अध्यक्ष शहाबुद्दीन को ग्राम अध्यक्ष और 20 लोगों की कार्यकारिणी तैयार की गई। इस मौके पर जिला प्रभारी जगदेव सिंह, युवा जिला अध्यक्ष रवि चौधरी, जिला उपाध्यक्ष संजीव चौधरी, मोहम्मद अली, मसूद खा, मुस्तफा, यामीन, सुरेंद्र सिंह, हिमांशु चौधरी, जयंत चौधरी, आदि लोग मौजूद रहे।



मंडी धनौरा में बैठक में बोलते जिला अध्यक्ष राजपाल सैनी। ● अमृत विचार

### ज्योतिबा फुले का जन्मदिवस मनाने को चर्चा

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला सैनी नगर में ऑल इंडिया सैनी सभा के कार्यालय पर राजपाल सैनी की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक के दौरान 11 अप्रैल को महात्मा ज्योतिबा फुले का जन्मदिवस मनाने को लेकर रूपरेखा बनाई गई। जिसमें जिलाध्यक्ष राजपाल सैनी ने मुख्य चुनाव अधिकारी से लोकसभा चुनाव में शराब बांटने वाले प्रत्याशी पर भी कार्रवाई की मांग की है। इस अवसर रामसिंह सैनी, शीशपाल सैनी, कृपाल सैनी, सोविंदर सैनी, नेपाल सैनी, धर्मपाल सैनी, हरकेश सैनी आदि लोग मौजूद रहे।



वार्षिकोत्सव में मौजूद छात्र-छात्राएं, शिक्षक व अन्य। ● अमृत विचार

### कंपोजिट विद्यालय में परीक्षाफल वितरित

**हसनपुर, अमृत विचार :** कंपोजिट विद्यालय अल्लीपुर खादर विकास क्षेत्र हसनपुर में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम मनाया। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी उदयवीर सिंह द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का आरंभ किया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम करते समय बच्चों ने सुंदर कार्यक्रम करके मन मोह लिया। इसी कार्यक्रम के साथ-साथ खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा कक्षा एक से आठ तक आए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को परीक्षाफल वितरण के साथ-साथ पुरस्कार का वितरण भी किया। खंड शिक्षा अधिकारी ने सभी बच्चों से मन लगाकर पढ़ाई की अपील की तथा सभी अभिभावकों से कहा कि प्रतिदिन बच्चों को विद्यालय भेजें। विद्यालय के प्रधानाध्यापक व उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष होमपाल सिंह ने बताया कि विद्यालय में कई गांव से बच्चे शिक्षा ग्रहण करने आते हैं। यह सब स्टाफ की कड़ी मेहनत का नतीजा है। प्रत्येक वर्ष नामांकन में वृद्धि का लक्ष्य रखा जाता है, जिससे प्रत्येक वर्ष नामांकन में वृद्धि हो रही है। इसी के साथ कक्षा आठ के बच्चों का विदाई समारोह भी किया गया।

# बिजली उपभोक्ताओं पर 65 करोड़ रुपये बकाया

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** विद्युत सब डिवीजन के अधिकारी निखिल कुमार ने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष उपभोक्ताओं से वसूली काफी कम हो रही है। उपभोक्ताओं पर 65 करोड़ रूपया अब भी बकाया है। जबकि रविवार को वित्तीय वर्ष समाप्त हो गया।

विद्युत वितरण के उप खंड अधिकारी ने बताया कि बकायेदार बिजली उपभोक्ताओं से की जा रही वसूली का कार्य काफी धीमा हो गया है। पिछले वर्ष के मुताबिक इस वर्ष बिजली उपभोक्ताओं से काफी कम वसूली की जा रही है। उन्होंने कहा कि राजस्व वसूली के लिए रविवार को अवकाश होने के बाद भी कार्यालय को खोला गया। लेकिन बिजली उपभोक्ता बिना दबाव के

परेशानी

- विद्युत विभाग का वसूली अभियान धीमा, इन दिनों बंद है कनेक्शन काटने की कार्रवाई

बकाया बिल का भुगतान जमा नहीं कर रहे। उन्होंने कहा कि रमजान को देखते हुए विभाग द्वारा शासन के निर्देश पर कनेक्शन काटने की कार्रवाई को बंद कर दिया गया है।

जिस कारण बिजली उपभोक्ताओं से वसूली नहीं हो पा रही है। उन्होंने कहा कि अमरोहा के बिजली उपभोक्ताओं पर अब भी 65 करोड़ रुपये बकाया हैं, जिसकी वसूली के लिए पावर कारपोरेशन के वरिष्ठ अधिकारियों ने करण निर्देश भी जारी किए हैं। बताया कि अधिकारियों के निर्देश पर ही अवकाश के दिन कार्यालय को खोला गया है।

# नकब लगाकर कपड़ों की दुकान से चोरी

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** चोरों ने रेडीमेड कपड़ों की दुकान में नकब लगाकर छह लाख रुपये के सामान पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित ने पुलिस को दुकान में चोरी की सूचना दी है।

हसनपुर के लालबाग निवासी अंबर की संभल रोड स्थित चीनी मिल के सामने रिजवी क्लॉथ हाउस के नाम से रेडीमेड कपड़ों की दुकान है। शनिवार रात वह दुकान बंद करके घर गया था। रविवार सुबह अंबर का भाई फारूक दुकान खोलने गया तो उसने दुकान में नकब लगी देखी। उसने इसकी सूचना अपने भाई को दी। पता चलने पर भाई भी दुकान पर पहुंचा। जानकारी मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले में जांच शुरू कर दी है। चोरी का वीडियो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने बताया कि जांच की जा रही है।



हसनपुर में दुकान में लगी नकब। ● अमृत विचार

### चोरों ने लकड़ी के गोदाम को बनाया निशाना

**डिडौली, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव चौधरपुर निवासी इरफान सैफी का लकड़ी का कारखाना है। वह दूसरे देशों में निर्यात के लिए लकड़ी के उत्पाद तैयार करते हैं। उनके घर से कुछ दूरी पर ही गोदाम है। शनिवार रात चोरों ने उनके गोदाम को निशाना बनाया और खिड़की के रास्ते से अन्दर घुस गये और गोदाम से कंप्रेसर की मोटर और कीमती समान चोरी कर ले गये। चोरी की जानकारी उस समय हुई जब उनका पुत्र गुड्डू गोदाम पर पहुंचा। उसने अन्दर देखा तो मोटर व लोहे का कीमती समान गायब था। ज्ञात हो कि तीन दिन पहले चोर सीमेंट कारोबारी के दो ट्रैक्टरों से बैटरी चोरी कर ले जा चुके हैं। चोरी की बढ़ती घटनाओं से क्षेत्र में दहशत है। पुलिस से बेखौफ चोर घटनाओं का अंजाम दे रहे हैं।

# बच्चों को बालपन से ही बनाएं संस्कारवान : शिवाकांत

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** नार्दर्न इंडिया पब्लिक स्कूल में श्रीमद् भागवत कथा चल रही है। जिसमें कथावाचक पंडित शिवाकान्त महाराज ने कहा कि माता-पिता को चाहिए कि बच्चों को बालपन से ही संस्कारवान बनाएं।

ध्रुव ने अपने संस्कारों की वजह से ही कम आयु में भगवान को प्राप्त कर लिया था। कहा कि जो स्त्री न्याय और अन्याय का विचार करके न्याय पूर्ण कार्य करती है, उसे सुनीति कहते हैं। सुनिति के सदैव ध्रुव रूपी पुत्र पैदा होता है, जो स्वयं तो बैकुंठ जाता ही है। साथ में माता-पिता को भी बैकुंठगामी बना देता है। कहा कि बहुत जल्द ही सनातन सेना का गठन होगा। भक्त प्रहलाद का चरित्र सुनाते हुए कहा कि विषम



श्रीमद् भागवत कथा सुनाते कथावाचक पंडित शिवाकांत।

- कथावाचक ने जल्द ही सनातन सेना के गठन की बात कही

परिस्थितियों में भी परमात्मा का नाम नहीं छोड़ना चाहिए। आयोजक राकेश मोहन गर्ग एवं सुधा रानी गर्ग आदि कई लोगों ने महाराज की आरती की। बड़ी संख्या में लोगों ने श्रीमद् कथा का श्रवण किया।

# निर्माणाधीन पुल के तीन बीम गिरने से किसानों में रोष

संवाददाता, बुरावली/अमरोहा

**अमृत विचार :** चार जिलों की सीमाओं को जोड़ने वाले निर्माणाधीन पुल के तीन बीम शुक्रवार की रात गिर गए। यह पुल जिला बुलंदशहर, संभल, अमरोहा, हापुड़ को जोड़ेगा। वहीं पुल के बीम गिरने के बाद भी रविवार को कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा और न ही कोई कार्रवाई की गई। जाहिर है कि इतनी बड़ा मामला होने पर भी अधिकारी लापरवाह हैं।

जिला बुलंदशहर के ऊंचा गांव को अमरोहा जिले के गांव बिरामपुर को जोड़ने के लिए गंगा नदी पर पुल का निर्माण हो रहा है। शुक्रवार रात को अचानक इसके दो बीम टूट कर गिर गए और एक क्षतिग्रस्त हो गया। जिससे ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। गनीमत रही की कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। यह पुल 83 करोड़ की लागत से बन रहा था। जैसे ही निर्माणाधीन पुल के दो बीम गिरे तो सूचना



निर्माणाधीन पुल। ● अमृत विचार

पाकर ग्रामीणों की भीड़ भी जुट गई। लापरवाही छुपाने के लिए जेसीबी से खड्डा खोदकर बीम को दबाने में कर्मचारी जुट गए। लेकिन ऐसा करने से ग्रामीणों ने रोक दिया। वरिष्ठ अधिकारियों को इसकी सूचना दी। पिछले साल जनवरी में निर्माणाधीन पुल में दरार पड़ गई थी। भाकियू शंकर गुट के पदाधिकारी एवं तरौली गांव के प्रधान प्रमोद नागर ने बताया कि पुल निर्माण की शुरुआत से ही कार्यदायी संस्था द्वारा मानकों की अनदेखी की जा रही थी। घटिया सामग्री का आरोप लगाते हुए 15 मई 2022 को पूल के नजदीक हंगामा किया था। किसानों ने धरना भी दिया था इसके बाद भी न तो सामग्री की गुणवत्ता सुधरी न कोई कार्रवाई की गई। किसान यूनियन भानु के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रमोद नागर व पुल निर्माण संघर्ष समिति के पदाधिकारी प्रवीण कुमार ने निर्माणाधीन पुल की कार्य की प्रगति के बारे में जानकारी ली थी। बिरामपुर के पास गांव भूरा वाली मढ़ैया निवासी भीकम सिंह रात में खेत पर मचान पर फसल की रखवाली कर रहे थे कि रात में पुल के बीम गिरने से तेज आवाज से दिल दहल गया।

### पुल बनने से कम होगी बुलंदशहर की दूरी

लोगों ने बताया कि पुल बनने से बुलंदशहर की दूरी कम होगी। जिला अमरोहा के गांव तरौली, लिसड़ा, बिरामपुर, नानई, बरतौरा, छपना, पोरारा गांव के ग्रामीणों ने पुल बनाने की मांग की थी। बुलंदशहर की दिशा से पुल बनता हुआ आ रहा है। बिरामपुर के सामने गंगा पार सिद्ध बाबा का मंदिर है। इसके अलावा अवंतिका मंदिर, अंबकेश्वर महादेव मंदिर भी बने हैं जहां श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रहती है। ऊंचा गांव में गुरुद्वारा भी है। पुल बनने से क्षेत्र की जनता को सहूलियत मिलेगी। गांव की जनता को स्याना, नोएडा, बुलंदशहर, हापुड़ संभल आदि स्थानों पर जाने का सीधा मार्ग मिल जाएगा।

आयोजन

मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर आगे बढ़ने को प्रेरित किया

# सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में बांटा परीक्षाफल

संवाददाता, सैदनगली

**अमृत विचार :** सरस्वती शिशु एवं विद्या मंदिर इंटर कालेज में वार्षिक परीक्षाफल एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ शिक्षा समिति के अध्यक्ष चरणपाल सिंह, अक्षि अग्रवाल, अशोक पैसल, प्रधानाचार्य दिवाकर पांडेय द्वारा मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख पुष्पार्चन व दीप प्रज्ज्वलन किया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता चरणपाल सिंह अध्यक्ष जनशिक्षा समिति ने विद्या भारती के बारे में बताया। विद्या भारती द्वारा बालकों के सर्वांगीण विकास की संकल्पना, शिक्षा में विद्या भारती के महत्व को समझाते हुए मार्गदर्शन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य दिवाकर पांडेय ने वार्षिक परीक्षाफल की घोषणा की। विद्यालय के प्रबंधक अशोक पैसल ने विद्यालय की उत्तरोत्तर प्रगति की आख्या प्रस्तुत की। कक्षा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त, संस्कृति ज्ञान परीक्षा में प्रथम तथा सर्वाधिक उपस्थिति वाले छात्रों को सम्मानित किया। विशिष्ट अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मोनिका सिंह ने कहा कि आगे बढ़ने के लिए शिक्षित होना बहुत जरूरी है।



सैदनगली में परीक्षाफल वितरण के दौरान मौजूद छात्र-छात्राएं व शिक्षक।



बच्चों को परीक्षाफल वितरित करते अतिथि व अन्य। ● अमृत विचार

### पुरस्कार पाकर बच्चों के चेहरे पर आई खुशी

**हसनपुर, अमृत विचार :** श्रीमती धनवती देवी इंटर कॉलेज लुहारी भूड़ में वार्षिक परीक्षाफल वितरण किया गया। जिसमें भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार शर्मा मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रधान टेकचंद चौहान ने की। कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद बच्चों को पुरस्कार वितरण कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि कृष्ण कुमार शर्मा ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अध्यक्ष टेकचंद चौहान ने कार्यक्रम का समापन किया। विद्यालय प्रधानाचार्य पिंटू सिंह चौहान ने विद्यालय की ओर से आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत



**हसनपुर, अमृत विचार :** जनपद संभल में सड़क हादसे में नगर निवासी युवक की मौत हो गई। शव पोस्टमार्टम के बाद घर लाया गया तो हर कोई गमगीन हो गया।

मुहल्ला होलीवाला निवासी अनिल प्रजापति प्लंबर था। शनिवार रात अनिल बाइक से अपनी बहन के यहां चंदौसी जा रहा था। जैसे ही वह संभल-चंदौसी मार्ग पर पहुंचा कि अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में 35 वर्षीय अनिल की मौके पर मौत हो गई। हादसे की जानकारी होते ही परिजन मौके की ओर रवाना हो गए। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव घर लाया गया। अंतिम यात्रा में शहर के तमाम लोग शामिल हुए। बाद में गंगा घाट पर शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

## एक नजर

### गैंगस्टर एक्ट का वारंटी गिरफ्तार, 50 लीटर शराब बरामद

**धनारी, अमृत विचार :** धनारी थाना क्षेत्र के गांव कीरतपुर निवासी गैंगस्टर एक्ट में वारंटी ताला उर्फ तालेवर शनिवार की देर रात थाना क्षेत्र के गांव डायरिया चौराहे के पास खड़ा था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और तालेवर को हिरासत में ले लिया। तलाशी लेने पर पुलिस को तालेवर के पास से 50 लीटर अवैध शराब बरामद हुई। पुलिस ने रविवार को तालेवर का चालान कर दिया।

### तमंचा के साथ गिरफ्तार

**संभल, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बेगम सराय निवासी मोहम्मद अहमद रविवार को कोतवाली क्षेत्र में वाजिद पुरम बाईपास से मोहल्ला में जाने वाले रास्ते पर स्थित खंडहरनुमा मकान के पास खड़ा हुआ था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मोहम्मद अहमद से पूछताछ की। तलाशी लेने पर तमंचा बरामद हुआ तो पुलिस ने मोहम्मद अहमद को गिरफ्तार कर लिया।

# भाजपा प्रत्याशी के चुनाव में लगे सपा के छह कार्यकर्ता निष्कासित

संवाददाता, संभल

- समाजवादी पार्टी के दर्जनों सक्रिय कार्यकर्ता भाजपा का थाम चुके हैं दामन
- सपा विधायक इकबाल महमूद के करीबी माने जाते हैं पार्टी छोड़कर जाने वाले नेता

**अमृत विचार :** चुनावी माहौल में पार्टी से बगावत का खेल शुरु हो गया है। संभल में सपा से जुड़े लोगों ने भाजपा प्रत्याशी का समर्थन किया तो समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी ने पार्टी के छह कार्यकर्ताओं को पार्टी से निष्कासित कर दिया।

संभल में दस दिन के दौरान समाजवादी पार्टी के दर्जनों सक्रिय कार्यकर्ताओं ने भाजपा का दामन थामा है। बड़ी बात यह है कि इनमें कई कार्यकर्ता वह हैं जिन्हें सपा विधायक इकबाल महमूद का करीबी माना जाता है। सपा कार्यकर्ताओं द्वारा भाजपा के खेमे में चले जाने को लेकर फजीहत हुई तो सपा जिलाध्यक्ष ने अनुशासनात्मक कार्रवाई की है। सपा जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी ने बताया कि समाजवादी पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता मुनीब पठान, बिट्टू वारसी, तारिक पाशा, फरहान अंसारी, धीरज आर्य और दिनेश भारद्वाज पार्टी विरोधी गतिविधियों में सपा प्रत्याशी के खिलाफ जाकर भाजपा प्रत्याशी की मीटिंगों में शामिल होकर भाजपा प्रत्याशी का चुनाव लड़ा रहे हैं।

इन सक्रिय कार्यकर्ताओं को पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के कारण पार्टी से निष्कासित किया गया है। इस फैसले से पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष को भी अवगत कराया गया है।

## बेटियों के विवाह दान में घोटाले को लेकर सीडीओ ने कराई थी जांच

# आपूर्तिकर्ता को नोटिस, डीपीओ को बचाने का प्रयास

फॉलोअप

संवाददाता, बहजोई/संभल

सामूहिक विवाह घोटाला

- अब पूरे मामले में आपूर्तिकर्ता पर ही कार्रवाई कर मामले को रफा-दफा करने की हो रही कोशिश

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत बेटियों के विवाह में हुए घोटाले को लेकर जहां विवाह दान में दिए गए सामान की आपूर्ति करने वाले आपूर्तिकर्ता को जिला प्रशासन ने नोटिस दे दिया वहीं कार्यवाहक जिला समाज कल्याण अधिकारी को बचाने की कोशिश की जा रही है। जिससे जिला प्रशासन की कार्रवाई पर सवालिया निशान उठ रहे हैं।

जनपद के बहजोई, चंदौसी, गुन्नौर व बबराला में लगभग मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 400 बेटियों का विवाह कराया गया था। जिसमें बेटियों के लिए 10 हजार की कीमत का विवाह दान में उपहार स्वरूप सामान दिया गया था। जब सीडीओ भारत कुमार मिश्रा ने जिला स्तरीय परीक्षण समिति गठित कर बेटियों के विवाह दान में दिए गए सामान का सत्यापन कराया तो उसमें घटिया किस्म का डिनर सेट दिया गया था। वहीं दूल्हे की पगड़ी व गमछा भी गायब था। जो दूल्हे के लिए शर्ट का कपड़ा दिया गया था उसमें भी कटौती की गई थी। वहीं बेटियों को दी गई पाजेब के वजन को लेकर भी सवालिया निशान जिला परीक्षण समिति ने उठाए थे। इसके बाद सीडीओ भरत कुमार मिश्रा ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को आपूर्तिकर्ता को नोटिस जारी कर कटौती के हिसाब से भुगतान करने के निर्देश दिए थे। आपूर्तिकर्ता को नोटिस तो जारी हो गया। लेकिन यह कार्रवाई केवल आपूर्तिकर्ता तक रह गई।

### जिम्मेदार अधिकारी पर क्यों नहीं हुई कार्रवाई

**बहजोई, अमृत विचार :** तत्कालीन कार्यवाहक जिला समाज कल्याण अधिकारी व वर्तमान जिला प्रोबेशन अधिकारी चंद्रभूषण पर अब तक कार्रवाई की कवायद शुरु नहीं हुई है। अब तक न तो उन्हें नोटिस दिया गया है और न ही कोई अन्य विभागीय कार्रवाई शुरु हुई है। बड़ा सवाल यह है कि क्या यह संभव है कि बिना मिलीभगत के आपूर्तिकर्ता ने घटिया सामान सप्लाई कर दिया। यदि ऐसा हुआ तो विभागीय अधिकारी क्या कर रहे थे।

# घर से कपड़े, जेवरात और नकदी चोरी

## पीड़ित ने अपने सगे भाई और दो नामजद समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई

संवाददाता, गुन्नौर



गुन्नौर के गांव में चोरी के बाद एकत्र ग्रामीण। ● अमृत विचार

- हालांकि पुलिस मामले को संदिग्ध मान रही
- महिला की आंख खुली तो देखा कि चार लोग दो बक्से ले जा रहे थे

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव बिजुआ नगला में चोरों ने घर में रखे दो बक्से चोरी कर लिए। बक्सों में कपड़े, जेवरात व नकदी समेत करीब एक लाख रुपये का सामान था। इस बीच लोगों के जागने पर होने पर चोर भाग गए लेकिन गृह स्वामी ने दो को पहचान लिया। गृह स्वामी की तहरीर पर पुलिस ने चोरी के आरोप उसके भाई समेत दो नामजद सहित चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। हालांकि पुलिस मामले को संदिग्ध मान रही है।

गांव बिजुआ नगला निवासी बादाम सिंह ने शनिवार की रात को परिवार के साथ घर में सो रहा था। रात करीब साढ़े बारह बजे खटपट की आवाज होने पर उसकी व पत्नी की आंख खुल गयी तो देखा कि चार लोग कमरे में रखे दो बक्से उठा कर ले जा रहे थे। बादाम सिंह ने शोर मचाया लेकिन चोर बक्से लेकर भाग गए। बादाम सिंह के अनुसार बक्सों में बीस हजार रुपये, सोने की चेन, कुंडल और कपड़े समेत करीब एक लाख रुपये का सामान था। इस मामले में बादाम सिंह ने पुलिस को तहरीर दी। जिसमें दो चोरों को पहचान लेने के बात कही। इनमें उसका भाई लालू पुत्र राजपाल बताया गया जबकि दूसरा आरोपी जुनावई थाना क्षेत्र के गांव अजीजपुर निवासी अवधेश रहा। इनके अलावा दो अज्ञात भी घटना में शामिल होने बताए गए। पुलिस ने मामले में दो नामजद और दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाल संजीव बालियान ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज करके हर पहलू को लेकर जांच की शुरू कर दी है। प्रथम दृष्ट्या मामला संदिग्ध लग रहा है।

### जेवर चोरी की झूठी सूचना पर हुई कार्रवाई

**चन्दौसी, अमृत विचार :** बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव अकरौली में शनिवार को दिनदहाड़े घर से जेवर चोरी की तहरीर दी गई थी। पुलिस की जांच में चोरी नहीं हुई और जेवर घर से बरामद हो गए। पुलिस ने चोरी की झूठी सूचना पर गृह स्वामी के विरुद्ध शांतिभंग की कार्रवाई की है। गांव अकरौली निवासी रमेश पुत्र होरी लाल अपनी पत्नी के साथ शनिवार की सुबह खेतों पर कार्य करने चला गया। दोपहर को वापस आया तो घर में रखे जेवर गायब थे। किसान ने घटना की तहरीर थाने में दी और रिपोर्ट दर्ज करने की बात कही। इसके बाद थाना पुलिस जांच में जुट गई और किसान के घर के आसपास पूछताछ की तो चोरी नहीं होने की बात सामने आई। इसके बाद घर की तलाशी ली तो जेवर घर में ही मिल गए। पुलिस ने रमेश से पूछताछ की तो उसने बताया कि उसकी पत्नी ने जेवर किसी दूसरे स्थान पर रख दिए थे। जो मुझे मिल नहीं रहे थे।

## छात्रा से सरेराह छेड़छाड़, आरोपी पुलिस को सौंपे

**संभल, अमृत विचार:** बहजोई थाना क्षेत्र में ट्यूशन से घर जा रही साइकिल सवार छात्रा के साथ दो बाइक सवार युवकों ने सरेराह छेड़छाड़ की। छात्रा के ताऊ ने अन्य लोगों के साथ मिलकर दोनों युवकों को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया।

हयातनगर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी शनिवार की शाम छह बजे बहजोई थाना क्षेत्र के एक गांव में ट्यूशन से वापस आ रही थी। आरोप है कि गांव से निकलते ही बहजोई थाना क्षेत्र के गांव किसौली निवासी दो बाइक सवार युवकों ने किशोरी को रोक लिया और अश्लील हरकतें करने लगे। किसी तरह मनचलों से पीछा छुड़ाकर किशोरी पंवासा में स्थित अपनी ताऊ की दुकान पर पहुंची और ताऊ को सारी बात बताई। किशोरी के ताऊ ने अन्य लोगों की मदद से घेराबंदी कर दोनों मनचलों को पकड़ लिया। इसके बाद पंवासा में स्थित चौकी पर पुलिस को सौंप दिया। देर रात सूचना मिलने पर दिल्ली से पहुंचे किशोरी के पिता ने कार्रवाई के लिए पुलिस को तहरीर दी है।

## सार-संक्षेप

### पुनरुत्थान पर्व पर खुशी के गीत गाकर जलाई मोमबत्तियां

**बहजोई, अमृत विचार :** डिवाइन फेथ फैलोशिप चर्च में प्रभु यीशु के पुनर्जीवित होने पर पुनरुत्थान पर्व ईस्टर बहुत ही खुशी व धूमधाम से मनाया गया। मसीही समाज के लोगों ने खुशी के गीत गाकर मामबत्तियां जलाईं। वहीं विशेष प्रार्थना सभा में विश्व शांति की कामना की। डिवाइन फेथ फैलोशिप चर्च पर चर्च के विकार राहुल उठवाल ने बताया कि पूरे संसार के मसीही लोग प्रभु यीशु के क्रसारोहण के उपरांत तीसरे दिन रविवार को प्रभु यीशु के इस पुनरुत्थान पर्व को बहुत ही खुशी और आनन्द के साथ मानते हैं। शहर के डिवाइन फेथ फैलोशिप चर्च में ईस्टर के इस पर्व पर लोगों ने यीशु के पुनर्जीवित होने की खुशी में सुबह से ही गीत गाते हुए मोमबत्तियां जलायीं गयीं। उसके बाद से चर्च में विशेष प्रार्थना सभा की गयी। चर्च के विकार राहुल उठवाल ने ईस्टर पर्व पर उपदेश देते हुए कहा कि गुड फ्राइडे के दिन प्रभु यीशु की मृत्यु के बाद उसके शिष्य और अन्य अनुयायी आशा रहित हो गए थे। इस दौरान पादरी प्रवीन उठवाल, पंकज, आकांक्षा, चुनमुन, रौशनी, खुशी, अंजली, समैन्था उठवाल, अर्जुन, अमयारा, बीना, विजय, पूजा, शैलिन, सामर्थ, महिमा, सपना, अरनव, मुस्कान, गुड्डो, प्रिंस, माही, भूमि, महक आदि मौजूद रहे।



असमोली के गांव में पैदल भ्रमण करते पुलिस व एसएसबी के जवान।

### पुलिस और एसएसबी जवानों ने किया पैदल मार्च

**संभल/ओबरी अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था को लेकर असमोली थाना क्षेत्र के कई गांवों में पुलिस और एसएसबी जवानों ने पैदल मार्च किया। ग्रामीणों को सुरक्षा का अहसास कराया रविवार को असमोली थाना प्रभारी हरीश कुमार के नेतृत्व में पुलिस और एसएसबी जवानों ने पैदल मार्च शुरू किया। गांव मनौटा, शहवाजपुर कला, मातीपुर, रुस्तमपुर नियावली में पुलिस और एसएसबी के जवान पैदल निकले तो ग्रामीणों को भी सुरक्षा का अहसास हुआ। इस बीच संदेश दिया गया कि लोकसभा चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था कायम रहनी चाहिए। किसी ने शांति व्यवस्था में खलल डालने का प्रयास किया तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



संभल में गायत्री परिवार के कार्यक्रम में शामिल लोग। ● अमृत विचार

### गायत्री परिवार से प्रेरणा लेने का किया आह्वान

**संभल, अमृत विचार :** शहजादी सराय में स्थित गायत्री सेवा आश्रम ट्रस्ट पर संभल शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के गायत्री परिजनों का होली मिलन कार्यक्रम हुआ।

जिसमें अखंड ज्योति एवं युग निर्माण योजना पत्रिका के पाठकों को ट्रस्ट एवं महिला मंडल की महिलाओं ने पुष्प माला और तिलक कर सम्मानित किया। उन्हें उपहार स्वरूप गुरुदेव के सद वचनों का टेबिल कलेंडर भेंट किया गया। अध्यक्षता कर रहे अजय शर्मा ने श्रीराम शर्मा आचार्य के जीवन पर प्रकाश डाला। डॉ. रितु सक्सेना ने कहा कि सभी लोगों को गायत्री परिवार से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस दौरान डॉ. नेपाल सिंह, जयपाल सिंह, यशपाल, वैभव शर्मा, किरण भाटी, सुषमा गुप्ता, सविता अग्रवाल, विनीता भारद्वाज, भूरे लाल भारद्वाज, बनवारी सिंह यादव, मुन्नी सिंघल, ऊषा गुप्ता, सुरेश पाल आदि रहे। संचालन सविता गर्ग ने किया।

## समय को लेकर 12 प्रधान अध्यापकों को नोटिस

**बदायूं, अमृत विचार:** समय से पहले स्कूल बंद कर जाने वाले 12 प्रधानाध्यापकों को खंड शिक्षा अधिकारी ने नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है।

शैक्षिक सत्र समापन के बाद स्कूलों में कार्यक्रम का आयोजन बच्चों में अंकपत्र वितरण किए जा रहे हैं। संचारी रोग अभियान के तहत उन्मुखी कार्यक्रम भी हो रहे हैं। जिसके चलते विभाग द्वारा स्कूलों को खुले रखने के आदेश दिए गए थे। इसके बाद भी 12 शिक्षकों द्वारा स्कूलों को बंद कर दिया और रजिस्टर में आकस्मिक अवकाश लगा दिया। शनिवार को खंड शिक्षा अधिकारी उसावां द्वारा स्कूलों का निरीक्षण किया गया। उनके निरीक्षण में स्कूल बंद मिले। इस पर बीईओ ने प्रधानाध्यापकों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।




हिंदू जागृति मंच के महामूर्ख सम्मेलन में मंचासीन अतिथि। ● अमृत विचार

# महामूर्ख सम्मेलन में सुशील बने मूर्खाधिराज

कार्यालय संवाददाता, संभल

- हिंदू जागृति मंच के रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति ने मन मोहा

**अमृत विचार :** हिंदू जागृति मंच की ओर से आयोजित महामूर्ख सम्मेलन में सर्वसम्मति से सुशील कुमार भगतजी को मूर्खाधिराज और अन्य को महामूर्ख की उपाधि से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कविता, नाटिका समेत कई रंगारंग प्रस्तुति दी गईं। साथ ही, फूलों और गुलाल की होली भी खेली गई।

मुहल्ला ठेर में स्थित आर्य समाज स्कूल में आयोजित हुए सम्मेलन में सांस्कृतिक मंत्री विष्णु कुमार ने होली और श्रीकृष्ण के सुंदर भजन सुनाए। मूर्खों के चयन को पर्ची पद्धति का प्रयोग किया गया। जिसमें कमलकांत तिवारी, सुशील कुमार भगतजी, विष्णु कुमार, सुबोध कुमार गुप्ता, सुभाष चंद्र मोंगिया, अनिल रस्तोगी सर्राफ, अमित शुक्ला, मीनू रस्तोगी का चयन किया गया। सुशील कुमार भगतजी को सर्वसम्मति से मूर्खाधिराज और बाकी को महामूर्ख की उपाधि से सम्मानित किया गया। सुबोध गुप्ता और अतुल कुमार शर्मा ने सदस्यों को होली के टाइटल दिए। हास्य व्यंग्य कवि मनमोहन गुप्ता और सुभाष चंद्र शर्मा ने हास्य कविता सुनाई। बच्चों ने सुंदर नृत्य-नाटिका की प्रस्तुति दी। भरत मिश्रा द्वारा पूछे प्रश्नों के उत्तर देने पर श्रोताओं को गिफ्ट देकर पुरस्कृत किया गया। नगर महामंत्री अंकुर रस्तोगी ने कहा कि उमंग और खुशियों के होली त्योहार को प्रेमपूर्वक मनाना चाहिए। इस दौरान शालिनी रस्तोगी, अजय कुमार शर्मा, आशा गुप्ता, रजनी गुप्ता, नीरू चाहल, नवनीत कुमार, दुष्यंत मिश्रा, ज्वाला प्रसाद, अतुल शर्मा, दीपक शर्मा, सुमन वर्मा, मनीष गर्ग, शोभा गर्ग, राधिका, अनिल रस्तोगी सर्राफ, सुमन शर्मा, शिवानी शर्मा आदि रहे। संचालन विकास कुमार वर्मा ने किया।

## प्रेम प्रसंग में ननिहाल से किशोरी को ले गया युवक

**संभल, अमृत विचार:** नखासा थाना क्षेत्र में किशोरी के साथ प्रेम प्रसंग के चलते युवक ननिहाल से किशोरी को बाइक पर बैठाकर ले गया। परिजनों ने किशोरी को युवक के घर से बरामद कर लिया।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक की थाना क्षेत्र के गांव में ही ननिहाल है। ननिहाल में आने-जाने के दौरान युवक के छह माह पहले यहां मुहल्ले की एक किशोरी से प्रेम संबंध बन गए। जिसके बाद युवक व किशोरी दोनों मिलने जुलने लगे। तीन दिन पहले युवक ने गांव के बाहर से किशोरी को बाइक पर बैठा लिया और घर लेकर पहुंच गया। मुहल्ला के ही किसी व्यक्ति ने युवक के साथ किशोरी को बाइक से जाते देखकर उसके परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलने पर किशोरी के परिजन रात को युवक के घर पहुंचे और युवक के घर से किशोरी को बरामद कर लिया। किशोरी के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। जिसके बाद पुलिस ने शनिवार को युवक को हिरासत में ले लिया। थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है।



आरोग्य मेले में रोगियों का उपचार करते डाक्टर। ● अमृत विचार

# 3251 मरीजों का नि:शुल्क इलाज

कार्यालय संवाददाता, संभल

- आरोग्य मेले में 185 लोगों के बने गोल्डन कार्ड
- स्वास्थ्य केंद्रों पर लगा मेला, अधिकारियों ने देखी व्यवस्थाएं

**अमृत विचार :** जनपद के 28 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और 4 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर लगे आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 3251 मरीजों का निःशुल्क उपचार हुआ। 185 लाभार्थियों के आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाए गए। डॉक्टरों ने मरीजों को स्वस्थ रहने के लिए सलाह दी।

आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 42 डॉक्टरों और 113 पैरा मेडिकल स्टाफ ने ड्यूटी की। 1236 पुरुषों, 1238 महिलाओं और 777 बच्चों का निःशुल्क उपचार किया। 111 लोगों की एंटीजन किट से कोविड जांच की। जिसमें सभी निगेटिव पाए गए। आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना के तहत 185 लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड बनाए गए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर परिवार नियोजन संबंधी परामर्श और सामग्री के लिए काउंटर लगे। आयुष विभाग के डॉक्टरों ने सहयोग किया। मेले का सीएमओ डॉ. तरन्नुम रजा, एसीएमओ डॉ. पंकज कुमार विश्नोई, अपर शोध अधिकारी महेश गौतम, डीपीएम एनएचएम संजीव कुमार राठौर, डीसीपीएम अरबाब मेहंदी, नगरीय स्वास्थ्य समन्वयक मुकेश चंद्र शर्मा आदि ने निरीक्षण किया।

## कारोबार

### ईद को लेकर जिले के बाजारों में पुरुषों और महिलाओं की उमड़ी भीड़

# देर रात तक खुल रहे बाजार, जमकर हो रही खरीदारी

कार्यालय संवाददाता, संभल



कपड़े की दुकान पर खरीदारी करती महिलाएं। ● अमृत विचार

- कपड़े, टोपी, जूते, चप्पल आदि खरीद रहे लोग, दुकानदार उत्साहित

**अमृत विचार :** जिले में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ईद की तैयारी जोरशोर से कर रहे हैं। बाजारों में खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है। आलम यह है कि देर रात तक बाजार गुलजार है तो कपड़े, टोपी, जूते, चप्पल आदि की खरीदारी हो रही है। ईद के मौके पर अच्छे कारोबार की उम्मीद लेकर दुकानदार भी उत्साहित हैं।

रमजान महीने में रोजा रखकर इबादत करने वाले मुस्लिम समुदाय के लोग ईद की तैयारी में जुट गए हैं। जहां पुरुष कुर्ता, पजामा का कपड़ा खरीद रहे हैं तो महिलाएं सूट बनवा रही हैं। बाजार में सूट के लिए ओरगेंजा का कपड़ा पंसद किया जा रहा है। वहीं टाउजर, गरारा, शिल्क सूट, कॉटन सूट की मांग भी बढ़ी है। सूट की कीमत 1500 रुपये लेकर 1600 तक है। वहीं कुर्ता पजामा के लिए चिकन वर्क का कपड़ा पहली पसंद बना है। प्रति मीटर कपड़े की कीमत 350 रुपये से लेकर 370 रुपये के बीच है। हालांकि यह महंगा जरूर है लेकिन कोई भी ग्राहक दुकान से वापस न लौटे इसके लिए कम रेट वाला कपड़ा भी है। 100 रुपये से लेकर 160 रुपये प्रति मीटर कुर्ता और 60 रुपये से लेकर 120 रुपये प्रति मीटर पजामा के कपड़े की उपलब्धता है। वहीं महिलाओं और पुरुषों द्वारा जूते, चप्पल, बेली (महिलाओं के जूते) की खरीदारी की जा रही है। छोटे बच्चों के मन को आकर्षित करने वाले डिजाइन के जूते खूब पसंद आ रहे हैं। संभल के अलावा सिरसी, असमोली, सरायतरीन, बहजोई, गुन्नौर, बबराला, रजपुरा और गवां क्षेत्र में मुस्लिम जमकर खरीदारी कर रहे हैं।

### सितारे वाली टोपी बनी पहली पसंद

**संभल अमृत विचार :** ईद के मौके पर तमाम लोग टोपी खरीद रहे हैं। इनमें सितारे वाली टोपी खूब पसंद की जा रही है। इस टोपी पर सितारे और नग लगे हैं। कीमत 80 रुपये से लेकर 100 रुपये है। वहीं छोटे बच्चों के लिए शनील के कपड़े में टोपी उपलब्ध है। इस टोपी का मूल्य 40 रुपये से लेकर 50 रुपये तक है। तमाम लोग कपड़े की टोपी भी खरीद रहे हैं।

## कैंटर चालक को टैंकर ने मारी टक्कर, घायल

**संभल, अमृत विचार:** सदर कोतवाली क्षेत्र में संभल मुरादाबाद मार्ग पर खाना खाने जा रहे कैंटर चालक को टैंकर ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद आसपास के लोगों ने चालक को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। मौके पर पहुंची पुलिस ने चालक सहित टैंकर को पकड़ लिया।

हरदोई जिले के गांव मुजहा निवासी चालक सुनील शनिवार की रात संभल में मुरादाबाद मार्ग पर स्थित होरो के शोरुम पर राजस्थान से कैंटर में बाइकें लेकर आया था। साढ़े नौ बजे सुनील कैंटर को शोरुम पर छोड़कर खाना खाने के लिए जा रहा था। सदर कोतवाली क्षेत्र में चंदौसी चौराहे पर सामने से आ रहे तेल के टैंकर ने सुनील में टक्कर मार दी। जिससे सुनील घायल हो गया। मौके पर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और टैंकर लेकर भागने की कोशिश कर रहे चालक को रोक लिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने चालक को पकड़ लिया।

# गैस सिलेंडर भी देगा मतदान का संदेश

कार्यालय संवाददाता, संभल



रसोई गैस सिलेंडर पर लगाये गये मतदाता जागरूकता के स्टीकर। ● अमृत विचार

- लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान को लेकर शुरू हुई मुहिम, रसोई गैस सिलेंडरों पर लगाए गए स्टीकर
- पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल भरवाने के लिए पहुंचने वाले लोगों को भी मिलेगा संदेश

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करने के लिए लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य अब अलग तरह की मुहिम शुरू हुई है। रसोई के गैस सिलेंडर पर मतदाता जागरुकता के स्टीकर लगाए हैं तो पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल भरवाने के दौरान भी कुछ इसी तरह का संदेश मिलेगा।

लोकसभा चुनाव को सकुशल और पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने के लिए तथा ज्यादा से ज्यादा मतदाता मतदान कर सकें, इसके लिए डीएम मनीष बंसल ने निर्देश दिए हैं। जिसके अनुसार स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक वेदराम ने पूर्ति विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए पेट्रोल पंपों एवं गैस सिलेंडरों पर मतदाता जागरूकता स्टीकर लगवाए हैं। जिससे मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान के प्रति जागरूक किया जाएगा। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि एनआरएलएम के अंतर्गत स्वयं सहायता समूह, बीओ तथा सीएलएफ के माध्यम से ग्राम पंचायत, विकास खंड एवं जिला स्तर पर मतदाता जागरुकता के लिए 1 अप्रैल से अभियान चलाया जाएगा। 2 अप्रैल को इस्लामनगर चौराहा बहजोई से चंदौसी के लिए मतदाताओं को जागरूक करने के लिए मतदाता जागरूकता रन का भी आयोजन होगा। जिसमें ग्राम्य विकास, पंचायत विभाग, एनआरएलएम, निकटवर्ती ग्राम पंचायतों तथा जन संगठनों द्वारा भी प्रतिभाग किया जाएगा। वहीं मुख्य विकास अधिकारी भरत कुमार मिश्रा ने कहा कि अन्तर्विभागीय समन्वय स्थापित करते हुए स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक किया जाए ताकि जनपद के मतदान प्रतिशत में वृद्धि हो सके।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

अनिर्वेद : श्रियो मूलं लाभस्य च शुभस्य च।
महान् भवत्यनिर्विण्ण : सुखं चानन्त्यमश्नुते ॥

अपने काम में लगे रहनेवाला व्यक्ति सदा सुखी रहता है। धन-संपत्ति से उसका घर भरा -पूरा रहता है। ऐसा व्यक्ति यश -मान -सम्मान पाता है।

## संपादकीय

# चुनाव के बीच कच्चातिवु

लोकसभा चुनाव के बीच एक बार फिर कच्चातिवु द्वीप श्रीलंका को सौंपे जाने का मुद्दा गरमा गया है। कच्चातिवु भारत और श्रीलंका के बीच पाक जलसंधि में 285 एकड़ में विस्तृत एक निर्जन स्थान है, जो भारत के रामेश्वरम से लगभग 14 समुद्री मील की दूरी पर स्थित एक द्वीप है। वर्ष 1974 में भारत की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और श्रीलंका की सिरिमा आरडी भंडारनायके ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिससे कच्चातिवु को श्रीलंका क्षेत्र के हिस्से के रूप में मान्यता दी गई। समझौते के परिणामस्वरूप इस क्षेत्र के स्वामित्व में परिवर्तन हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि कांग्रेस ने कच्चातिवु द्वीप 'संवेदनहीन' ढंग से श्रीलंका को दे दिया था। गौरतलब है कि समझौते ने भारतीय मछुआरों को द्वीप के आस-पास मछली पकड़ने, वहां अपने जाल सुखाने की अनुमति के साथ भारतीय तीर्थयात्रियों को द्वीप पर स्थित कैथोलिक तीर्थ की यात्रा करने की अनुमति दी। इस निर्जन द्वीप पर मत्स्य पालन का अधिकार और संप्रभुता को लेकर यह भारत और श्रीलंका के बीच लंबे समय से विवाद का मुद्दा रहा है। जब इंदिरा गांधी ने श्रीलंका को यह द्वीप सौंपा तो सबसे ज्यादा विरोध तमिलनाडु में हुआ था। तमिलनाडु के तत्कालीन मुख्यमंत्री करुणानिधि ने इसका पुरजोर विरोध किया था। इसको लेकर साल 1991 में तमिलनाडु विधानसभा में प्रस्ताव पास किया गया। प्रस्ताव में उस द्वीप को वापस लेने की मांग की गई। इसके बाद ये मामला उच्चतम न्यायालय में भी पहुंचा। हालांकि भारत सरकार ने 2013 में स्पष्ट किया कि पुनः प्राप्ति का सवाल ही नहीं उठता क्योंकि कोई भी भारतीय क्षेत्र हस्तांतरित नहीं किया गया था। तत्कालीन केंद्र सरकार ने दावा किया कि कच्चातिवु भारत-श्रीलंका अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा के श्रीलंकाई हिस्से पर स्थित है। राजनीतिक कारणों और जनभावना के चलते कच्चातिवु का स्थानांतरण भारत की संसद के दोनों सदनों में विरोध और बहस शुरू होने का कारण बना। ये विवाद इसलिए भी बना हुआ है क्योंकि श्रीलंका, भारत के मछुआरों को वहां पर सुस्ताने और अपने जाल सुखाने से लगातार रोकता आया है। दूसरी ओर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा चुनाव में तमिलनाडु को ध्यान में रखकर कच्चातिवु द्वीप का मुद्दा उठाया, जबकि उनकी सरकार की विदेश नीति की विफलता के कारण नेपाल, भूटान और मालदीव जैसे पड़ोसियों के कारण रिश्ते बिगड़ गए। राजनीति और सियासी मांगों से अलग, भारत के कई सामरिक विशेषज्ञों को भी इस बात की आशंका लगती है कि भारत की मुख्यभूमि के बेहद करीब स्थित द्वीप तक कहीं चीन किसी तरह से अपनी पहुंच न बना ले। ऐसे में भारत को श्रीलंका के साथ अपने पारंपरिक एवं सांस्कृतिक संबंधों को मज़बूत बनाने पर अधिक ध्यान देना चाहिए।

# समझ नहीं आता कि देश किसका है



कनक तिवारी
पूर्व महाधिवक्ता, छ.ग.

यक्ष प्रश्न है कि जीवनदायिनी नदियों का पानी सरकारी आदेशों के तहत कारपोरेटी कारखानों को दहेज की तरह सौंपा जा रहा है लेकिन मनुष्य और पशु पक्षियों को पीने और निस्तार के लिए प्राकृतिक जलाशयों पर अधिकार लुटेरे कानून बनाकर छीन लिया गया है।

जनसंख्या के लिहाज से हिंदुस्तान दुनिया की सबसे बड़ी जम्हूरियत है। अद्भुत यूनानी दार्शनिक अफलातून वेद ऋचाओं की तरह याद है। कहता है लोकतंत्र जनता के लिए, जनता का, जनता के द्वारा शासन है। जनतंत्र में खोपड़ियां गिनी जाती हैं, तोड़ी नहीं। यही पश्चिमी अवधारणा भारत को लगभग 130 करोड़ लोगों का समुच्चय समझती है। भारतीय समझ के अनुसार सांस्कृतिक और मानवीय दृष्टि से पूरी धरती एक कुटुंब है। अलबत्ता देशों की भौगोलिक सरहदें अलग-अलग संसार रचती हैं। भारतीय जीवन की अलग बानगी, पहचान और सुगंध है। समाज नाम का आधुनिक शब्द पश्चिम से आयातित है। भारत में लोकजीवन की मर्यादाएं राजाज्ञा से बड़ी अनुशासन संहिता की तरह प्रभावशील रही हैं। राज्य का मकसद लोककल्याण और लोकयश हासिल करना होता था। निजी महत्वाकांक्षाएं, विवेक और राजकीय आदेश लोक इच्छाओं के सामने नतमस्तक होते थे।

आज हिंदुस्तान में समझ नहीं आता कि देश किसका है। ईश्वर अर्थात कुदरत ने धरती, वन, पशु पक्षी, समुद्र, नदी, झील, खनिज जैसी नायाब संपत्तियां सौंपी हैं। हमारी संस्कृति नदियों की तरह नदियों के किनारे समय के प्रवाह की तरह विकसित होती रहीं। गंगा, यमुना, ब्रम्हपुत्र, सिंधु, नर्मदा, गोदावरी, कृष्णा और कावेरी बहते हुए जलांश नहीं हैं। वे भारतीय अस्तित्व की धमनियां हैं। उनमें कालजयी रक्त बहता है। देश का भौगोलिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक इतिहास समय के प्रवाह में इनके जल की स्याही से लिखा गया। वह अमिट पहचान है। हिमालय, सतपुड़ा, विंध्याचल और नीलगिरि की गुफाओं और कंदराओं में ऋषिचिंतन खदबदाता पकता रहा है। समूचा देशज ज्ञान अविनश्वर है। बुद्ध ने तो बोधि वृक्ष को आध्यात्मिक संस्कारों का संरक्षक बना दिया। वाल्मीकि ने मिथुनरत क्रौंच पक्षी को बहेलिए द्वारा मारे जाने के क्षण को कविता के इतिहास का अमर उद्गगम बना दिया।

यक्ष प्रश्न है कि जीवनदायिनी नदियों का पानी सरकारी आदेशों के तहत कारपोरेटी कारखानों को दहेज की तरह सौंपा जा रहा है लेकिन मनुष्य और पशु पक्षियों को पीने और निस्तार के लिए प्राकृतिक जलाशयों पर अधिकार लुटेरे कानून बनाकर छीन लिया गया है। वैचारिक विश्वविद्यालय रहे पहाड़ सरकार और कारपोरेट घरानों के आपराधिक षड़यंत्र की हिंसा के चलते खोखले किए जा रहे हैं।



केदार घाटी जैसी भयानक त्रासदी हुई लेकिन सजा किसी को नहीं मिली। लौह अयस्क, कोयला, बाक्साइट और अन्य खनिज कुछ घरानों की धन कमाने की हविश के लिए बलात्कृत बना दिए गए हैं। नागरिक असहाय होकर यह आधुनिक चीरहरण देख रहे हैं। कारखानों से निकलती रासायनिक गैसों से प्राणपद हवा प्रदूषित हो गई है। सांस लेने में कई नई बीमारियां हो रही हैं। कोई कानून सरकारों को मजबूर नहीं करता कि मनुष्य के जीने के अधिकार में कटौती नहीं हो सकती। नगरपालिका और पंचायत संस्थाएं जहरीला पेयजल सीमित मात्रा में मुहैया कराती हैं। अंगरेजी कानूनों के चलते कोई कारगर कार्यवाही नहीं होती।

केदार घाटी जैसी भयानक त्रासदी हुई लेकिन सजा किसी को नहीं मिली। लौहअयस्क, कोयला, बाक्साइट और अन्य खनिज कुछ घरानों की धन कमाने की हविश के लिए बलात्कृत बना दिए गए हैं। नागरिक असहाय होकर यह आधुनिक चीरहरण देख रहे हैं। कारखानों से निकलती रासायनिक गैसों से प्राणपद हवा प्रदूषित हो गई है। सांस लेने में कई नई बीमारियां हो रही हैं। कोई कानून सरकारों को मजबूर नहीं करता कि मनुष्य के जीने के अधिकार में कटौती नहीं हो सकती। नगरपालिका और पंचायत संस्थाएं जहरीला पेयजल सीमित मात्रा में मुहैया कराती हैं। अंगरेजी कानूनों के चलते कोई कारगर कार्यवाही नहीं होती। करोड़ों किसान खून पसीना बहाते, आत्महत्या करते अनाज उगाते हैं। कुछ तिजारती डकैत उसे अपने भंडारों में ठूंस देते हैं। उपभोक्ताओं को अनाज कई गुना दामों में उनके अधिकारों की डंडी मारकर सरकारी कानूनों के तहत भीख और अहसान बतौर दिया जाता है। उम्मीद की जाती है कि लोग फिर भी खुश रहें।

अंगरेज ने नहीं सिखाया लेकिन हिंदुस्तानी नेता उससे अधिक क्रूर हैं। संविधान में डींगें मारी गई हैं कि मनुष्य को गरिमामय जीवन का अधिकार है। उच्चतम न्यायालय भी विक्टोरियाई अंगरेजी में अपने न्यायनिर्णय परोसता रहता है। वह संविधान, न्याय और आदेश किस काम के जो बांझहीन लफ्फाजी बनकर किताबों में कैद होकर रहें। मजदूरों को कारखाना मालिक जानवरों की तरह चूसते रहें। शहरों, कस्बों बल्कि गांवों तक में सुबह चहचहाने और रात को मीठी लोरी सुनाने वाली चिड़ियों का समूह ओजोन परतों में बढ़ते जा रहे छेद के कारण दफ्न हो गया है।

यह देश किसका है। बाबा अरबपति बनने की होड़ में हैं। गुंडों की फौज पालते हैं। देह व्यापार करते हैं। कालेबाजारियों का धन सफेद करने की जुगत बिठाते हैं। साधु कहलाते सत्ता परिवर्तन के षड़यंत्र में शामिल होते हैं। राम कभी देव रहे होंगे। ब्रह्मचारी चोगा ओढ़े लोग हिंदू स्त्रियों को कम से कम चार बच्चे पैदा करने का फतवा जारी कर देते हैं। कूढ़मगज अल्पसंखक सत्ता में घुसकर पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगा रहे हैं। मिडिल फेल राष्ट्र निर्माता बन रहे हैं। पीएचडी होकर दैनिक वेतनभोगी भी नहीं हैं। लाखों विधवाएं नर्क का जीवन जी रही हैं। नैतिकता की डींग मारते नागरिक सड़कों पर बलात्कारियों के सामने कायरों की तरह दुम दबाकर भागते हैं। 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते' का नारा उपजाने वाले औरतों की देह को उपयोग और व्यापार की वस्तु बना रहे हैं। किसका है यह देश जहां न्यायालय बिक रहे हैं। उनकी शिकायत भी नहीं हो सकती। डाक्टरों के मानव व्यापार कारखानेनुमा अस्पताल वेंटिलेटर पर पड़े मरीज की लाश तक नहीं सौंपते, जब तक अवैध फीस का भुगतान नहीं किया जाए। दुनिया को भारत द्वारा दी गई शिक्षा उसके ही काम नहीं आ रही है। पेट की रोटी के वास्ते देश के नेता अस्मिता खोकर अमेरिका के चरणों में लगातार लोट रहे हैं।


नौकरशाही अंगरेजी भाषा, शासन व्यवस्था और तहजीब माथे पर चंदन की तरह लीपे हुए है। वह मादरी जुबान, देशी समझ, इतिहास परंपराओं और स्वदेश बोध को गिरवी रखकर एक सौ तीस करोड़ भारतीयों के संकुल को कीड़ा मकोड़ा समझती है। पता नहीं रावण बनाम राम, कंस बनाम कृष्ण, भस्मासुर बनाम शिव, अंग्रेज बनाम भगतसिंह, हिंसा बनाम गांधी की कहानियों में कितनी सचाई रह गई है। सरकारों, विदेशियों, नौकरशाहों, न्यायालयों वगैरह ने मिलकर भारतीयों को देश नाम के मकान का किराएदार बना दिया है। इस संपत्ति पर कब्जा 'मेक इन इंडिया', 'अंगरेजियत', 'लार्ड मैकाले', 'एड्स की बीमारी', 'किसानों की आत्महत्या', 'स्त्रियों के बलात्कार', 'कारपोरेटियों के अनाचार' का हो गया है। पता नहीं यह देश किसका है।

## प्रसंगवश

# मकसद क्या लिखा है उसको समझना नहीं सिर्फ पढ़ना है

मेरे बगल की बिल्डिंग के एक फ्लैट में रमज़ान शुरू होने से लेकर आज तक तकरीबन पूरे दिन (शायद रात में भी) कुछ लोग लगातार कुरान की तिलावत (पढ़ना) कर रहे है। कभी कभी उनकी बॉलकनी में मदरसे में हफीजा करने वाले कुछ बच्चे दिखाई देते हैं।

ये अमल नया देखा है। क़ुरान ख़्वानी (सामूहिक क़ुरान पाठ) देखा है। जो कुछ घंटों का होता है। व्यक्तिगत कुरान पढ़ना रमज़ान में आम है। ज़्यादातर मुसलमान पढ़ते है। ये सारे लोग जो इस्लामी क़ानून की किताब क़ुरान पढ़ते है वो इसलिए पढ़ते है कि इससे गुनाह माफ होंगे, सबाब मिलेगा !



सोचिए एक किताब जिसके ज़रिए दुनियां बदल गई। उसे अब सिर्फ़ ज़ोर ज़ोर से, हिल हिल के बिना एक लफ्ज समझे बूझे पढ़ा जा रहा है। सिर्फ़ इसलिए की इससे अल्लाह खुश होगा, शाबाशी देगा, जन्नत में फ्लैट देगा।

सबसे मज़ेदार बात है कि इतनी मोटी किताब बिना एक लफ़्ज़ समझे घंटों पढ़ लेते हैं। क्योंकि क़ुरान अरबी में है और हिंदुस्तान में अरबी तो हाफ़िज को भी सिर्फ़ पढ़ना आता है। समझ में उनको भी नहीं आती। क्योंकि हफ़्ीज़े के दौरान हाफ़िज को सिर्फ़ रटना सिखाया जाता है। उन्हें अरबी ग्रामर नहीं पढ़ाया जाता है। हाफ़िज होने के बाद अगर आगे का कोर्स करना हो तब अरबी लैंग्वेज का बेसिक ज्ञान शुरू होता है।



इकबाल अहमद

कुछ लोग है वो कुरान का उर्दू/इंग्लिश/हिंदी अनुवाद भी पढ़ते हैं। लेकिन ज्यादातर तिलावत के वक़्त अरबी में ही सीधे पढ़ी जाती है। ऐसे में समझने के लिए अरबी सीखना ज़रूरी हो जाता है। लेकिन यहां मकसद क़ुरान में क्या लिखा है उसको समझना नही है। सिर्फ़ इसलिए पढ़ना है क्योंकि वो अल्लाह की किताब है और उसे पूरे रमज़ान में दो तीन बार पूरा पढ़ लेना है। जितनी बार पढ़ कर खत्म करेंगे उतना सवाब मिलेगा।

और जयादा सवाब कमाने का तरीक़ा है कि सामूहिक रूप से पढ़ा जाए और एक दिन में दो तीन चार बार पूरा कुरान पढ़ कर ख़त्म कर दिया जाए। इसे क़ुरान ख़्वानी कहते है। यहां भी समझ कर पढ़ना नहीं है। बस जल्दी जल्दी पढ़ना है। मेरे पड़ोस वाले फ़्लैट के मालिक ने और बड़ा टारगेट रखा है। पूरे महीने दिन के 24 या 18 घंटे सामूहिक क़ुरान ख़्वानी। वो भी हाफ़िज़ा करने वाले प्रोफेशनल स्टूडेंट्स के ज़रिए। मतलब एक महीने में सौ बार कुरान ख़त्म तो हो ही जाएगी। इस तरह फ़्लैट वाले भाई साहब थोक के भाव में सवाब कमा लेंगे।

सोचिए एक किताब जिसके ज़रिए दुनियां बदल गई। उसे अब सिर्फ़ ज़ोर ज़ोर से, हिल हिल के बिना एक लफ्ज समझे बूझे पढ़ा जा रहा है। सिर्फ़ इसलिए की इससे अल्लाह खुश होगा, शाबाशी देगा, जन्नत में फ्लैट देगा।

तक़रीबन वैसा ही जैसे संस्कृत पर पंडितों (ब्राह्मण) ने क़ब्ज़ा कर किया और आम आदमी को बोला समझने की ज़रूरत नही है। उसके लिए हम है न। फलां फलां यज्ञ करो और हमें मोटी दक्षिणा दो। हम आपकी वैतरणी पार लगाएंगे। स्वर्ग पहुंचाएंगे।

कुछ वैसा ही इधर हो रहा है। मज़हबी मठाधीशों का ये कहना भी शुरू हो चुका है कि क़ुरान समझना आम आदमी के बस की बात नहीं है। रोज़ा नमाज़ करो। बाक़ी हमारे ऊपर छोड़ दो। कई लोगों को जानता हूं जिन्होंने सुबह सुबह घर/दुकान/ऑफिस आकर क़ुरान की आयतें पढ़ने के लिए तनख़्वाह पर मौलाना रखे हुए है। आपको क्या लगता है। एक लफ्ज समझे बग़ैर क्या किसी किताब का सिर्फ़ एक पन्ना भी आप पढ़ सकते है? वो भी तब जब वो किताब आपके जीवन जीने का तरीक़ा बताने वाली क़ानूनी किताब हो।

# समय के अनुसार बदलते रहे हैं चुनावी मुद्दे



गुंजन मिश्र
पर्यावरणविद

आधुनिक वैज्ञानिक सोच ने अभी तक प्रकृति को ठगा है। ये उसी का परिणाम है हमने अपने बच्चों को जीवन के अधिकारों से वंचित कर दिया।

भारत के प्रथम चुनाव में पंडित नेहरू ने अपने भाषण में छुआछूत और जमींदारी की प्रथा मिटाने के लिए आम लोगों से अपील की थी एवं इसके लिए भरोसा भी दिलाया था। इसके अलावा महिलाओं से पर्दा प्रथा छोड़कर देश के निर्माण के काम में आगे आने की गुजारिश भी की थी। इसी तरह चुनावी मुद्दे समय और जरूरतों के अनुसार बदलते रहे। लेकिन आज विश्व जलवायु परिवर्तन, जल की कमी, मिटटी की घटती उर्वरकता, आतंक आदि वैश्विक समस्याओं से जूझ रहा है। अतः अब जीवन के लिए जरूरी पंचमहाभूत की स्थिति को देखते हुए राजनैतिक पार्टियों को चाहिए कि इन समस्याओं पर मुख्य रूप से ध्यान दिया जाना चाहिए। इसके लिए आम जन को भी सरकारों के साथ अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। तभी सरकार के जो भी प्रयास जल, जंग , जमीन के संरक्षण के लिए किये जा रहे है, सफल होंगे।

क्योंकि पंचमहाभूतों के संरक्षण से ही विश्व में बढ़ रही आर्थिक असमानता।, कुपोषण, रोजगार, आदि को भी कम किया जा सकता है। इसके अलावा तकनीकी विकास से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे दैत्य तेजी से मानव कि जिंदगी में हस्तक्षेप करने वाले है। इसलिए विकास के नाम पर जो कुछ धरती ने खोया है उसको एक सुनिश्चित अनुपात में रखना मानवता के लिए बहुत जरूरी है।

आज के समय राजनैतिक पार्टियों को चाहिए कि समुद्र के किनारे बसे शहर या जल पर रोजगार के लिए निर्भर लोगों को सरकार से प्रकृति संरक्षण के लिए तेज़ी से काम करने के लिए पहल करनी चाहिए। क्योंकि लोकतंत्र तब तक ही है जब तक आम आदमी चुप है। इसीलिए अगर लोकतंत्र को बनाए रखने के लिए गरीबों, असहाय आदि को उस पंक्ति में लाकर खड़ा करना होगा जहां से वह शासन व्यवस्था में अपनी भागीदारी तय कर सके। तभी वसुधेव कुटुंबकम की धारणा स्थापित हो सकेगी। उदहारण के लिए आज यूक्रेन और वानातू दोनों देश इको साइड के मुद्दे पर एक हो गए है। दुनिया के किसी भी शहर में जीवंत जल का कोई प्रबंधन नहीं है।

आधुनिक वैज्ञानिक सोच ने अभी तक प्रकृति को ठगा है। ये उसी का परिणाम है हमने अपने बच्चों को जीवन के अधिकारों से वंचित कर दिया। इसलिए आज की जो आम आदमी की आवश्कताएं है उन पर भारत सरकार को ध्यान देना चाहिए। यानी हमको विकसित भारत की जगह समृद्ध भारत की तरफ आगे बढ़ना होगा तभी हम सही अर्थों में लोकतंत्र को महत्व दे पाएंगे। प्रकृति संरक्षण के लिए समय समय पर आंदोलन होते रहे, लोग अपने जीवन की आहुति देते रहे है। इसके बाबजूद अगर हम अनसुना करेंगे तो स्वामी सानंद उर्फ़ डा. जीडी अग्रवाल एवं अभी हाल ही में सोनम वांगचुक गांधी के रास्ते पर चलकर इको साइड के लिए अपना विरोध दर्ज़ करवाया। लेकिन आने वाले समय में यही विरोध एक क्रांति का रूप ले सकता है। यही कारण है कि इको साइड के कारण होने वाली घटनाओं को रोकने के लिए यानी पंचमहाभूतों का संरक्षण राजनैतिक पार्टियों का मुख्य मुद्दा हो। आज की परिस्थिति में धरती पर जीवन के लिए प्राकृतिक नियमों को अपनाकर ही एक गुणवत्ता युक्त जीवन जिया जा सकता है। यही वजह है कि देश को आज 'चुनावी बांड' की नहीं बल्कि 'पर्यावरणीय बांड' की जरूरत है। नहीं तो मानव के सामने सामाजिक , आर्थिक , और प्राकृतिक परिपेक्ष्य में बहुत बड़ा संकट खड़ा हो जाएगा। इसलिए अब आम जान के मन में किसी के चुनाव जीतने हारने से बड़ा मुद्दा एक व्यवस्थित लोकतंत्र का होना। यानी हरित या ग्रीन लोकतंत्र। अब समय आ चुका है कि आम लोग अब ऐसी सरकार चाहते है जो उनकी आने वाली पीढ़ियों के लिए भी प्राकृतिक साम्राज्य को बचा कर रखे।

ये कोई बड़ी बात नहीं कि भविष्य में लोगों को इको साईडल टैक्स के नाम पर हर्ज़ाना देना होगा। शस्य - श्यामला धरती, स्वच्छ और शुद्ध वायु व जल , अन्न धान्य, नदी , पहाड़ , जंगल यही वास्तविक धन , है क्योंकि ब्रह्मांड में जो कुछ भी है वो प्रकृति का अंग है यही वजह है कि मानव शरीर भी प्राकृतिक संरचना का एक अभिन्न अंग है। इसलिए अर्थशास्त्रियों को चाहिए कि कुछ ऐसे नियम कानून बनाए जाएं जहां कृत्रिम धन को पाने के लिए हम अपने वास्तविक धन को नष्ट न करें, जो की कर रहे है। अतः वास्तव में अब वोट बैंक की राजनीति से दूर हटकर राजनैतिक पार्टियों का मुद्दा अब जीवन के आधार होना चाहिए।

## सोशल फोरम

# यह सच है बाकी कथा

मथुरा में यदि कुछ सच लगा तो वह यमुना है। निराला की कविता की ये पंक्तियां याद आईं, 'यमुने तेरी इन लहरों में किन अधरों की आकुल तान। पथिक प्रिया सी जाग रही है, उस अतीत के नीरव गान।' अब अतीत एक शोर है, अब कुछ भी संगीतमय या नीरव बचा नहीं है। उपर्युक्त कविता पंक्तियों के आगे है, ' बता कहां अब वह बंसीवट, कहां गए नटनागर श्याम?' यह प्रश्न मेरे मन में जोर–जोर से दस्तक दे रहा था। क्या अब कृष्ण मथुरा– वृंदावन में नहीं हैं? जहां बंशी बज रही हो, वहां लोग शोर करें तो कृष्ण क्या करें? मैं जब मंदिर में गया, बहुत शोर था। ढाई सौ रुपए लेकर कृष्ण का आसानी से दर्शन कराने वाले पुरोहित भक्तों को फंसा रहे थे। भीतर गया, एक कोने में पुरी के जगन्नाथ के रूप में 'बलराम, सुभद्रा और कृष्ण' थे। यहां से राधा बाहर हैं। मंदिर के मध्य में सफेद संगमरमर के राधा–कृष्ण थे, जो लोगों के मन में मुख्य रूप से बसे हैं। फिर कृष्ण का तीसरा रूप है द्वारकाधीश मंदिर में सिंहासन पर बैठे काले रंग के कृष्ण का। यहां कृष्ण अकेले हैं।सूरदास के एक पद में है कि कृष्ण एकबार राजपुरुष के वेश में रुक्मिणी के साथ एक शोभायात्रा में जयजयकारती प्रजा के साथ थे। गली में भीड़ थी। गोपिकाएं भी उनको देखने राधा के साथ आईं थीं। रुक्मिणी के मन में बड़ी उत्सुकता थी राधा को देखने की। कृष्ण काफी दूर खड़ी राधा को दिखाते हुए रुक्मिणी से कहते हैं– वह देखो दूर, जो गोरी स्त्री चुप खड़ी है, वह राधा है।




शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

अब राधा सामान्य नागरिक थी, अपने प्रेम में खोई हुई अकेली। कृष्ण अब द्वारकाधीश के रूप में थे, भीड़ और लाव–लश्कर के साथ। रचनाकार को किसके साथ होना चाहिए? निश्चय ही उसके साथ नहीं जिसकी जयजयकार हो रही है, सिर्फ उसके साथ होना चाहिए जो अपने अकेलेपन में चुप है और व्यथा में डूबा है। सत्ता का अस्त्र हमेशा भीड़ है। सत्ता हमेशा प्रेम से, राधा से अलग कर देती है। मथुरा एक कृष्णमय नगर है। मुझे यही सच लगा, बाकी कथा है। मजेदार बात यह कि एक भद्र, पढ़ी लिखी महिला मथुरा में पूछ रही थी, 'राम जन्मभूमि कहां है?' कितना भारी दबाव है प्रचार का।

–फेसबुक वॉल से

# समासों में उलझा राजनीति का व्याकरण



बीएल आच्छा
चेन्नई

यह समय अकेले चलने का नहीं है। गढ़े-उखड़े रहने का नहीं है। शेयर बाजार की तरह मौसम विज्ञान या लाइट हाऊस को प्रेडिक्ट करने का है। शतरंजी गणित में अपने खाने को सुरक्षित रखने का है।


राजनीति के संधि-समासोंमें करण ही होता है, व्याकरण नहीं। जब एनडीए और इंडिया नहीं थे, तब भी संधि-विच्छेद और समास विग्रह होते ही थे। शत्रु राजा के आक्रमण में कोई भेदिया -प्रत्यय ऐसा मिल जाता था कि पूरे भरोसे में ही सिंहासन का विच्छेदन हो जाता था। और बाद में भेदिया प्रत्यय का भी। पता नहीं आचार्य चाणक्य के पास कौन सा चेप था कि सिकंदर के आक्रमण को रोकने के लिए सारे डॉट और डॉट कॉम को एक ही सीरीज में ला दिया। देश बना, जनता को महादेश मिला । फिर भी बलिहारी है आज के लोकतंत्र की। यही कि अब पार्टियों से टूटते -जुड़ते आवाजाही के गलियारे स्वागत- संस्कृति के नगाड़ों से गूंजते रहते हैं।

पर इन दिनों तो लगता है कि इस मौसम में बारहखड़ी के अक्षर जब- तब शिरोरेखा के खिलाफ बुलंद हैं। पाणिनी को ही बुलवा लिया जाए तो इंग्लिश-हिंग्लीश सहित भाषाई पेंचों में इतने उलझ जाएंगे कि सारे संधि- सूत्र मुंह ताकते रह जाएंगे। अलग बात है कि राजनीति के सूत्र तो संधि-विच्छेद और समास विग्रह में ही लोकतंत्र की बुनियाद रचते हैं। कब संस्कृत का शब्द वोटर से निकटता जतलाने के लिए प्राकृत-अपभ्रंश की यात्रा करते हुए ठेठ देसी बखान कर देगा। कब ट्वीटर की चिड़िया बड़बोली व्यंजना में बवाल मचा देगी। और अगले ही स्टॉप पर मन के उबाल की ऐसी फूलमती भाषा से पत्थर बरसाएगी कि पार्टी को ही किनारा पड़ेगा- 'यह उनका निजी विचार है'। पार्टी को उनसे लेना- देना नहीं, पर अपना बनाए रखना है। जो जितनी गिरी भाषा में बात कहेगा वही मीडिया का अष्टम स्वर बनेगा। अब ऐसी कचरा पंखुड़ियों को डस्टबिन में डालते- डालते कोई शहर तो स्वच्छता में नंबर वन हो जाता है, पर राजनीति का आकाश तो चैनलों में डम- डम डिगा- डिगा के साथ गगनभेदी हो जाता है। और लोकतंत्र के मंदिरों में बहसान जारी हो तो मामला ही सिरमौर हो जाता है।

चुनावी मौसम में संधि-विच्छेद के अध्याय द्वंद्वात्मक हो जाते हैं। पार्टी विच्छेद हुआ नहीं कि नई संधि दरवाजे पर मोलभाव के लिए खड़ी हो जाती है। और दो की लड़ाई में समास का फल-भोक्ता तीसरा (बहुब्रीहि समास ) ही हो जाता है। कभी-कभी पति -पत्नी का योजक द्वंद्व समास घर में एका और बाहर में अलग-अलग पार्टीबाजी का बिजूका लिए लोकतंत्र को मजबूत करते जाते हैं। कई बार बरसों से जमे मूल शब्द उखड़ने का नाम नहीं लेते। महिलाओं के तो पूरे इतिहास के कच्चे चिट्ठे खोलकर रख देते हैं। फिर पलट- बुद्धि और सुलट- बुद्धि के टूल बॉक्स बन जाते हैं। कभी घिसे औजार से गाड़ी दौड़ने लगती है। कभी नए औजार का जनाधार पुरानी गाड़ी में फिट हो जाता है। ऐसे में पुरानी संधियां दिले बेचारगी के अफसाने गाने लगती हैं। कभी जन्मजात दलीय उम्मीदवार ताकता रह जाता है।

कभी बगावती तान के बावजूद पटकनी में गुत्थमगुत्था। जीत गए तो विच्छेद का सुर-भंग भी मान- मनौव्वल के बाद लौटने का स्वागत द्वार रचा जाता है। तब के बगावती टूल किट की बारूदी जबानें धमाका करती थीं। पर सारी बकरौली के बावजूद पुराने दरवाजों में लौटते ही सारा बारूद राजनीति के चेहरे का क्रीम मोइश्चराइजर बन जाता है। अजीब सा व्याकरण है। यह कैसा एलजेब्रा है कि 'ए' को 'ए स्क्वायर' करने जाओ तो हाथ मलते कुंआरे रह जाते हैं। जब बहुमत के जादुई आंकड़े के आसपास हो तो विजेता निर्दलीय भी छब्बे जी नहीं अट्ठेजी का बहुमान पा जाता है। और कहने को कि ये तो हमारे अपने ही हैं। जैसे ज्योतिष में राजभंग योग होता है वैसे संधि- विच्छेद और समास- विग्रह के लाभों का अंदरूनी गणित सिर चढ़कर बोलता है। कभी- कभी पिता-पुत्र लाल सुर्खियों में होते हैं। कभी चाचा-भतीजे। तालमेल के जोड़क सूत्र भारोत्तोलन करते रहते हैं। कभी पार्टियां टूट जाती हैं। फिर नए नामकरण। पर राष्ट्र और जन तो बरकरार रहते हैं, जैसे सरकारी बैंकों में इंडिया तो रहेगा ही। बहुत हुआ तो पार्टी के नाम के साथ ब्रेकेट में ए बी सी डी। पहले विद्वान लोग किताब का पाठ संपादन करते थे,अब राजनेता पार्टी- संपादन। और पार्टी संपादन करते- करते पार्टी का अध्यक्ष ही विरोधी किताब का पाठ बन जाता है। कहें तो अव्ययीभाव समास ही व्यय-भाव में छलांग लगा जाता है। यह समय अकेले चलने का नहीं है। गढ़े-उखड़े रहने का नहीं है। शेयर बाजार की तरह मौसम विज्ञान या लाइट हाऊस को प्रेडिक्ट करने का है। शतरंजी गणित में अपने खाने को सुरक्षित रखने का है। अकेले अपना गीत गाने का नहीं, आर्केस्ट्रा में अपना सुर ताल साधने का है। बिना आर्केस्ट्रा के न तो अपने सध पाते हैं न पब्लिक का मिजाज। राजनीति के आर्केस्ट्रा में तो धुनों का समीकरण साधना पड़ता है। पर एक-दूजे के धुर विरोधी भी पुरानी जबानों के विडियो को एक्सपायरी डेट का नहीं होने देते। मौका देखा नहीं कि पुराने विडियो से सकपका दिया।

कितना पुराना हो गया व्याकरण भी। केवल संस्कृत के शब्दों में ही संधि होती थी। बड़ी मुश्किल से हिंदी के कुछ शब्दों में तालमेल बिठाया। अब तो शब्दों के तोड़-मरोड़ में ही व्यंजना के वार-पलटवार। राजनीति के संधि-समासों में मेल-मिलाप के विशेषण भी मीडिया में सिरफोड़ शोर मचाते हैं। अब रोजमर्रा पालों की छलांग लगाते पेंचों का कोई व्याकरण बनाए तो बनाए कैसे?




धर्म नगरी में अब तक छह बार भाजपा और चार मर्तबा कांग्रेस ने दर्ज की है जीत

# भाजपा की हैट्रिक आसान कर सकता है चतुष्कोणीय मुकाबला

**हरिद्वार संसदीय सीट**

अंकुर शर्मा, हल्द्वानी

**अमृत विचार** : उत्तराखंड में इस बार सबसे ज्यादा धर्मनगरी हरिद्वार संसदीय सीट की चर्चा है। यहां से कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के बेटे कुंवर वीरेंद्र रावत को टिकट दिया है, तो भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत को उम्मीदवार बनाया है। खानपुर क्षेत्र से निर्दलीय विधायक उमेश कुमार भी चुनाव मैदान में हैं। वहीं बहुजन समाज पार्टी ने मुजफ्फरनगर जिले की मीरापुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहे जमील अहमद को मैदान में उतारा है। इस हाल में यहां मुकाबला रोचक बन गया है। ऐसे में देखना दिलचस्प होगा कि इस सीट पर भाजपा जीत की हैट्रिक बनाती है अथवा चौतरफा संघर्ष में फंसती है।

### छह विस सीटों पर भाजपा, पांच पर कांग्रेस काबिज

- हरिद्वार लोकसभा क्षेत्र में आने वाली 14 विधाससभा सीटों में वर्तमान में छह पर भाजपा और पांच सीटों पर कांग्रेस का कब्जा है। दो सीटों पर बसपा तो एक पर निर्दलीय प्रत्याशी जीता था।
- 2022 के विधान सभा चुनावों में भाजपा को 38.8 प्रतिशत, कांग्रेस को 36.0 प्रतिशत, बसपा को 14.1 प्रतिशत आम आदमी पार्टी को 1.9 प्रतिशत तथा सपा को 0.2 प्रतिशत मत प्राप्त हुए थे।
- हालांकि 2017 के विधानसभा चुनावों में भाजपा काफी आगे रही थी। उसे 45.6 और कांग्रेस को 32.4 प्रतिशत मत प्राप्त हुए थे। बसपा को इस चुनाव में 13.8 प्रतिशत मत मिले थे।
- समाजवादी पार्टी भी एक बार दौड़ा चुकी है धर्म नगरी में साइकिल
- कैडर वोटों के सहारे बसपा यहां बनाती और बिगाड़ती रही है खेल





1 **कुंवर वीरेंद्र रावत** कांग्रेस ने दिया है टिकट

2 **त्रिवेंद्र सिंह रावत** पूर्व मुख्यमंत्री, भाजपा प्रत्याशी

3 **उमेश कुमार** खानपुर से निर्दलीय विधायक



### हरपाल साथी ने जीत की हैट्रिक का बनाया रिकॉर्ड

- हरिद्वार संसदीय सीट वर्ष 1977 में अस्तित्व में आई। पहला संसदीय चुनाव जनता पार्टी ने जीता। उस दौरान इस इलाके में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह का खासा प्रभाव था।
- वर्ष 1980 में यह सीट जनता पार्टी (सेक्युलर) ने जीती लेकिन 1984 में समीकरण बदले और कांग्रेस ने विजय पताका फहराई।
- वर्ष 1987 के उपचुनाव में भी कांग्रेस का कब्जा कायम रहा। वर्ष 1989 के चुनाव में कांग्रेस ने इस सीट पर जीत की हैट्रिक लगाई।
- वर्ष 1991 में कांग्रेस से भाजपा में आए राम सिंह सैनी ने राजनीति बदल दी और यह सीट भाजपा के खाते में चली गई। हालांकि परिसीमन में बदलाव हुआ और यह सीट आरक्षित हुई। इसके बाद भाजपा के कद्दावर नेता हरपाल साथी ने लगातार तीन चुनाव जीतकर हैट्रिक का रिकॉर्ड बनाया।


### उत्तराखंड बनने के बाद पहले चुनाव में सपा का खुला खाता

- वर्ष 2004 में उत्तराखंड राज्य का गठन के तुरंत बाद हुए पहले लोकसभा चुनाव में सपा ने हरिद्वार सीट भाजपा से छीन ली। इसके बाद नया परिसीमन हुआ और यह सीट आरक्षित से सामान्य हो गई। अल्मोड़ा से हरिद्वार पहुंचे कांग्रेस के कद्दावर नेता हरीश रावत ने यहां से 2009 में जीत दर्ज की और केंद्रीय जल संसाधन मंत्री बने। वर्ष 2014 में मोदी लहर ने इस सीट पर फिर राजनीति बदल दी। यहां से भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल निशंक को उम्मीदवार बनाया। निशंक ने भारी मतों से जीत दर्ज की और वर्ष 2019 में भी अपनी जीत का प्रदर्शन दोहराया।

### देहरादून की तीन व हरिद्वार की 11 विस सीटें शामिल हैं


- हरिद्वार लोकसभा सीट में देहरादून की तीन विधानसभा सीटें डोईवाला, धर्मपुर और ऋषिकेश शामिल हैं। हरिद्वार जिले की हरिद्वार, बीएचईएल रानीपुर, ज्वालापुर, भगवानपुर, झबरेड़ा, पिरान कलियर, रूड़की, खानपुर, मंगलौर, लक्सर व हरिद्वार ग्रामीण विधानसभा सीटें लोक सभा क्षेत्र का हिस्सा हैं।


### 2019 चुनाव का लेखा जोखा




| उम्मीदवार | वोट |
|---|---|
| रमेश पोखरियाल | 665,674 |
| अंबरीश कुमार | 4,06,945 |
| अंतरिक्ष सैनी | 1,73,528 |

### 2014 में किसको कितने वोट





| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | रमेश पोखरियाल | 592,320 |
| कांग्रेस | रेणुका रावत | 4,14,498 |
| बसपा | मोहम्मद इस्लाम | 1,13,663 |

### हरिद्वार से निर्वाचित सांसदों की सूची

| वर्ष | सदस्य | दल |
|---|---|---|
| 1977 | भगवान दास राठौड़ | जनता पार्टी |
| 1980 | जगपाल सिंह | जनता पार्टी (सेक्युलर) |
| 1984 | सुंदर लाल | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1987 | राम सिंह सैनी | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1989 | जगपाल सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1991 | राम सिंह सैनी | भारतीय जनता पार्टी |
| 1996, 98 व 99 | हरपाल सिंह साथी | भारतीय जनता पार्टी |
| 2004 | राजेंद्र कुमार बाड़ी | समाजवादी पार्टी |
| 2009 | हरीश रावत | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 2014 व 19 | रमेश पोखरियाल | भारतीय जनता पार्टी |

### 2009 चुनाव के आंकड़े

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| कांग्रेस | हरीश रावत | 332,235 |
| भाजपा | यतींद्रानंद गिरि | 2,04,823 |
| बसपा | शहजाद | 1,81,296 |




# बदायूं में पिछली बार गुन्नौर ने गिरा दी थी सपा की साइकिल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार** : लंबे समय तक बदायूं लोकसभा सीट पर समाजवादी पार्टी का कब्जा रहा। संसदीय क्षेत्र की पांच विधानसभा सीटों में गुन्नौर विधानसभा क्षेत्र में सपा को हमेशा लंबी बढ़त मिलती रही। लेकिन पिछले लोकसभा चुनाव 2019 में गुन्नौर की जनता ने सपा का मजबूत किला ढहा दिया। मोदी लहर में 2014 में गुन्नौर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी को जहां 54 हजार मत प्राप्त हुए थे, वहीं 2019 में 96,531 मतदाताओं ने भाजपा को वोट देकर सपा का खेल खराब कर दिया। इसके चलते भाजपा प्रत्याशी संघमित्रा मौर्य ने बदायूं में कमल खिला दिया। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि गुन्नौर की जनता इस बार किस ओर अपना रुख करेगी। मुस्लिम और यादव बाहुल्य क्षेत्र होने की वजह से बदायूं जिले में सपा का दबदबा रहा है। सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव बदायूं के लोगों को अपना कुनबा बताते थे। बदायूं सीट से मुलायम सिंह के करीबी रहे सलीम इकबाल शेरवानी पांच बार सांसद रहे। वर्ष 2009 में यहां सपा दो खेमे में बंट चुकी थी तो मुलायम सिंह ने अपने भतीजे पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव को चुनाव मैदान में उतारा। उस समय बसपा की सरकार थी। बसपा से बाहुबली डीपी यादव चुनाव मैदान में थे। लेकिन चुनाव में सपा को ही जीत हासिल हुई। इसके बाद 2014 में मोदी लहर में भी धर्मेंद्र यादव ने भाजपा उम्मीदवार बागीश पाठक को 1.65 लाख वोटों के अंतर से हरा दिया था। सपा की जीत में गुन्नौर विधानसभा क्षेत्र का बड़ा हाथ रहा। लेकिन, वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा का गढ़ कहे जाने वाले गुन्नौर क्षेत्र ने पार्टी को तगड़ा झटका दिया। यहां से भाजपा उम्मीदवार को 96,531 वोट मिले। हालांकि सपा उम्मीदवार धर्मेंद्र यादव को यहां एक लाख छह हजार मत मिले, लेकिन भाजपा को अपेक्षा से ज्यादा वोट मिलने की वजह से सपा को हार का सामना करना पड़ा।

- भाजपा ने डा. संघमित्रा मौर्य का टिकट काटकर दुर्विजय सिंह शाक्य को उतारा तो सपा से शिवपाल सिंह यादव करेंगे मुकाबला
- 2014 की मोदी लहर में भाजपा प्रत्याशी को गुन्नौर में मिले थे महज 54 हजार वोट पर 2019 में 96,531 वोट लेकर जीता चुनाव
- अन्य विधानसभा सीटों पर सपा प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव और भाजपा की संघमित्रा मौर्य में चलती रही थी मामूली अंतर से हार जीत

### वर्ष 2019 में विधानसभावार मिले मत

- बिसौली विधानसभा क्षेत्र से भाजपा को 1,11,686, सपा को 1,06,485 और कांग्रेस को 6,711 मत प्राप्त हुए थे।
- सहसवान विधानसभा क्षेत्र से भाजपा को 95,093, सपा प्रत्याशी को 1,09,873 और कांग्रेस को 21,198 वोट मिले थे।
- बिल्सी विधानसभा में भाजपा 1,03,191 वोट, सपा को 79,751 और कांग्रेस को 9,190 वोट मिले थे।
- सदर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा को 1,03,842, सपा को 89,691 और कांग्रेस को 9,698 वोट हासिल हुए थे।
- गुन्नौर विधानसभा में भाजपा को 96,531 और सपा को 1,06,159 वोट मिले थे।

### सपा में शिवपाल का टिकट बदले जाने की चर्चा

बदायूं लोकसभा सीट पर सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव का मुकाबला करने के लिए मौजूदा सांसद डा. संघमित्रा मौर्य का टिकट काटकर भाजपा ने इस बार दुर्विजय सिंह शाक्य को मैदान में उतारा है। वह पार्टी के ब्रज प्रांत के अध्यक्ष हैं। भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय शाक्य सपा मुखिया अखिलेश यादव व प्रत्याशी शिवपाल यादव पर तंज कस रहे हैं, शिवपाल पहले अपने भतीजे से तो निपट लें, अपने भतीजे की तो बात कर लें, भतीजे का विश्वास जीतें, जिसने यहां फंसा दिया है। इस बीच माना जा रहा है कि सपा बदायूं लोकसभा सीट पर उम्मीदवार बदल सकती है। इस संबंध में शिवपाल यादव का कहना है कि पार्टी जो भी निर्देश देगी, उसका पालन करूंगा।

# इंडिया गठबंधन के पास भ्रष्टाचार के अतिरिक्त कुछ नहीं: मोदी

**वाराणसी** । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि विपक्षी गुट 'इंडिया' के नेताओं के पास भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और तुष्टिकरण के अलावा देने के लिए कुछ नहीं है। प्रधानमंत्री ने ये बात रविवार को नमो एप के जरिए अपने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी के पार्टी कार्यकर्ताओं से बातचीत के दौरान कहीं। प्रधानमंत्री ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ 'टिफिन बैठक' में विकास के प्रति भाजपा की प्रतिबद्धता को दोहराया। विपक्ष पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' घिसी-पिटी बातों पर भरोसा करता है। उनमें तर्क और तथ्य दोनों का अभाव है। विपक्षी नेताओं पास भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और तुष्टिकरण के अलावा और कुछ नहीं है। वे बस इतना ही जानते हैं। इसलिए, जब जनता उन्हें अस्वीकार करने लगती है, तो वे मोदी की आलोचना करने लगते हैं। उन्होंने कहा कि परिवारवादी पार्टियां कभी इस बात की सराहना नहीं करेंगी कि भारत कितना आगे आ गया है। वे परिवार के लिए और परिवार द्वारा हैं। अपनी बातचीत में मोदी ने कहा कि 10 साल पहले, आपने मुझे पहली बार अपना जनप्रतिनिधि होने की जिम्मेदारी सौंपी थी।



**हम भी मोदी** मेरठ में आयोजित राजग की रैली को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी ने संबोधित किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं में भारी जोश दिखा।

**भाजपा-सपा में रहती टक्कर** | इस बार बसपा यादव या मुस्लिम चेहरे पर दांव लगाने की कर रही तैयारी

# एटा में हर बार अटकती रही हाथी की राह

गजेंद्र चौहान, कासगंज

**अमृत विचार :** एटा- कासगंज लोकसभा क्षेत्र में हाथी की राह कभी आसान नहीं हो पाई। यहां बहुजन समाज पार्टी को कभी जीत नहीं मिली। हालांकि विधानसभा चुनाव में कासगंज में बसपा के प्रत्याशी को जीत मिली थी। शायद यही वजह है कि इस बार अभी तक बसपा ने लोकसभा का प्रत्याशी घोषित नहीं किया है।

बहुजन समाज पार्टी ने एटा लोकसभा क्षेत्र से कई धुरंधरों को मैदान में उतारा, लेकिन यहां की जनता ने उनको नकार दिया। कई बार प्रत्याशी घोषित होने के बाद बदलते भी रहे। लेकिन जीत हासिल नहीं हुई। इस बार यादव या मुस्लिम वर्ग



से प्रत्याशी बनाए जाने की अटकलें हैं। बसपा जिलाध्यक्ष डीपी राना ने बताया कि हमने पैनल बनाकर मुख्यालय को भेज दिया है। इसमें नौ नाम शामिल किए गए हैं। अब मुख्यालय से ही निर्णय लिया जाएगा। संभवतः दो दिन में सूची आ जाएगी। उसमें एटा के प्रत्याशी का नाम शामिल होगा।

### विधानसभा चुनाव में मिली थी बड़ी सफलता

- विधानसभा चुनाव में एटा- कासगंज जिले में बसपा को बड़ी सफलता मिली थी। कासगंज विधानसभा क्षेत्र से हसरत उल्ला शेरवानी, सोरों विधानसभा क्षेत्र से ममतेश शाक्य, पटियाली विधानसभा क्षेत्र से अजय यादव और एटा के अलीगंज विधानसभा क्षेत्र से अवधपाल सिंह यादव ने बसपा के टिकट पर चुनाव जीता और उस समय बसपा की सरकार प्रदेश में बनी थी। इसके अलावा वर्ष 2002 में पटियाली विधानसभा क्षेत्र से राजेंद्र सिंह चौहान ने चुनाव जीता था। वर्ष 2012 में अमापुर विधानसभा क्षेत्र से ममतेश शाक्य ने बसपा से चुनाव जीता था।

### 16 लाख से ज्यादा मतदाता

- इस लोकसभा सीट में पांच विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। इनमें कासगंज, अमॉपुर, पटियाली, एटा और मारहरा विधानसभा सीटें शामिल हैं। इस सीट पर 7,42,422 पुरुष वोटर हैं। महिला मतदाताओं की संख्या 8,78,827 है। थर्ड जेंडर के मतदाता 46 हैं। 2019 में कुल वोटरों की संख्या 9,99,607 थी। मतदान प्रतिशत 61.65% रहा था। एटा क्षेत्र मंट लोध, यादव और शाक्य जाति की बहुलता है।

### बीते दो चुनावों का जनादेश

- 2019 लोकसभा चुनाव में एटा सीट से बीजेपी के राजवीर सिंह ने जीत हासिल की थी। उन्हें 5,45,348 वोट मिले थे। सपा के देवेंद्र यादव 4,22,678 वोट पाकर दूसरे नंबर पर रहे और आरजेएपी के सूरज सिंह 51,26 वोटों के साथ तीसरे नंबर पर रहे थे। 2014 के चुनाव में भी कल्याण सिंह के बेटे राजवीर सिंह को टिकट मिला था। उन्होंने बड़ी जीत हासिल की थी। एटा में हुए 58 फीसदी मतदान में भाजपा के राजवीर सिंह को करीब 51 फीसदी वोट मिले थे तो उनके प्रतिद्वंद्वी समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार को सिर्फ 29 फीसदी वोट मिले थे।

# पहली बार पति-पत्नी एक साथ पहुंचे थे संसद

## फैजाबाद के डीएम रहते श्रीराम के प्राकट्योत्सव में निभायी थी महत्वपूर्ण भूमिका

राजू जायसवाल, बहराइच

**अमृत विचार:** बहराइच जिले का नाता अयोध्या के रामलला के ऐतिहासिक प्राकट्योत्सव से जुड़ा हुआ है। उस समय फैजाबाद अब अयोध्या में कलेक्टर रहे केके नैयर बाद में जब बहराइच से और उनकी पत्नी कैसरगंज से चुनाव लड़ीं तो जिले की जनता ने दोनों को साथ जीत दिलाई थी। देश में पहली बार लोकसभा चुनाव में एक साथ पति और पत्नी जीतकर संसद पहुंचे थे।

अयोध्या में रामलला विराजमान हो गए हैं। जबकि बाबरी मस्जिद के लिए भी दूसरी जगह जमीन देदी गई है। भाजपा की ओर से मंदिर और मस्जिद का मुद्दा उठाया जाता था, लेकिन मंदिर और मस्जिद का हल निकलने के बाद भी इससे जुड़ी घटनाएं लोगों को अतीत में डाल रही है। लोकसभा चुनाव में एकबार पुनः मंदिर और मस्जिद के केंन्द्र में रहे फैजाबाद (अब अयोध्या) के तत्कालीन जिलाधिकारी केके नैयर ने वर्ष 1966 के आसपास विवाद को बढ़ता देख अदालत के आदेश पर बाबरी मस्जिद में ताला लगवा दिया था। इसके बाद उन्होंने नौकरी से इस्तीफा दे दिया और राजनीति में उतर गए। जनसंघ पार्टी ने केके नैयर को बहराइच और उनकी पत्नी शकुंतला नैयर को कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र से टिकट दिया। दोनों को जिले की जनता ने सर आंखों पर बैठाया। इसका आलम रहा कि वर्ष 1967 में हुए लोकसभा चुनाव में बहराइच और कैसरगंज लोकसभा सीट से पति पत्नी ने एकसाथ जीत दर्ज की थी। यह एक रिकार्ड भी है कि दंपती को जिले की जनता ने एक साथ संसद भेजा।

जिले में इसका असर भी देखने को मिलता है। जिले से अधिकतर समय भाजपा या उससे जुड़ी पार्टी ही सबसे अधिक बार जीत दर्ज करने में सफल रही है।


शकुंतला नैयर


केके नैयर

### सुर्खियों में आया जनपद

पति-पत्नी जब एक साथ एक ही जिले से चुनकर संसद में पहुंचे तो देश की राजनीति में यह मामला सुर्खियों में बन गया। देश के साथ जिले में भी लोग कहने लगे कि जनता ने भावनाओं को समझते हुए जीत दिलाई है।

### विधायक भी बनी थीं शकुंतला

जिले में परिसीमन से पूर्व फखरपुर विधान सभा सीट थी। इस सीट पर भी शकुंतला नैयर ने दो बार विधान सभा चुनाव जीता था। इसके बाद वह भाजपा समर्थित सरकार में मंत्री भी बनीं। इनकी क्षेत्र में अलग ही पहचान थी।

अतीत के झरोखे से

### संसद में पहले दंपति थे नैयर

बहराइच से केके नैयर और कैसरगंज लोकसभा से शकुंतला नैयर ने एकसाथ लोकसभा चुनाव जीता था। वर्ष 1967 में हुए चुनाव में देश में यह पहला मौका था कि किसी जिले से पति और पत्नी को चुनाव जितवाकर उन्हे संसद भेजा गया है।

# जब प्रियंका ने बदल दी थी रायबरेली की चुनावी फिजा

रमेश शुक्ल, ऊंचाहार रायबरेली

- और चौथे स्थान पर पहुंच गये थे भाजपा के अरुण नेहरू
- कांग्रेस के कैप्टन सतीश शर्मा ने दर्ज कराई थी जीत

**अमृत विचार:** 18 वीं लोकसभा चुनाव के संदर्भ में रायबरेली में पांचवे चरण में 20 मई को मतदान होगा। रायबरेली से लोकसभा सदस्य रहीं सोनिया गांधी राजस्थान से राज्यसभा के लिए निर्वाचित हो चुकी हैं। रायबरेली में उनकी विरासत संभालने के लिए उनकी पुत्री प्रियंका गांधी की खासी चर्चा है। कांग्रेस की तरफ से अभी तक औपचारिक रूप से रायबरेली से उम्मीदवार की घोषणा नहीं हुई है, किंतु कांग्रेस के लोगों को पूरी उम्मीद है कि प्रियंका ही रायबरेली से कांग्रेस का चेहरा होंगी। प्रियंका गांधी यदि रायबरेली से चुनाव लड़ती हैं तो यह उनके राजनैतिक जीवन का पहला चुनाव होगा। क्योंकि अभी तक प्रियंका ने कोई चुनाव नहीं लड़ा है। प्रियंका गांधी रायबरेली में 1999 से सक्रिय हैं। उनकी रायबरेली में ऐसी शुरुआत हुई थी कि आज भी यहां के लोगों के जेहन में 27 साल की प्रियंका के वो दो वाक्य याद है, जिन्होंने 1999 के लोकसभा चुनाव की पूरी फिजा ही बदल कर रख दी थी।

बात साल 1999 के लोकसभा चुनाव की है। रायबरेली में चुनावी मुहिम ज़ोर-शोर से जारी थी। कांग्रेस के उम्मीदवार कैप्टन सतीश शर्मा मैदान में थे तो बीजेपी की तरफ़ से राजीव गांधी के चचेरे भाई और प्रियंका गांधी के चाचा अरुण नेहरू। उस वक्त 27 साल की एक महिला कांग्रेस का प्रचार कर रही थी। उन्हें देखने काफ़ी भीड़ जमा हो जाती थी। देर रात तक सभाओं में लोग घंटों इस महिला को सुनने के लिए बैठे रहते थे। अरुण नेहरू रायबरेली से पहले भी चुनाव जीत चुके थे। अरुण नेहरू की वजह से रायबरेली में बीजेपी के लिए माहौल बनता हुआ दिख रहा था। ऐसे में उस 27 साल की लड़की ने एक चुनावी रैली के बीचोबीच सवाल पूछा, "मेरे पिता जी से दग़ाबाज़ी करने वालों को आपने यहां पर घुसने कैसे दिया." उन्होंने आगे कहा, ''क्या आप उन्हें वोट देंगे जिन्होंने मेरे पिता की पीठ में छुरा घोंपा.'' इस बयान की काफ़ी चर्चा हुई और इसकी गूंज दिल्ली तक सुनी गई। दूसरे दिन अरुण नेहरू के प्रचार के लिए अटल बिहारी वाजपेयी रायबरेली पहुंचे। उन्होंने अपने भाषण में उस लड़की के बयान पर काफ़ी हल्के-फुल्के ढंग से अपनी प्रतिक्रिया दी।

अटल जी ने कहा था कि "हमने सुना कि ये किसी का इलाक़ा है। आपने इस आदमी को घुसने कैसे दिया।" इसके बाद चुनाव प्रचार काफ़ी ज़ोर-शोर से चला और कहा जाने लगा कि मुक़ाबला कांटे का हो गया है, लेकिन उस एक लाइन ने अमेठी-रायबरेली चुनाव की कहानी बदल दी थी। शुरु में कांटे की टक्कर देने वाले अरुण नेहरू चौथे नंबर पर चले गए और कांग्रेस के कैप्टन सतीश शर्मा जीत गए। कैप्टन सतीश शर्मा के लिए प्रचार करने वाली ये लड़की थीं प्रियंका गांधी।



# चुनाव को लेकर लोकसभा क्षेत्रों में बढ़ाई गई सुरक्षा और सतर्कता

## अतुल गर्ग और केंद्रीय मंत्री बालियान पर हमले के बाद जारी किये गये सख्त निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** भाजपा से मुजफ्फरनगर के प्रत्याशी केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ संजीव बालियान और गाजियाबाद के अतुल गर्ग पर हुए हमले के बाद कई अन्य चुनावी क्षेत्रों से भी हमले की साजिश का इनपुट मिल रहा है। इसके पीछे मतदाताओं के बीच पार्टी को बदनाम करने की विपक्ष की साजिश के साथ नाराज कार्यकर्ताओं के नाम भी सामने आ रहे हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री समेत भाजपा का शीर्ष नेतृत्व गंभीर हो गया है। शासन ने जिला प्रशासन समेत खुफिया इकाईयों को सतर्क रहकर समय रहते कार्रवाई का निर्देश दिया है।

केंद्रीय राज्य मंत्री और मुजफ्फरनगर से भाजपा प्रत्याशी डॉ संजीव बालियान के काफिले पर शनिवार को खतौली पुलिस स्टेशन क्षेत्र में मढकरीपुर गांव में रात करीब साढ़े आठ बजे पथराव में विपक्षी नेताओं की साजिश सामने आई है। इस सीट पर रालोद और भाजपा का समझौता होने से भाजपा बहुत मजबूती का दावा कर रही है। सपा ने यहां से हरेंद्र मलिक को मैदान में उतारा है। हरेंद्र और संजीव दोनों ही जाट समुदाय से हैं। इसलिए मुकाबला कांटे का माना जा रहा है। मगर, विरोधी पक्ष 19 अप्रैल को मतदान से पहले भाजपा को बदनाम करने के लिए तमाम दांव-पेच चल रहा है।

शासन को आई जिला प्रशासन की रिपोर्ट में इसे विपक्ष की साजिश बताया गया है। अराजत तत्वों और उन्हें उकसाने वालों की तलाश और धर-पकड़ तेज हो गई है। हालांकि चुनाव प्रचार के दौरान गाजियाबाद सीट से भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग के साथ शुक्रवार को हुई हाथापाई और इससे पहले बागपत में भाजपा और रालोद कार्यकर्ताओं के बीच टकराव में माना जा रहा था कि आपसी नाराजगी का असर है। लेकिन बालियान पर हमला बड़ी साजिश का हिस्सा माना जा रहा है, इसमें 15 नेताओं की गाड़ियों के शीशे चकनाचूर हुए और कई लोग गंभीर हाल मे मेरठ जिला अस्पताल में भर्ती हैं। प्रत्याशी को किसी तरह से जान बचाकर निकाला गया। भाजपा प्रत्याशी डा. संजीव बालियान कहते हैं कि मढकरीपुर में साजिशन हमला किया गया है। उन्होंने इस मामले से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी को भी अवगत कराया है।



- भाजपा को बदनाम करने के लिए प्रत्याशियों पर हमले की बड़ी साजिश, भाजपा का शीर्ष नेतृत्व भी गंभीर
- गाजियाबाद में अतुल गर्ग और मुजफ्फरनगर में संजीव बालियान के बाद आगे भी हमले होने की आशंका

### योगी ने हमलावरों पर सख्त कार्रवाई का दिया निर्देश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा प्रत्याशी डॉ संजीव बालियान पर हुए हमले पर शासन को सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कार्यकर्ताओं से ऐसे हमलों को लकेर सतर्क रहने का संदेश भेजा है। साथ ही शीर्ष नेतृत्व को भी जानकारी दी गई है। सूत्रों के अनुसार गृह विभाग ने सभी जिलों को सतर्क रहने और खुफिया सूचनाएं समय रहते जुटाने के साथ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। ऐसे और हमले कहां-कहां हो सकते हैं, इसे चिन्हित करने और समय रहते पर्दाफाश करने को कहा गया है।






### सोशल मीडिया पर पुराने वीडियो से भी निशाना साध रहा विपक्ष

लोकसभा चुनाव की सरगर्मियों के बीच सोशल मीडिया पर विपक्ष भाजपा नेताओं पर भीड़ के हमले का वीडियो साझा करके निशाना साध रहा है। बताने की कोशिश हो रही है कि 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार करने गए भाजपा नेताओं को लोगों ने भगाया। ऐसे वीडियो साझा करते हुए आप छात्र विंग की उप्र इकाई के अध्यक्ष वंशराज दुबे ने लिखा है कि ''जनता गली-मोहल्लों से ही पार नहीं जाने दे रही है, चले हैं 400 पार लाने! जबकि भाजपा नेताओं पर हमले का यह वीडियो करीब छह साल पुराना दार्जीलिंग में बंगाल भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रहे दिलीप घोष से धक्का मुक्की और पार्टी के कार्यकर्ताओं को पीटने का है। इसका लोकसभा चुनाव 2024 से कोई संबंध नहीं है।

# दो महिलाओं ने किया संसद में गोंडा का प्रतिनिधित्व


उमानाथ तिवारी, गोंडा

**अमृत विचार:** जनता की रहनुमाई करने में जिले की आधी आबादी काफी उदासीन रही है। महिलाओं के सशक्तीकरण व राजनीति में हिस्सेदारी बढ़ाने की वकालत जमीनी हकीकत से कोसों दूर दिखायी पड़ती है। कांग्रेस की सुचेता कृपलानी व भाजपा की केतकी सिंह को छोड़कर किसी तीसरी महिला की भागीदारी इस लोकसभा सीट पर नहीं दिखाई देती।देश की पहली महिला मुख्यमंत्री सुचेता कृपलानी की कर्मभूमि होने के बावजूद गोंडा जिले में महिलाओं की राजनीतिक हिस्सेदारी हमेशा से उपेक्षित रही है। इसके चलते ही 73 साल के इतिहास में अब तक जिले से चुनाव लड़ने वाली मात्र दो महिलाएं ही जीतकर लोकसभा सभा की दहलीज को पार कर पायी है।

देश की आजादी के बाद से अब तक 73 साल के लंबे राजनीतिक सफर में पुरुषों की तुलना में महिलाओं की भागीदारी महज चंद फीसदी रही है। 17 लोकसभा चुनावों में सिर्फ दो महिलाएं ही संसद की चौखट तक पहुंची है। वर्ष 1967 में कांग्रेस पार्टी से सुचेता कृपलानी व वर्ष 1996 में भाजपा से केतकी सिंह ने इस सीट से महिलाओं का प्रतिनिधित्व किया है। महिला अधिकारों की वकालत करने वाली राजनैतिक पार्टियां टिकट के नाम पर मुंह फेर लेती हैं। वर्ष 1967 में सुचेता कृपलानी की जीत के बावजूद कांग्रेस ने दोबारा किसी महिला को प्रत्याशी नहीं बनाया। 1996 को अपवाद को छोड़ दिया जाए तो भारतीय जनता पार्टी ने भी कभी किसी महिला को इस सीट से टिकट नहीं दिया है। वर्ष 1996 के चुनाव में भाजपा ने केतकी सिंह को टिकट इसलिए दिया था क्योंकि उनके पति बृजभूषण शरण सिंह जेल में थे और पार्टी को सहानुभूति की उम्मीद थी।

सपा ने वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में मेहनौन की तत्कालीन विधायक रहीं नंदिता शुक्ला को टिकट दिया था लेकिन मोदी लहर में वह जीत दर्ज करने में नाकाम रहीं। हालांकि इस चुनाव में उन्हे करीब 2 लाख वोट मिले थे, लेकिन पार्टी ने उन्हे दोबारा मौका नहीं दिया।


बहुजन समाज पार्टी ने भी अब तक कभी भी इस सीट पर किसी महिला को मौका नहीं दिया है। जिले के कुल 1838295 मतदाताओं में 852422 महिला मतदाता होने के बावजूद महिलाओं की हिस्सेदारी चिंताजनक दिखाई देती है। मौजूदा चुनाव में समाजवादी पार्टी के सिंबल पर श्रेया वर्मा चुनाव मैदान में है जबकि सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा ने वर्तमान सांसद कीर्तिवर्धन सिंह को तीसरी बार चुनाव मैदान में उतारा है।


सुचेता कृपलानी। फाइल फोटो


केतकी सिंह।

### कब कौन बना सांसद

| वर्ष | सांसद | पार्टी | वर्ष | सांसद | पार्टी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1951 | चौधरी हैदर हुसैन | कांग्रेस | 1991 | बृजभूषण शरण सिंह | भाजपा |
| 1957 | दिनेश प्रताप सिंह | कांग्रेस | 1996 | केतकी सिंह | भाजपा |
| 1962 | राम रतन गुप्ता | कांग्रेस | 1998 | कीर्तिवर्धन सिंह | सपा |
| 1967 | सुचेता कृपलानी | कांग्रेस | 1999 | बृजभूषण शरण सिंह | भाजपा |
| 1971 | कुंवर आनंद सिंह | कांग्रेस | 2004 | कीर्तिवर्धन सिंह | सपा |
| 1977 | सत्यदेव सिंह | जनता पार्टी | 2009 | बेनी प्रसाद वर्मा | कांग्रेस |
| 1980 | कुंवर आनंद सिंह | कांग्रेस | 2014 | कीर्तिवर्धन सिंह | भाजपा |
| 1984 | कुंवर आनंद सिंह | कांग्रेस | 2019 | कीर्तिवर्धन सिंह | भाजपा |
| 1989 | कुंवर आनंद सिंह | कांग्रेस | | | |




### गोंडा में विधानसभा वार मतदाताओं की संख्या

| विधानसभा | कुल मतदाता | महिला | पुरुष | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| मेहनौन | 378547 | 175126 | 203414 | 07 |
| गोंडा सदर | 360423 | 168753 | 191639 | 31 |
| मनकापुर | 338771 | 158730 | 180035 | 00 |
| गौरा | 333641 | 154046 | 179588 | 07 |
| उतरौला | 426913 | 195767 | 231116 | 30 |
| योग- | 1838295 | 852422 | 985846 | 75 |

# कुशीनगर से लड़ेंगे स्वामी प्रसाद

राज्य ब्यूरो लखनऊ

- राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी शीघ्र घोषित करेगी और प्रत्याशी

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य कुशीनगर से लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। इंडिया गठबंधन में शामिल रहने के बावजूद सीटें न मिलने पर पार्टी ने रविवार को कुशीनगर व देवरिया सीट के लिए प्रत्याशी घोषित किया। हालांकि बाद में देवरिया सीट पर प्रत्याशी बनाए गए एसएन चौहान का टिकट निरस्त कर दिया गया। इस बीच पार्टी प्रमुख मौर्य गाजीपुर पहुंचकर मुख्तार अंसारी के परिजनों से मुलाकात की और शोक संवेदना व्यक्त की।

आरएसएसपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने रविवार को सोशल मीडिया मंच ''एक्स'' के जरिए चुनाव लड़ने की घोषणा की। वह इंडिया गठबंधन से अलग कुशीनगर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी के अन्य प्रत्याशियों के नामों की घोषणा शीघ्र की जाएगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के गठन 22 फरवरी से लेकर निरंतर इंडिया गठबंधन को जिताने और मजबूत बनाने का प्रयास कर रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने देशवासियों से संविधान बचाओ-भाजपा हटाओ, लोकतंत्र बचाओ-भाजपा हटाओ, देश बचाओ-भाजपा हटाओ।'' अपील भी की। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन में शामिल यूपी की दोनों बड़ी पार्टियों के नेताओं से वार्ता भी हुई, उनकी अपेक्षाओं के अनुरूप पांच नामों की सूची भी भेजी। वह प्रतीक्षा करते रहे कि उस पर निर्णय कर इन्ही दोनों पार्टियों की ओर से तय किये गये नामों की घोषणा भी हो, पर घोषणा नहीं हुई।



# हर चुनाव में दलीय निष्ठा बदलती रही श्रावस्ती लोकसभा की जनता

## पिछले तीन चुनाव में कांग्रेस, भाजपा और बसपा को दिया मौका

लालजी सिंह, बलरामपुर

**अमृत विचार:** वर्ष 2009 में परिसीमन के बाद अस्तित्व में आई श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र की जनता ने हर बार अपनी दलीय निष्ठा बदली है। पिछले तीन लोकसभा चुनाव में यहां की जनता कांग्रेस, भाजपा तथा बसपा को मौका दिया था ।इस बार अभी तक केवल भाजपा ने अपना पत्ता खोला है। इंडिया गठबंधन तथा बसपा के लोग अभी तक प्रत्याशी की घोषणा नहीं कर पाए हैं।

वर्ष 2009 में बलरामपुर लोकसभा का अस्तित्व खत्म कर महात्मा बुद्ध की तपोस्थली श्रावस्ती के नाम से नया लोकसभा क्षेत्र बनाया गया था। इस लोकसभा क्षेत्र में श्रावस्ती जनपद की दो विधानसभा श्रावस्ती पूर्व नाम इकौना तथा भिनगा और बलरामपुर के तीन विधानसभा बलरामपुर सदर, तुलसीपुर और गैंसड़ी शामिल हैं।

वर्ष 2009 के चुनाव में कांग्रेस के डॉक्टर विनय कुमार पांडेय के ऊपर इस क्षेत्र की जनता ने अपना विश्वास जताया और उन्हें अपना सांसद बनाया। उन्होंने सपा के रुवाब सईदा को हराया था । वर्ष 2014 के चुनाव में बाहुबली माफिया अतीक अहमद को हराकर भाजपा के दद्दन मिश्रा ने यह सीट भाजपा के खाते में डाल दी। वर्ष 2019 के चुनाव में दद्दन मिश्रा अपना पुराना इतिहास नहीं दोहरा पाए। उन्हें सपा बसपा गठबंधन के प्रत्याशी बसपा के राम शिरोमणि वर्मा के हाथों मामूली मतों से हार का सामना करना पड़ा। इस सीट पर हिंदू मतों में ब्राह्मण, कुर्मी और दलित वोटों का वर्चस्व है।

यह तीन लोग लड़ाई में निर्णायक साबित होते हैं। क्षेत्र में मुस्लिम मतदाताओं की आबादी भी करीब 20% है। वोटों के ध्रुवीकरण में इनकी भी भूमिका महत्वपूर्ण रहती है। भाजपा को छोड़ अन्य दलों के प्रत्याशी मुस्लिम मतदाताओं को अपनी तरफ करने का हर संभव प्रयास करते हैं।


दद्दन मिश्रा।


राम शिरोमणि वर्मा।

### चुनाव परिणाम

**वर्ष 2009**
1-डा. विनय कुमार पांडेय - कांग्रेस कुल प्राप्त मत-201556
2-रिजवान जहीर - बसपा कुल प्राप्त मत-159527

**वर्ष 2014**
1-दद्दन मिश्रा- भाजपा कुल प्राप्त मत-345964
2-अतीक अहमद - सपा कुल प्राप्त मत-260051

**वर्ष 2019**
1-राम शिरोमणि वर्मा - बसपा कुल प्राप्त मत-441771
2-दद्दन मिश्रा - भाजपा कुल प्राप्त मत-436451

### भाजपा का प्रत्याशी घोषित, विपक्ष में अभी चुप्पी

वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने एमएलसी साकेत मिश्रा को श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी घोषित कर दिया है। साकेत मिश्रा पूर्व प्रशासनिक अधिकारी नृपेन्द्र मिश्रा के बेटे हैं। नृपेंद्र मिश्रा वर्तमान में अयोध्या राम तीर्थ निर्माण ट्रस्ट के अध्यक्ष हैं ।साकेत मिश्रा पिछले 5 सालों से लोकसभा क्षेत्र में लगातार बने रहकर लोगों का काम करते रहे ।इंडिया गठबंधन में यह सीट सपा के खाते में है। सपा और बसपा ने अभी तक यहां से प्रत्याशी घोषित नहीं किया है।



### लोकसभा क्षेत्र में विधानसभावार मतदाता



**2-तुलसीपुर**
पुरुष-203276
महिला-174322
अन्य-17
कुल मतदाता-377615

**1-बलरामपुर सदर**
पुरुष-225626
महिला-193405
अन्य-00
कुल मतदाता-419026

**4- श्रावस्ती**
पुरुष-222338
महिला-198809
अन्य-14
कुल मतदाता-421161

**3-गैंसड़ी**
पुरुष-192888
महिला-168801
अन्य-19
कुल मतदाता-361708

**5-भिनगा**
पुरुष-210270
महिला-183143
अन्य-02
कुल मतदाता-393415

### सपा व कांग्रेस सरकारों के समय क्षेत्र ने कर्फ्यू की यातनाओं को झेला

# चुनाव स्वार्थी परिवार बनाम मोदी परिवार का है: योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेरठ की चुनावी रैली में कहा कि यह चुनाव सिर्फ चुनाव नहीं है, बल्कि उन लोगों को फिर से सही जगह दिखाने का है, जिन लोगों ने सामाजिक तानेबाने को छिन्न-भिन्न करने का कार्य किया है।

यह चुनाव फैमिली फर्स्ट बनाम नेशन फस्ट, माफियाराज बनाम कानूनराज, भ्रष्टाचार बनाम जीरो टॉलरेंस, तुष्टिकरण बनाम सबका साथ-सबका विकास, स्वार्थ के परिवार बनाम मोदी के परिवार, जातिवाद बनाम गरीब कल्याण के बीच का है। योगी ने कहा कि एक तरफ विकास को लेकर चलने वाली सरकार है तो दूसरी तरफ हजार षडयंत्र करने वाले नापाक गठबंधन के लोग तमाम तरह के भ्रम की आवाज पैदा कर रहे हैं। तय करना है कि कर्फ्यू चाहिए या कांवड़ यात्रा। योगी ने कहा कि इस क्षेत्र में 10 वर्ष के अंदर काफी परिवर्तन हुआ है। कांग्रेस व सपा सरकारों के समय इस क्षेत्र ने दंगा पॉलिसी व कर्फ्यू की यातनाओं को झेला है। जब भी समाज को जाति और परिवारवादियों के माध्यम से बांटने की चेष्टा होगी तो उसका फायदा दंगावादी लोग उठायेंगे।

### चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न किसानों का सम्मान

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि किसानों के मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को ''भारत रत्न'' मिलना किसानों का सम्मान है। यूपी व देश का किसान इसके लिए पीएम के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करता है। सीएम ने आह्वान किया कि पीएम मोदी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में 2014, 2017, 2019 और 2022 में आपने एनडीए गठबंधन को आशीर्वाद दिया है। एक बार फिर आपका आशीर्वाद 2024 में हमें प्राप्त हो। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी, अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल, निषाद पार्टी के अध्यक्ष व प्रदेश सरकार के मंत्री डॉ. संजय निषाद, सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश सरकार के मंत्री ओमप्रकाश राजभर, मेरठ के सांसद राजेंद्र अग्रवाल, बागपत के सांसद सत्यपाल सिंह, राज्यसभा सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेयी, मेरठ से भाजपा प्रत्याशी अरुण गोविल, कैराना से भाजपा प्रत्याशी प्रदीप चौधरी, मुजफ्फरनगर से भाजपा प्रत्याशी संजीव बालियान, बिजनौर से एनडीए प्रत्याशी चंदन चौहान, बागपत से राजकुमार सांगवान आदि मौजूद रहे।

### मोदी प्रधानमंत्री नहीं होते तो चरण सिंह को भारत रत्न नहीं मिलता : जयंत चौधरी

**मेरठ।** राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के अध्यक्ष और राज्यसभा सदस्य जयंत चौधरी ने रविवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ मंच साझा करते हुए उनकी जमकर सराहना की और कहा कि अगर नरेन्द्र मोदी देश के प्रधानमंत्री नहीं होते तो चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न नहीं मिलता। प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दलों के साथ रविवार को मेरठ में एक रैली को संबोधित कर लोकसभा चुनाव अभियान की शुरुआत की जिसमें रालोद प्रमुख जयंत चौधरी भी शामिल हुए।

### पहले चरण के लिए मतदान की तैयारी शुरू

**लखनऊ, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के पहले चरण की आठ सीटों पर मतदान के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने तैयारी तेज कर दी है। आयोग ने स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए मतदान केंद्रों पर अर्धसैनिक बलों की तैनाती की प्रक्रिया तेज करने के निर्देश दिए हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि पहले चरण के लिए 19 अप्रैल को मतदान होना है। इस सिलसिले में जिला निर्वाचन अधिकारियों को समुचित तैयारी के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन कराया जा रहा है। अब तक सार्वजनिक व निजी स्थानों से कुल 52,64,709 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई है।

# कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश के लिए घोषित किये 40 स्टार प्रचारक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **सूची में मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी व प्रियंका गांधी शामिल**



**अमृत विचार:** कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए 40 स्टार प्रचारक घोषित किए हैं। प्रचारकों में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी प्रियंका गांधी समेत पार्टी के अन्य नेताओं के नाम शामिल हैं।पार्टी की ओर से रविवार को प्रचारकों की सूची जारी की गई।

अन्य प्रचारकों में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, नेता विधान मंडल दल आराधना मिश्रा 'मोना', सलमान खुर्शीद, पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार, सुखबीर सिंह सुक्खू, डीके शिवाकुमार, अशोक गहलोत, दिग्विजय सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, हरीश रावत, सचिन पायलट, प्रमोद तिवारी, राजीव शुक्ला, इमरान प्रतापगढ़ी, दीपेंद्र सिंह हुड्डा, रंजीत रंजन, प्रदीप जैन आदित्य, निर्मल खत्री, राज बब्बर, बृजलाल खाबरी, अजय कुमार लल्लू, पीएल पुनिया, इमरान मसूद, मीम अफजाल, नदीम जावेद, सुप्रिया श्रीनेत, धीरज गुर्जर, प्रदीप नरवाल, तौकीर आलम, राजेश तिवारी, सत्यनारायण पटेल, नीलांशु चतुर्वेदी व अल्का लांबा शामिल हैं।

# धर्मांतरण के लिए जा रहे 110 लोगों को पुलिस ने पकड़ा

### 50 हजार रुपये, नौकरी का झांसा देकर उन्नाव के चर्च लेकर जा रहे थे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **बजरंग दल की सूचना पर पुलिस ने गंगा बैराज से दो बसों को पकड़ा**
- **पीड़ित की तहरीर पर नवाबगंज थाने में दर्ज की गई एफआईआर**

**अमृत विचार:** बजरंग दल कार्यकर्ताओं की सूचना पर नवाबगंज पुलिस ने शनिवार देर रात शहर के अब तक के सबसे बड़े धर्मांतरण का खुलासा किया है। व्यापार, नौकरी, पैसा, इलाज का झांसा देकर धर्मांतरण के लिए उन्नाव, नवाबगंज स्थित चर्च ले जाए जा रहे 110 लोगों को गंगा बैराज पर पुलिस ने पकड़ा। ये दो बसों में सवार थे।

मूलरूप से बदायूं के खौसार गांव निवासी संजय बाल्मीकि पत्नी संगीता व बच्चों के साथ अर्मापुर सर्वेंट क्वार्टर में रहते हैं। उन्होंने बताया कि आवास विकास कल्याणपुर निवासी साइमन विलियम व विष्णुपुरी निवासी दीपक मोरिस ने उनके परिवार को बहला-फुसला कर कहा कि अगर तुम क्रिश्चियन बन जाओ तो तुम्हारी सारी परेशानी दूर हो जाएंगी। साइमन व दीपक मोरिस ने उनकी पत्नी व बच्चों को बहका दिया, जिससे वह उनसे अलग रहने लगे। संजय के मुताबकि आरोपी उस पर भी क्रिश्चियन धर्म अपनाने का दबाव बना रहे हैं। इसके बदले नौकरी व 40 से 50 हजार रुपये दिए जांएगे। शनिवार देर रात संजय समेत 110 लोग दो प्राइवेट बसों से उन्नाव जिले के नवाबगंज स्थित चर्च में धर्म परिवर्तन के लिए ले जाए जा रहे थे। जिसकी जानकारी संजय ने बजरंग दल महानगर प्रमुख कृष्णा तिवारी को दी। सूचना पर पुलिस ने गंगा बैराज पर चेकिंग शुरू करके दोनों बसों को पकड़ लिया। बसों में सवार लोगों से पूछताछ करने पर सामने आया कि नवाबगंज, अर्मापुर आदि कई जगहों से लोगों को एकत्रित कर धर्मांतरण के लिए उन्नाव स्थित चर्च ले जाया जा रहा था। संजय की तहरीर पर पुलिस ने साइमन विलियम और दीपक मोरिस के खिलाफ धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम की धारा के तहत रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों को हिरासत में लिया।

### थाने में हंगामा कर आरोपियों को छुड़ाया

बजरंग दल के पदाधिकारी कृष्णा तिवारी का आरोप है कि नवाबगंज पुलिस ने आरोपियों को थाने से छोड़ दिया। बताया कि पुलिस ने साइमन और दीपक मोरिस को हिरासत में लिया था, लेकिन देर रात ईसाई धर्म के लोगों ने थाने पर हंगामा किया। हंगामें के बाद नवाबगंज पुलिस दोनों को थाने से नोटिस देकर छोड़ दिया। थाना प्रभारी दीनानाथ मिश्रा ने बताया कि जमानतीय धाराओं में रिपोर्ट होने के चलते दोनों को थाने से छोड़ा गया है।

### तीन प्रदेशों के राज्यपाल ने रामलला के दरबार में लगाई हाजिरी

**अयोध्या, अमृत विचार :** भव्य राम मंदिर में दर्शन पूजन करने के लिए रविवार को गुजरात, सिक्किम और मेघालय के राज्यपाल अयोध्या पहुंचे। तीनों ही रामलला के दर्शन कर भाव विभोर हो उठे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने स्वागत किया तो पुजारी ने रामनामी ओढ़ाकर प्रसाद भेंट किया। प्राण प्रतिष्ठा के बाद से श्रद्धालु ही नहीं अलग-अलग राज्यों के मुख्यमंत्री और कैबिनेट मंत्रियों का प्रतिनिधिमंडल अयोध्या पहुंच दर्शन पूजन कर चुका है। अब राज्यों के राज्यपाल भी अयोध्या दर्शन को पहुंच रहे हैं। रविवार को सबसे पहले मेघालय के राज्यपाल राज्यपाल फागू चौहान अपने पैतृक आवास आजमगढ़ से सड़क मार्ग से अयोध्या पहुंचे और रामलला का दर्शन किया।

उसके बाद सिक्किम के राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य एयरपोर्ट से सीधे सर्किट हाउस पहुंचे। फिर गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय श्रीराम एयरपोर्ट पर पहुंचे। प्रोटोकॉल के तहत दोनों राम जन्मभूमि परिसर पहुंचे और रामलला का दर्शन पूजन किया।

# नर्स परामर्श कार्यक्रम के संचालन पर रोक, मेंटरों की संविदा समाप्त

कार्यालय संवददाता, कानपुर

- **राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की निदेशक ने जारी किया आदेश**

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) ने वित्तीय वर्ष 2024-25 और वर्ष 2025-26 में प्रदेश में नर्स परामर्श कार्यक्रम के संचालन पर रोक लगा दी है। साथ ही नर्स मेंटर की संविदा भी समाप्त कर दी है। हालांकि यह नर्स मेंटर अब एक अप्रैल से स्टाफ नर्स के रूप में कार्य करेंगी। उन्हें सिर्फ स्टाफ नर्स का ही मानदेय दिया जाएगा। अलग से परामर्श कार्यक्रम का अतिरिक्त मानदेय अब नहीं मिलेगा।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) की निदेशक डॉ. पिंकी जोवल ने सीएमओ डॉ.आलोक रंजन को पत्र जारी किया है, जिसमें कहा कि कानपुर समेत प्रदेश के 75 जिलों के ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य इकाइयों में नर्स मेंटर कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। ब्लॉक स्तरीय चिकित्सा इकाइयों में नामांकन के आधार पर संविदा स्टाफ नर्स से नर्स मेंटर के रूप में नामित व सीधी भर्ती के माध्यम से कार्यरत हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 और वर्ष 2025-26 के लिए भारत सरकार से प्राप्त निर्देशों में नर्स मेंटरिंग कार्यक्रम के संचालन की स्वीकृति नहीं दी गई है। इसलिए नर्स मेटरिंग कार्यक्रम का संचालन 31 मार्च के बाद नहीं किया जाएगा। सीधी भर्ती से कार्यरत नर्स मेंटर व स्टाफ नर्स से नामित नर्स मेंटर के मद में किसी भी प्रकार का व्यय नहीं किया जाएगा। सीएमओ के मुताबिक शासन से निर्देश मिला है कि सीधी भर्ती के माध्यम से कार्यरत संविदा नर्स मेंटर का 31 मार्च के बाद नवीनीकरण नहीं किया जाए। मतलब 31 मार्च 2024 से इनकी संविदा समाप्त हो जाएगी। संविदा नर्स मेंटर से कोई भी कार्य नहीं लिया जाएगा और एक अप्रैल से इस मद में किसी भी प्रकार का व्यय भी नहीं किया जाएगा।

## सार-संक्षेप

### 5 से मुम्बई, पुणे के लिए चलेंगी समर स्पेशल ट्रेनें

**लखनऊ, अमृत विचार :** ग्रीष्मकाल में ट्रेनों में अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर साप्ताहिक व पुणे-गोरखपुर साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन स्पेशल वाया लखनऊ होकर चलायेगा। ट्रेन नंबर 01123 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक स्पेशल 05 अप्रैल से 28 जून तक प्रत्येक शुक्रवार को लोकमान्य तिलक टर्मिनस से दोपहर 12:15 बजे रवाना होकर ठाणे, कल्यान, इगतपुरी, नासिक रोड, भुसावल, खण्डवा, दूसरे दिन इटारसी, भोपाल, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई जं., उरई, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ दोपहर 1:45 बजे, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर शाम 6:55 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में ट्रेन नंबर 01124 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस साप्ताहिक 06 अप्रैल से 29 जून तक प्रत्येक शनिवार को गोरखपुर से रात्रि 9:15 बजे रवाना होकर दूसरे दिन लखनऊ तड़के 2:55 बजे, तीसरे दिन लोकमान्य तिलक टर्मिनस 7:25 बजे पहुंचेगी।

### होली के एक हफ्ते बाद भी ट्रेनों में भीड़

**लखनऊ, अमृत विचार :** होली में घर आए लोगों को लौटने के लिए ट्रेनों में सीटें नहीं मिल पा रही हैं। नियमित के साथ विशेष ट्रेनों में भी वेटिंग चल रही है। रविवार को लखनऊ से दिल्ली जाने वाली सभी ट्रेनों में लंबी वेटिंग रही। वेटिंग टिकट के साथ यात्री रेलवे कर्मचारियों से सीट की फरियाद करते नजर आए। लखनऊ मेल के स्लीपर में 150, थर्ड एसी में 75 वेटिंग पहुंच गई है। एसी एक्सप्रेस के थर्ड एसी में 76 और गोमती के चेयरकार में 57 वेटिंग दिख रही है। त्योहार मनाकर लौटने वालों की भीड़ चारबाग और लखनऊ जंक्शन पर नजर आई। आलम यह है कि मुंबई जाने वाली ट्रेनों में एक, दो और तीन अप्रैल को वेटिंग 186 पहुंच गई है। दिल्ली की ट्रेनों में भी लंबी वेटिंग है।

# चिकित्सीय कार्यक्रमों में अब शराब नहीं पी सकेंगे डॉक्टर

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

- **केंद्रीय स्वास्थ्य विभाग की ओर से देशभर में जारी हुआ दिशा निर्देश**
- **कांफ्रेंस, सेमिनार, सीएमई व अन्य विविध आयोजन में शराब पर रोक**

**अमृत विचार:** चिकित्सा क्षेत्र में होने वाली काफ्रेंस, सेमीनार, सीएमई या अन्य पार्टियों में डॉक्टर खुलेआम शराब का सेवन नहीं कर सकेंगे। क्लीनिक्स व कॉकटेल पार्टियों से परहेज कर, जनसामान्य को शराब व तम्बाकू आदि उत्पादों से होने वाले नुकसान से जागरूक करेंगे। यह निर्देश रविवार को दिल्ली से स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ.अतुल गोयल ने जारी किये हैं।

स्वास्थ्य महानिदेशक ने निर्देश में स्पष्ट किया है कि शराब व तम्बाकू आदि संबन्धित उत्पाद जनसामान्य की सेहत के लिए नुकसानदायक हैं। इनके सेवन से लिवर सिरोसिस, कैंसर, हेमोरेजिक स्ट्रोक आदि गंभीर बीमारियां बढ़ रहीं हैं। 63 प्रतिशत लोगों की मौत गैर संचारी (नॉन कम्यूनिकेबिल डीजीज) से हो रही है। इन कारणों से हो रही मौतों की रोकथाम के लिए शराब व अन्य संबन्धित उत्पादों से नुकसान के प्रति समाज में जागरूकता जरूरी है। इसके लिए चिकित्सा स्वास्थ्य से जुड़े लोगों को आगे आना होगा। डॉ.अतुल गोयल कहा कि पहले चरण में डॉक्टरों को आगे आना होगा। उन्हें स्वस्थ दिनचर्या के प्रति लोगों को जागरूक करना होगा। चिकित्सकों के बाद, स्वास्थ्य क्षेत्र से संबद्ध दूसरे संवर्ग के लोगों को भी जिम्मेदारी निभानी होगी।

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन लखनऊ शाखा के पूर्व अध्यक्ष डॉ.पीके गुप्ता ने केन्द्रीय मंत्रालय का कदर सराहनीय है। ये अच्छा प्रयास है, बेहतर स्वास्थ्य के लिए चिकित्सक को समाज में आदर्श माना जाता है। चिकित्सक संवर्ग व्यसनों से दूर होगा तभी समाज पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। लोगों की शराब से दूरी बढ़ेगी।

# भाजपा सांस्कृतिक, सामाजिक व व्यवसायिक वर्गों से करेगी संवाद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** भाजपा ने रविवार को आयोजित विशेष सम्पर्क अभियान की बैठक में विभिन्न सांस्कृतिक, सामाजिक व व्यवसायिक वर्गों में सेमिनार से टू-वे डॉयलाग और सम्पर्क से संवाद की कार्ययोजना को अंतिम रूप दिया।

भाजपा विशेष सम्पर्क अभियान के तहत शिक्षक, चिकित्सक, अधिवक्ता, शिक्षण संस्थान प्रमुख, व्यवसायिक केन्द्र, व्यापारी, सामाजिक संगठनों के प्रमुख, अवकाश प्राप्त अधिकारी, पूर्व सैनिक, उद्योगपति, सीए, प्रवासी भारतीय, साहित्यकार, कवि, धार्मिक अध्यात्मिक प्रमुख, प्रबुद्ध वर्ग सहित विभिन्न सामाजिक, धार्मिक व व्यवसायिक क्षेत्रों से जुडे. लोगों के साथ सम्पर्क करेगी तथा सेमिनार के माध्यम से संवाद स्थापित करेगी।

राज्य मुख्यालय पर हुई बैठक में लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश सह संयोजक व सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने कहा कि भाजपा सतत सम्पर्क व संवाद के माध्यम से सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के मंत्र के साथ लगातार जनता के बीच है। प्रधानमंत्री की जनकल्याणकारी योजनाएं, ऐतिहासिक निर्णय, विकसित भारत का संकल्प तथा देश की आन्तरिक व वाह्य सुरक्षा की सुदृढ़ व्यवस्था के 10 वर्षों का लेखा-जोखा लेकर प्रत्येक व्यक्ति व प्रत्येक वर्ग के बीच पहुंचना है। उन्होंने कहा कि देश नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आर्थिक सम्पन्नता के साथ विश्व का नेतृत्व करने के लिए तैयार है। इस दौरान अभियान के सहसंयोजक डा. अभयमणि त्रिपाठी, एमएलसी उमेश द्विवेदी, पवन चौहान, महंत दिव्यागिरि सहित प्रकोष्ठों के प्रदेश संयोजक व सहसंयोजक उपस्थित रहे।



भाजपा के राज्य मुख्यालय पर रविवार को आयोजित विशेष संपर्क अभियान की बैठक को संबोधित करते मंत्री जेपीएस राठौर। • अमृत विचार

- **सेमिनार से टू-वे डॉयलाग और सम्पर्क से संवाद की कार्ययोजना को दिया गया अंतिम रूप**

अभियान के प्रदेश संयोजक ओम प्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि प्रत्येक लोकसभा स्तर पर विशेष सम्पर्क अभियान के लिए 1100 सदस्य चयनित किये गए है। जो अपने-अपने सम्पर्क वर्ग में अपनी टोली बनाकर केन्द्र सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों का पत्रक लेकर सम्पर्क करेंगे। भाजपा ने तीनों सह प्रभारियों संजीव चौरसिया, संजय भाटिया व रमेश बिधूड़ी के बीच कार्य का बंटवारा किया है। संजीव चौरसिया को अवध व कानपुर क्षेत्र की जिम्मेदारी दी गई है।


## वर्ग पहेली-26

**बाएं से दाएं**

1. 1. बाजा बजवाने का कार्य या भाव 2. वह मज़दूरी जो किसी से बाजा बजवाने के बदले में दी जाती है।
2. आवश्यक शारीरिक क्रियाओं को बनाए रखने के लिए उत्तरदायी संभावित क्षमता, (रिज़र्व)।
5. 1. संपत्ति, जायदाद, मिलकियत
7. छटांक भर तौल का एक बाट या बटखरा।
8. 1. महीने का आधा भाग, पंद्रह दिन का समय, अर्धमास, (फोर्टनाइट) 2. चंद्रमास का शुक्ल या कृष्ण पक्ष।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. अग्रिम, पेशगी, (एडवांस) 2. झाड़ू।
2. छोटा संदूक, छोटा बकस।
3. तिरहुत में गाया जाने वाला एक तरह का गीत।
4. अमरीका से संबंधित, अमरीका का।
6. 1. आरोप, दोष, कलंक 2. निशान, चिह्न 3. दाग, धब्बा।




### वर्ग पहेली -25 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 क | ढ | ना | | | 2 झाँ | 3 क |
| | | | 4 दे | | | टा |
| | 5 ठ | ग | वा | ना | | स |
| 6 पें | | | क | | 7 था | |
| ग | | 8 प | रि | 9 घा | ती | |
| | | छा | | ट | | |
| 10 भा | ग | ड़ | | | 11 दो | ही |

### सुडोकू -105

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | | 4 | | |
| 4 | 7 | 8 | 1 | | | 9 | | |
| | | | 2 | | 4 | | | |
| 6 | | | | | | | 2 | |
| 3 | | 7 | | | | 5 | | 8 |
| | 2 | | 8 | | 7 | | 1 | |
| | | | 9 | | | | | |
| | | 9 | | | 6 | | 7 | |
| | | 5 | | 4 | | | | |

### सुडोकू -104 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 9 | 7 | 6 | 5 | 4 | 8 | 2 |
| 2 | 7 | 8 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 6 |
| 4 | 6 | 5 | 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 7 | 9 | 2 | 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 1 |
| 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 7 | 2 | 6 | 4 |
| 3 | 4 | 6 | 8 | 2 | 1 | 9 | 5 | 7 |
| 5 | 8 | 3 | 1 | 7 | 2 | 6 | 4 | 9 |
| 6 | 1 | 4 | 3 | 8 | 9 | 7 | 2 | 5 |
| 9 | 2 | 7 | 5 | 4 | 6 | 3 | 1 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 1 अप्रैल, सोमवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-सप्तमी 21.09 तक तत्पश्चात अष्टमी।

**मेष** – आज पेट से संबंधित कोई समस्या परेशान जरूर करेगी लेकिन यदि आप अपने आहार पर ध्यान रखेंगे तो स्वस्थ रहेंगे। आपको अपना मन हमेशा शान्त रखना चाहिए। साथ ही प्रेम संबंधों में अपने जिद्दी स्वभाव को लचीला बनाएं।

**वृष** – आज कई महत्वपूर्ण कार्य गति में आ सकती हैं। पिता की आज्ञा का अनुसरण अवश्य करें। आप प्रतिदिन बाहर जाते हैं और खुद ड्राइविंग करते हैं तो कृपया आज के दिन खुद ड्राइविंग करने से बचें और हो सके तो सार्वजनिक वाहन से यात्रा करें।

**मिथुन** – आज कॉलेज के छात्र अपने लिए कुछ नए क्षेत्रों को देखेंगे और उन पर काम करने का विचार करेंगे। किसी करीबी रिश्तेदार का सहयोग भी लिया जा सकता है। बैंकिंग और मीडिया से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन विशेष रूप से शुभ है।

**कर्क** – आज अहंकार को अपने ऊपर हावी ना होने दें। परिवार में किसी की कोई बात आपको बुरी लग रही है तो उनसे खुलकर बात करें अन्यथा दूरियां बढ़ जाएगी। यदि आपने धैर्य से काम लिया तो बात संभल जाएगी। मित्र हर कीमत पर आपकी मदद करना चाहेंगे।

**सिंह** – आज यदि आपने कहीं से लोन लिया हुआ है तो वहां से समस्या उत्पन्न होगी। परिवार में भी कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ेगा जिसका हल जल्दी नहीं निकल पाएगा। उच्च अधिकारी आपके ऊपर प्रसन्न रहेंगे।

**कन्या** – आज गले से संबंधित कोई समस्या परेशान कर सकती है। शरीर में विटामिन की कमी भी होगी जिस कारण आलस छाया रहेगा। ऐसे में जूस इत्यादि पौष्टिक चीजों का सेवन करते रहें। शेयर मार्केट में निवेश लाभप्रद सिद्ध होगा। कार्यक्षेत्र में आपका प्रदर्शन सराहनीय रहेगा।

**तुला** – आज मानसिक रूप से एक दम स्वस्थ रहेंगे और पहले से ज्यादा ऊर्जावान महसूस करेंगे। दोपहर के समय नए-नए विचारों का मन में समावेश होगा तथा प्रसन्नता छाई रहेगी। प्रेमी जन आपके प्रति आकर्षित रहेगा। वित्तीय स्थिति काफी अच्छी रहेगी।

**वृश्चिक** – आज यदि आप स्कूल या कॉलेज में हैं तो आज के दिन मन पढ़ाई में कम और अन्य कामों में ज्यादा लगेगा। आप अपनी रुचि के अनुसार काम करेंगे। धार्मिक कार्यों में आप रुचि लेंगे। विदेशी संस्थानों में शिक्षा को उत्सुक विद्यार्थियों के लिए सप्ताह शुभ है।


**धनु** – आज यदि आपने कहीं पैसा निवेश कर रखा है तो उस ओर नज़र बनाए रखें क्योंकि वहां से अचानक से धन लाभ मिलेगा। भूमि संबंधी सौदे में आश्चर्यजनक रूप से नए अवसर हाथ में आएंगे। अधूरे काम आसानी से पूर्ण हो जायेंगे।

**मकर** – आज घर में किसी सदस्य के विवाह की बात चल सकती है और कहीं से उनके लिए एक अच्छा रिश्ता भी आएगा जिस कारण सभी का मन आनंदित रहेगा। बिजनेस को आगे बढ़ाने के लिए योजना बनायेंगे। जीवनसाथी के साथ एकान्त में अच्छा समय बितायेंगे।

**कुंभ** – आज के दिन जीवनसाथी पर ध्यान देने की आवश्यकता है। रिश्तों में थोड़ी कड़वाहट जरुर आएगी लेकिन यदि आपने संयम और धैर्य से काम लिया तो वह जल्दी ही सुलझ जाएगी। कोई सुखद समाचार आपको प्राप्त होगा।

**मीन** – आज कहीं रिश्ते की बात चल रही है तो संभल कर रहें क्योंकि किसी मित्र के द्वारा उसमे दरार डालने का प्रयास किया जाएगा जिस कारण बात बिगड़ भी सकती है। युवा जातक नया उद्यम करने की योजना बना सकते हैं। अपने सहयोगियों पर पूर्ण विश्वास रखें।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मूल 23.12 तक तत्पश्चात पूर्वाषाढ़ा।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
परदेसी बाबू – सुबह : 10.49
दरार – रात : 07.01


**Sony Max**
प्यार दीवाना होता है – दोपहर : 12.00
एनिमल – रात : 09.33

**Sony Pix**
एनाबेल कम्स होम – सुबह : 10.21
द मैन फ्रॉम टोरंटो – रात : 09.00

**Zee Cinema**
कोई...मिल गया – सुबह : 10.30
धमाल – रात : 07.45

**Colors Cineplex**
बुड्ढा होगा तेरा बाप – सुबह : 09.35
गोलमाल 3 – शाम : 06.00

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 07.45 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति अपनी पत्नी को इंग्लिश सीखा रहा था ...
अगले दिन दोपहर में पत्नी डिनर ले लो जी।
पति-यह डिनर नहीं लंच है जाहिल औरत
पत्नी- जाहिल तू, तेरा पूरा खानदान यह रात का ही बचा हुआ खाना है ज्यादा दिमाग मत चला रोटी चर ले।

पप्पू ने एक राह चलती लड़की से कहा आपने पहचाना मुझे?
लड़की- नहीं, आप कौन हैं?
पप्पू- मैं वही हूं, जिसे आपने कल भी नहीं पहचाना था।

# इंडिया गठबंधन ने महारैली में पांच सूत्री मांगें रखीं

## विपक्षी नेताओं का लोकतंत्र बचाने के लिए एकजुटता का आह्वान, केजरीवाल-हेमंत सोरेन की रिहाई की मांग

नई दिल्ली, ब्यूरो/ एजेंसी

- विपक्षी नेता बोले- निर्वाचन आयोग को लोकसभा चुनावों में समान अवसर सुनिश्चित करना चाहिए

इंडिया गठबंधन के दलों ने रविवार कोरामलीला मैदान से पांच सूत्री मांगें रखीं, जिनमें दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की तत्काल की रिहाई की मांग भी शामिल है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने विपक्ष की 'लोकतंत्र बचाओ महारैली' में मंच से 'इंडिया' गठबंधन की तरफ से ये मांगें रखीं। उन्होंने कहा, ''निर्वाचन आयोग को लोकसभा चुनावों में समान अवसर सुनिश्चित करना चाहिए।

निर्वाचन आयोग को चुनाव में हेराफेरी करने के उद्देश्य से विपक्षी दलों के खिलाफ जांच एजेंसियों द्वारा की जानी वाली कार्रवाई रोकनी चाहिए। हेमंत सोरेन और अरविन्द केजरीवाल की तुरंत रिहाई की जाए। चुनाव के दौरान विपक्षी राजनीतिक दलों का आर्थिक रूप से गला घोंटने की जबरन कार्रवाई तुरंत बंद होनी चाहिए। प्रियंका गांधी ने यह मांग भी रखी, चुनावी चंदे का उपयोग कर भाजपा द्वारा बदले की भावना, जबरन वसूली और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों की जांच के लिए उच्चतम न्यायालय की निगरानी में एसआईटी का गठन होना चाहिए। प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा आज जो लोग सत्ता में हैं, वो अपने आपको रामभक्त कहते हैं। मुझे लगता है कि वो कर्मकांड में उलझ गए हैं और दिखावे में लिप्त हो गए हैं। इसलिए उन्हें यह याद दिलाना जरूरी है कि सत्ता सदा नहीं रहती, अहंकार चूर-चूर हो जाता है।



नई दिल्ली के रामलीला मैदान में लोकतंत्र बचाओ रैली के दौरान कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल। • एजेंसी

महारैली को संबोधित करते हुए खड़गे ने कहा कि यह एकजुटता संविधान और लोकतंत्र बचाने के लिए है। देश में निष्पक्ष चुनाव नहीं हो रहा है। मोदी लोकतंत्र नहीं चाहते हैं। वह तानाशाही तरीके से देश को चलाना चाहते हैं। उन्होंने लोगों का आह्वान किया, जब तक हम मोदी को नहीं हटाएंगे, मोदी के विचारधारा को नहीं हटाएंगे, तब तक देश में सुख और समृद्धि नहीं आएगी। खरगे ने दावा किया, आरएसएस जहर की तरह है। अगर आप इसको चाटकर देखेंगे तो भी मरेंगे, पीएंगे तो भी मरेंगे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र बचाने के लिए सबको एकजुट होना पड़ेगा। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा ब्रह्मांड में सबसे ज्यादा झूठ बोलने वाली पार्टी करार देते हुए कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद पूरी दुनिया में भाजपा की ''थू-थू हो रही है। यादव ने यहां संवाददाताओं से कहा, "अगर हम आंकड़े निकलेंगे तो ब्रह्मांड में इतना झूठ किसी ने नहीं बोला होगा जितना भाजपा ने बोला है।

# बड़े आंदोलनों की नींव रखी गई है दिल्ली के रामलीला मैदान में

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

- जेपी ने "सिंहासन खाली करो कि जनता आती है" नारा इसी मैदान में दिया था

रामधारी सिंह दिनकर की एक कविता की पंक्ति "सिंहासन खाली करो जनता आती है" नारा लगाकर दिल्ली के इसी रामलीला मैदान से जनता के बीच उतरे थे लोकनायक जयप्रकाश नारायण। नाम मिला, जेपी आंदोलन। रविवार को फिर एक नारा इसी मैदान पर दिया गया है "तानाशाही हटाओ लोकतंत्र बचाओ"। जेपी आंदोलन में समाजवादी लोग थे।

रविवार की उक्त रैली में समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी लोकनायक की तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ललकारा। कहा कि दिल्ली की गद्दी में बैठने वाले हुक्मरान ज्यादा दिन तक यहां नहीं रुकेंगे। उन्होंने उन्होंने बीजेपी से सवाल किया है कि यदि आप 400 पर का नारा दे रहे हैं तो फिर आम आदमी पार्टी के नेताओं से क्यों डरते हो। कुल मिलाकर रामलीला मैदान की रैली ने आज बहुत सारे संस्मरण ताजा कर दिए। कई ऐतिहासिक राजनीतिक आंदोलनो के गवाह दिल्ली के रामलीला मैदान में रविवार को हुई विपक्ष की रैली से क्या फिर कोई देशव्यापी संदेश जाएगा। इस सवाल ने देश भर के प्रमुख राजनेताओं को झकझोर दिया है। खासतौर से 400 पार या 180 से कम और मैच फिक्सिंग के आरोपी का जवाब देने के लिए सत्ता पक्ष को फिर से कोई रणनीति अपनानी पड़ेगी। मुगलकाल से आज तक रामलीला मैदान हमेशा देशव्यापी चर्चा में रहा है। कई बड़े आंदोलन की नीव यहां रखी गई है। ब्रिटिश शासको से लेकर जवाहरलाल नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री, इंदिरा गांधी, लोकनायक जयप्रकाश नारायण, अन्ना हजारे, किसान आंदोलन का गवाह भी बना। अजमेरी गेट और तुर्कमान गेट के बीच 10 एकड़ जमीन में फैला हुआ यह मैदान कभी तालाब होता था अब उसमें एक लाख से अधिक लोगों की क्षमता है। बहादुर शाह जफर ने मैदान में तब्दील करवा करवाया था। इसी मैदान पर 1883 में अंग्रेजों ने ब्रिटिश कैंप लगवाए थे। बाद में यहां रामलीला का मंचन शुरू हुआ। रामलीला मैदान में रैली, सभाओं, प्रदर्शन और आंदोलन के लिए तब पसंद किया जाने जब 1945 में मोहम्मद अली जिन्ना को यहां एक जनसमूह ने मौलाना की उपाधि दी थी। आजादी की लड़ाई में महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू, सरदार पटेल एवं अन्य बड़े नेताओं ने यहां पर भारत को आजाद करने की भी अलख जलाई थी। 1952 में रामलीला मैदान में जम्मू कश्मीर मुद्दे पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसे क्रांतिकारियों ने सत्याग्रह भी किया था। प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने 1956 से 1957 के बीच इसी मैदान में देशवासियों को संबोधित करने के लिए बड़ी जनसभाओं का आयोजन किया था। 1965 में तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने यहां पर भारत- पाक जंग की जीत की जनसभा को संबोधित किया था। 1972 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने बांग्लादेश बनने का जश्न भी इसी मैदान में मनाया था। 1975 में आपातकाल के दौरान लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने इसी मैदान में कांग्रेस के खिलाफ ऐतिहासिक रैली आयोजित की थी। बताते हैं कि रामधारी सिंह दिनकर की प्रसिद्ध पंक्तियां सिंहासन खाली करो कि जनता आती है नारा भी इसी रामलीला मैदान से गूंज था। इतना ही नहीं, अरविंद केजरीवाल को जब दिल्ली में कोई जानता नहीं था, तब अपनी पहली सभा इसी मैदान में की थी।

## एक नजर

### एक व्यक्ति-एक पार्टी की सरकार खतरनाक

**नई दिल्ली।** उद्धव ठाकरे ने रविवार को दावा किया कि देश तानाशाही की तरफ बढ़ रहा है तथा 'एक व्यक्ति और एक पार्टी की सरकार' भारत के लिए खतरनाक है। उन्होंने महारैली में लोगों का आह्वान किया कि वे लोकसभा चुनाव में भाजपा को पराजित करें और 'अबकी बार, भाजपा तड़ीपार' का नारा दें। उनका कहना था, ''सभी प्रांतों का सम्मान करने वाली सरकार बनाने से ही देश बच सकता है। ठाकरे ने कहा, ''हम चुनाव के लिए एकत्र नहीं है, हम लोकतंत्र बचाने के लिए आए हैं।

### चाइनीज माल वाली है मोदी की गारंटी

**नई दिल्ली।** राजद नेता तेजस्वी यादव ने सरकार पर अघोषित आपातकाल लागू करने का आरोप लगाया और दावा किया कि मोदी की गारंटी' 'चाइनीज माल' वाली गारंटी है जो सिर्फ चुनाव तक रहेगी। उन्होंने महारैली' में नरेन्द्र मोदी पर तंज कसा ''तुम तो धोखेबाज हो, वादा करके भूल जाते हो, रोज-रोज मोदी जी ऐसा करोगे, जनता रूठ जाएगी तो हाथ मलोगे...। तेजस्वी यादव ने कहा, ''रैली में जुटी भीड़ से पता चलता है कि मोदी जी जिस तरह से आंधी की तरह आए थे, उसी तरह तूफान की तरह चले जाएंगे। सीताराम येचुरी ने कहा कि मौजूदा सरकार से मुक्ति पानी होगी।

# सिलेंडर फटने से झुलसे दंपति की मौत, बच्चों की हालत गंभीर

ग्वालियर, एजेंसी

ग्वालियर के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र में गैस सिलेंडर फटने से झुलसे दंपति ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं, उनके बच्चों की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार सिंधिया नगर में अवधेश प्रजापति पत्नी बच्चों के साथ रहता था। वह कल दोपहर खाना खा रहा था और उसकी पत्नी खाना बना रही थी। तभी गैस सिलेंडर के लीक होने से निकली गैस में लगी आग ने सिलेडर और चूल्हे को अपनी चपेट में ले लिया और धमाके के साथ सिलेंडर फट गया। इससे अवधेश के कच्चे मकान की टीन अन्य सामान उड गया। हादसे में अवधेश, उसकी पत्नी रामबेटी, बेटी रेशमा, कुसुम तथा बेटा कान्हा छह वर्ष गंभीर घायल हो गये। बाद में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां गंभीर रूप से घायल अवधेश आज दमतोड़ दिया और उसकी पत्नी रामबेटी की कल रात मौत हो गयी।

# ईडी ने गैंगस्टर सुरेंद्र सिंह के रिश्तेदारों की संपत्तियां कुर्क की

नई दिल्ली, एजेंसी

लॉरेंस बिश्नोई गिरोह और अन्य के खिलाफ धनशोधन जांच के तहत गैंगस्टर सुरेंद्र सिंह उर्फ चीकू के परिवार के सदस्यों की 17.82 करोड़ रुपये की बैंक जमा, नकदी और जमीन कुर्क की गई है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रविवार को यह जानकारी दी।

केंद्रीय एजेंसी ने एक बयान में कहा कि अचल संपत्तियां हरियाणा के नारनौल और राजस्थान के जयपुर में स्थित हैं। इसमें कहा गया है कि चीकू अपने गिरोह के सदस्यों के माध्यम से लॉरेंस बिश्नोई के अपराध से अर्जित पैसों को ठिकाने लगा रहा था और अपने परिवार के सदस्यों और रिश्तेदारों के नाम पर संपत्ति अर्जित कर रहा था। चीकू वर्तमान में तिहाड़ जेल में बंद है और उसे इस मामले में फरवरी में ईडी द्वारा गिरफ्तार किया गया था। ईडी ने कहा कि जांच में पाया गया कि निमावत ग्रेनाइट्स प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी के माध्यम से नारनौल में खनन कारोबार में चीकू की संलिप्तता थी।

# भाजपा ने मैच-फिक्सिंग वाले बयान के लिए राहुल गांधी पर पलटवार किया

नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा ने मोदी के खिलाफ "मैच फिक्सिंग" के आरोप के लिये राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि अतीत में कांग्रेस सरकार ने पार्टी के प्रथम परिवार को लाभ पहुंचाने के लिये पड़ोसी देश श्रीलंका के साथ एक 'सौदा' करके कच्चातिवु द्वीप उसे सौंप दिया था। गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी पर लोकसभा चुनावों में 'मैच फिक्सिंग' करने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए कहा था कि अगर भाजपा अपने प्रयासों में सफल हो गई, तो देश का संविधान बदल दिया जाएगा और लोगों के अधिकार छीन लिये जाएंगे। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए गांधी के इस बयान को लेकर कांग्रेस की आलोचना। उन्होंने कहा कि विभाजनकारी राजनीतिक कांग्रेस के 'डीएनए' में है। पूनावाला ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने 1947 में धर्म के आधार पर देश का विभाजन और जम्मू-कश्मीर के एक हिस्से को पाकिस्तान के कब्जे में छोड़ने भी संकोच नहीं किया। गांधी ने यहां रामलीला मैदान में आयोजित 'इंडिया' गठबंधन की लोकतंत्र बचाओ रैली में कहा कि यह कोई सामान्य चुनाव नहीं बल्कि देश के लोकतंत्र और संविधान को बचाने का चुनाव है। गांधी की टिप्पणी पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पूनावाला ने कहा, ''कुछ लोग मैच फिक्सिंग के बारे में बात कर रहे हैं। 1974 में, इंदिरा गांधी सरकार ने राष्ट्र हित और तमिलनाडु के लोगों के हितों से समझौता करते हुए, कांग्रेस के प्रथम परिवार को लाभ पहुंचाने के लिये कच्चातिवु द्वीप श्रीलंका को सौंप दिया था...राहुल गांधी जी, आपके परिवार ने एक डील-फिक्सिंग की थी। भाजपा प्रवक्ता ने कांग्रेस पर अक्साई चीन को चीन के अवैध कब्जे में और जम्मू-कश्मीर के एक हिस्से को पाकिस्तान के अवैध कब्जे में देने का भी आरोप लगाया।

# कच्चातिवु मुद्दा: अमित शाह ने कहा-भारत की एकता, अखंडता के खिलाफ है कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मीडिया की उस खबर को लेकर रविवार को कांग्रेस पर निशाना साधा जिसमें कहा गया है कि इंदिरा गांधी की सरकार ने कच्चातिवु द्वीप श्रीलंका को दे दिया था और कहा कि यह दर्शाता है कि पार्टी भारत की एकता और अखंडता के खिलाफ है।

मीडिया की खबर भाजपा की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के. अन्नामलाई के आरटीआई (सूचना का अधिकार) आवेदन पर मिले जवाब पर आधारित है। इस खबर के अनुसार इंदिरा गांधी सरकार ने भारतीय तट से 20 किलोमीटर दूर पाक जलसंधि में स्थित 1.9 वर्ग किलोमीटर के इस द्वीप को 1974 में पड़ोसी देश श्रीलंका को सौंप दिया था। शाह ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, कांग्रेस ने कच्चातिवु स्वेच्छा से छोड़ दिया और उन्हें इसका कोई पछतावा भी नहीं है। कांग्रेस के एक सांसद कभी देश को विभाजित करने के बारे में बोलते हैं और कभी-कभी वे भारतीय संस्कृति और परंपराओं को बदनाम करते हैं। इससे पता चलता है कि वे भारत की एकता और अखंडता के खिलाफ हैं।

### द्रमुक झूठ फैलाना बंद करे : सीतारमण

**चेन्नई।** केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को कहा कि तमिलनाडु की सत्तारूढ़ द्रमुक को कच्चातिवु मुद्दे पर गलत जानकारी देना बंद करना चाहिए। सीतारमण ने कच्चातिवु मुद्दे पर भाजपा की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के. अन्नामलाई द्वारा सरकारी अधिकारियों से प्राप्त एक आरटीआई जवाब का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस और द्रमुक ने श्रीलंका को कच्चातिवु सौंपने के लिए सांठगांठ की।

कांग्रेस जब भी सत्ता में रही, उसे हमारे देश की सीमा, क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता की रक्षा करने में सबसे कम दिलचस्पी थी।'' सीतारमण ने एक वीडियो क्लिप टैग किया जिसे 'एक्स' पर पोस्ट किया गया था। वीडियो में दिवंगत जयललिता द्वारा वर्षों पहले विधानसभा में द्रमुक विधायक के पोनमुडी के सवाल पर दिया गया जवाब दिखाया गया है।

## कारोबार/कृषि

## एक नजर

### रिलायंस इंडस्ट्रीज ने 10 साल में 125 अरब डॉलर पूंजीगत व्यय किया: रिपोर्ट

**नयी दिल्ली।** विभिन्न कारोबार से जुड़ी रिलायंस इंडस्ट्रीज लि. ने पिछले दस साल में 125 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का निवेश किया है। कंपनी ने इस निवेश के जरिये हाइड्रोकार्बन और दूरसंचार कारोबार में बड़े पैमाने पर विस्तार किया है। एक रिपोर्ट में यह कहा गया है। रिपोर्ट के अनुसार रिलायंस लंबे और गहन पूंजीगत व्यय चक्र (हाइड्रोकार्बन और दूरसंचार) से बाहर आ रही है। वित्तीय सेवा कंपनी गोल्डमैन सैक्स की रिपोर्ट में कहा गया है, ''कंपनी ने ओ2सी (रिफाइनरी और पेट्रो रसायन परिसर) कारोबार के पैमाना, एकीकरण और लागत प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ाने के लिए वित्त वर्ष 2013-18 के बीच लगभग 30 अरब डॉलर का निवेश किया है।

# आरबीआई इस बार भी नीतिगत दर को रख सकता है यथावत : विशेषज्ञ

## केंद्रीय बैंक का मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत के लक्ष्य पर लाने पर हो सकता है जोर

मुंबई, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक इस सप्ताह पेश मौद्रिक नीति समीक्षा एक बार फिर नीतिगत दर को यथावत रख सकता हैं। इसका कारण आर्थिक वृद्धि को लेकर चिंता दूर होने और इसके करीब आठ प्रतिशत रहने के साथ केंद्रीय बैंक का अब और अधिक जोर मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत के लक्ष्य पर लाने पर हो सकता है। विशेषज्ञों ने यह बात कही। साथ ही नीतिगत दर पर निर्णय लेने वाली आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) अमेरिका और ब्रिटेन जैसे कुछ विकसित देशों के केंद्रीय



बैंकों के रुख पर गौर कर सकती है। ये केंद्रीय बैंक नीतिगत दर में कटौती को लेकर स्पष्ट रूप से 'देखो और इंतजार करो' का रुख अपना रहे हैं। विकसित देशों में स्विट्जरलैंड पहली बड़ी अर्थव्यवस्था है जिसने नीतिगत दर में कटौती की है।

वहीं दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था जापान आठ साल बाद नकारात्मक ब्याज दर की स्थिति को समाप्त किया है। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकान्त दास की अध्यक्षता वाली एमपीसी की तीन दिवसीय बैठक तीन अप्रैल को शुरू होगी।मौद्रिक नीति समीक्षा की की घोषणा पांच अप्रैल को की जाएगी। यह वित्त वर्ष 2024-25 की पहली मौद्रिक नीति समीक्षा होगी। एक अप्रैल, 2024 से शुरू वित्त वर्ष में एमपीसी की छठ बैठकें होगी। आरबीआई ने पिछली बार फरवरी 2023 में रेपो दर बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत किया था। उसके बाद लगातार छह द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में इसे यथावत रखा गया है। बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा, ''मुद्रास्फीति अभी भी पांच प्रतिशत के दायरे में है और खाद्य मुद्रास्फीति के मोर्चे पर भविष्य में झटका लगने की आशंका है, इसको देखते हुए एमपीसी इस बार भी नीतिगत दर और रुख पर यथास्थिति बनाए रख सकता है।''

# एचडीएफसी बैंक अनुषंगी एचडीएफसी एजुकेशन को बेचेगा

**नयी दिल्ली।** एचडीएफसी बैंक ने एचडीएफसी एजुकेशन एंड डेवलपमेंट सर्विसेज प्राइवेट लि. में अपनी 100 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने का फैसला किया है। एचडीएफसी बैंक ने शनिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि बिक्री स्विस चुनौती (बोली प्रक्रिया) के माध्यम से की जाएगी। सूचना के अनुसार, ''इस संबंध में, एचडीएफसी बैंक ने 30 मार्च, 2024 को एक इच्छुक पक्ष के साथ एक बाध्यकारी समझौता किया है। समझौते में शामिल प्रस्ताव अन्य इच्छुक पक्षों से जवाबी पेशकश प्राप्त करने के लिए आधार बोली के रूप में काम करेगा...।'' इसमें कहा गया है कि एचडीएफसी बैंक स्विस चुनौती प्रक्रिया के पूरा होने के आधार पर खरीदार को अंतिम रूप देगा।

# अडाणी समूह तेजी से विस्तार के रास्ते पर

नयी दिल्ली, एजेंसी

ऐसा जान पड़ता है कि विभिन्न कारोबार से जुड़ा अडाणी समूह अब पूरी तरह से हिंडनबर्ग प्रभाव से बाहर आ गया है। समूह ने एक सप्ताह के भीतर 1.2 अरब डॉलर का तांबा संयंत्र खोला, ओड़िशा में बंदरगाह खरीदा और सीमेंट कंपनी में हिस्सेदारी बढ़ायी। साथ ही प्रतिद्वंद्वी माने जाने वाली मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज के साथ गठजोड़ भी किया है।

समूह ने पिछले एक सप्ताह में शेयर बाजारों को दी सूचना और प्रेस विज्ञप्तियों के माध्यम से अपने मुख्य बंदरगाह कारोबार में विस्तार और निवेश, धातु रिफाइनिंग में विविधीकरण, दो साल पुराने सीमेंट क्षेत्र में पूंजी डाले जाने और अपनी वृहत सौर परियोजना के चालू होने के मामले में लगातार हो रही प्रगति की घोषणा की है। इसकी शुरुआत 26 मार्च को अडाणी पोर्ट्स के गोपालपुर पोर्ट में 3,350 करोड़ रुपये के उद्यम मूल्य पर 95 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने की घोषणा के साथ हुई। इससे उसके नियंत्रण में बंदरगाहों की संख्या 15 हो गई।

यह देश में किसी भी निजी कंपनी के पास बंदरगाहों की सर्वाधिक संख्या है। इसके बाद समूह की प्रमुख कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज लि. ने 28 मार्च को गुजरात के मुंदड़ा में एक ही स्थान पर दुनिया के सबसे बड़े तांबा विनिर्माण संयंत्र के पहले चरण की घोषणा की। यह समूह के धातु शोधन के क्षेत्र में प्रवेश को बताता है। कुल 1.2 अरब डॉलर (लगभग 10,000 करोड़ रुपये) के संयंत्र ने भारत को चीन और अन्य देशों में शामिल होने में मदद की है।

# कठिन क्षेत्रों से उत्पादित गैस की कीमत घटाकर 9.87 डॉलर की

नयी दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने रविवार को रिलायंस इंडस्ट्रीज के गहरे समुद्र केजी-डी6 ब्लॉक जैसे कठिन क्षेत्रों से उत्पादित प्राकृतिक गैस की कीमत में मामूली कटौती करते हुए इसे 9.87 डॉलर प्रति 10 लाख ब्रिटिश थर्मल यूनिट कर दिया। एक आधिकारिक अधिसूचना में कहा गया कि मानक अंतरराष्ट्रीय गैस कीमतों में नरमी के अनुरूप यह कटौती की गई है।

वाहनों में इस्तेमाल होने वाली सीएनजी या खाना पकाने में इस्तेमाल होने वाली पीएनजी को बनाने के लिए उपयोग की जाने वाली गैस की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इनके लिए मूल्य सीमा रिलायंस को भुगतान की जाने वाली बाजार दरों से 30 प्रतिशत कम निर्धारित की गई है। अधिसूचना में कहा गया कि पेट्रोलियम योजना और विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी) के अनुसार एक अप्रैल से शुरू होने वाली छमाही के लिए गहरे समुद्र और उच्च दबाव, उच्च तापमान (एचपीटीपी) वाले क्षेत्रों से गैस की कीमत 9.96 अमेरिकी डॉलर से घटाकर 9.87 अमेरिकी डॉलर प्रति एमएमबीटीयू कर दी गई है।

# जोमैटो को 23.26 करोड़ रुपये की कर मांग को लेकर नोटिस

**नयी दिल्ली।** ऑनलाइन ऑर्डर देकर खाना मंगाने की सुविधा देने वाले मंच जोमैटो को कर अधिकारियों से 23.26 करोड़ रुपये की कर मांग का नोटिस मिला है। इसमें ब्याज और जुर्माना शामिल है। कंपनी ने कहा कि वह आदेश के खिलाफ उपयुक्त प्राधिकार के समक्ष चुनौती देगी। जोमैटो ने बीएसई को दी सूचना में कहा, ''कंपनी को वित्त वर्ष 2018-19 के लिए सहायक वाणिज्यिक कर आयुक्त (ऑडिट), कर्नाटक से 11,27,23,564 करोड़ रुपये की जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) मांग को लेकर नोटिस मिला है।

# एयरटेल की अनुषंगी कंपनी पर अनियमितता को लेकर जुर्माना

नयी दिल्ली, एजेंसी

- 2,19,873 रुपये का जुर्माना लगाया गया

भारती एयरटेल समूह की कंपनी टेलीसोनिक नेटवर्क्स को इनपुट टैक्स क्रेडिट का दावा करने में कथित अनियमितता के लिए जुर्माना लगाया गया है। भारती एयरटेल ने शेयर बाजार दी सूचना में कहा कि बेंगलुरु में सहायक वाणिज्यिक कर आयुक्त (ऑडिट) के कार्यालय ने कंपनी की एक अनुषंगी कंपनी के खिलाफ केंद्रीय माल और सेवा कर अधिनियम के तहत एक आदेश पारित किया है। इसमें 2,19,873 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। सूचना के अनुसार यह जुर्माना कंपनी की अनुषंगी टेलीसोनिक नेटवर्क्स पर 'वित्त वर्ष 2018-19 के दौरान दावा किए गये इनपुट टैक्स क्रेडिट में कथित अनियमितता के लिए लगाया गया है। कंपनी को यह आदेश 30 मार्च को मिला। कंपनी ने कहा, ''अधिकतम वित्तीय प्रभाव लगाये गये जुर्माने की सीमा तक है। कंपनी आदेश से सहमत नहीं है और इसके लिए उचित कदम उठाएगी।''

# मेहता परिवार ने यूएनएम फाउंडेशन को 5,000 करोड़ रुपये दान की घोषणा की

नयी दिल्ली, एजेंसी

औषधि और ऊर्जा जैसे कारोबार में शामिल टॉरेंट समूह के मेहता परिवार ने यूएनएम फाउंडेशन को अगले पांच वर्षों में 5,000 करोड़ रुपये दान करने की घोषणा की है। इस फाउंडेशन का नाम टॉरेंट समूह के संस्थापक यू एन मेहता के नाम पर रखा गया है।

समूह अपने संस्थापक स्वर्गीय उत्तमभाई नाथलाल मेहता (14 जनवरी, 1924 से 31 मार्च, 1998) की जन्मशती मना रहा है। समूह ने रविवार को एक बयान में कहा कि मेहता परिवार ने परोपकार की विरासत का सम्मान करते हुए यूएनएम फाउंडेशन को अगले पांच वर्षों में 5,000 करोड़ रुपये दान करने की प्रतिबद्धता जताई है। बयान में कहा गया कि यह राशि टॉरेंट समूह की कंपनियों के वैधानिक सीएसआर योगदान के अतिरिक्त होगी। बयान के मुताबिक यू एन मेहता को प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करने, व्यावसायिक कौशल, सैद्धांतिक जीवन और मानवीय परोपकार के प्रति उनके दृढ़ संकल्प के लिए याद किया जाता है। उनका प्रारंभिक जीवन कई व्यक्तिगत चुनौतियों, गंभीर वित्तीय संकट, व्यावसायिक विफलताओं और स्वास्थ्य जटिलताओं से भरा था। उनका जन्म एक बेहद गरीब परिवार में हुआ था और जब वह सिर्फ दो साल के थे, उन्होंने अपनी मां को खो दिया था। वह व्यवसाय स्थापित करने के अपने पहले प्रयास में असफल रहे और उन्हें कई वर्षों के लिए अपने गांव लौटना पड़ा। बयान के मुताबिक उन्होंने प्रत्येक चुनौती पर विजय हासिल की और आखिरकार 48 वर्ष की उम्र में दवा व्यवसाय स्थापित करने के अपने दूसरे प्रयास में सफल हुए।



## अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 02 | 02 | 00 | 00 | 04 | +1.047 |
| चेन्नई सुपरकिंग्स | 03 | 02 | 01 | 00 | 04 | +0.976 |
| राजस्थान रॉयल्स | 02 | 02 | 00 | 00 | 04 | +0.800 |
| गुजरात टाइटंस | 03 | 02 | 01 | 00 | 04 | -0.738 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 03 | 01 | 02 | 00 | 02 | +0.204 |
| लखनऊ सुपर जायंट्स | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | +0.025 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 03 | 01 | 02 | 00 | 02 | -0.016 |
| पंजाब किंग्स | 03 | 01 | 02 | 00 | 02 | -0.337 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 03 | 01 | 02 | 00 | 02 | -0.711 |
| मुंबई इंडियंस | 02 | 00 | 02 | 00 | 00 | -0.925 |

# पंत और वार्नर के वार से चेन्नई ढेर

## मुकेश और खलील की शानदार गेंदबाजी से दिल्ली ने सीजन का पहला मैच जीता

**विशाखापत्तनम, एजेंसी**

- **13वें मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स को 20 रनों से मिली शिकस्त**

डेविड वॉर्नर और ऋषभ पंत की अर्धशतकीय पारियों के बाद मुकेश कुमार तथा खलील अहमद की कातिलाना गेंदबाजी की बदौलत दिल्ली कैपिटल्स ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 13वें मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स को 20 रनों से हरा दिया है।

192 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी चेन्नई सुपर किंग्स की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने पहले ही ओवर में अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट गवां दिये। कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ एक रन, रचिन रविंद्र दो रन बनाकर पवेलियन लौटे। दोनों बल्लेबाजों को खलील अहमद ने आउट किया। इसके बाद अजिंक्य रहाणे और डैरिल मिचेल ने तीसरे विकेट के लिये 72 रन जोड़े। अजिंक्य रहाणे ने 30 गेंदों में पांच चौके और दो छक्कों की मदद से 45 रनों की पारी खेली। डैरिल मिचेल ने 26 गेंदों में एक चौके और दो छक्कों की मदद से 34 रन बनाये। शिवम दुबे 18 रन बनाकर आउट हुये। समीर रिजवी अपन खाता भी नहीं खोल सके। मुकेश कुमार ने रहाणे, दुबे और रिजवी को आउट कर चेन्नई की कमर तोड़ दी। रवींद्र जडेजा 21 रन, महेन्द्र सिंह धोनी 37 रन बनाकर नाबाद रहे। चेन्नई की टीम निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 171 रन ही बना सकी और 20 रनों से मुकाबल हार गई। दिल्ली की ओर से मुकेश कुमार ने तीन विकेट लिये। खलील अहमद को दो विकेट मिले। अक्षर पटेल ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले डेविड वॉर्नर 52 रन, कप्तान ऋषभ पंत की 51 रन अर्धशतकीय और पृथ्वी शॉ की 43 रनों की शानदार पारियों के दम पर दिल्ली कैपिटल्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को जीत के लिये 192 रनों का लक्ष्य दिया था। आज यहां डॉ. वाई एस राजशेखर रेड्डी एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पृथ्वी शॉ और डेविड वॉर्नर की सलामी जोड़ी ने दिल्ली के लिए बेहतरीन शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 93 रनों की साझेदारी की। मुस्तफिजुर ने 10 ओवर में पथिराना के हाथों डेविड वॉर्नर को कैच आउट कराकर इस साझेदारी को तोड़ा। वॉर्नर ने 35 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्कों की मदद से 52 रनों की पारी खेली। इसके बाद अगले ही ओवर में जडेजा ने पृथ्वी शॉ को आउट कर दिल्ली का दूसरा विकेट झटक दिया। पृथ्वी शॉ 27 गेंदों में चार चौके और दो छक्कों 43 रन ठोके। मिचेल मार्श 12 गेंदों में 18 रन बनाकर आउट हुये। ट्रिस्टन स्टब्स बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गये। कप्तान ऋषभ पंत 32 गेंदों में चार चौकों और तीन छक्कों की मदद से 51 रनों की पारी खेली।

### दिल्ली 191/5
20 ओवर, अतिरिक्त : 11

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| पृथ्वी शॉ का धोनी बो जडेजा | 43 | 27 | 4/2 |
| डेविड वार्नर का पाथिराना बो रहमान | 52 | 35 | 5/3 |
| ऋषभ पंत का गायकवाड़ बो पाथिराना | 51 | 32 | 4/3 |
| मिचेल मार्श बो पाथिराना | 18 | 12 | 2/1 |
| ट्रिस्टन स्टब्स बो पाथिराना | 00 | 02 | 0/0 |
| अक्षर पटेल नाबाद | 07 | 08 | 0/0 |
| अभिषेक पोरेल नाबाद | 09 | 06 | 1/0 |

**गेंदबाजी :** दीपक चाहर 4-0-42-0, तुषार देशपांडे 4-0-24-0, मुस्तफिजुर रहमान 4-0-47-1, रविंद्र जडेजा 4-0-43-1, माथिशा पाथिराना 4-0-31-3

### चेन्नई 171/6
20 ओवर, अतिरिक्त : 13

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ऋतुराज गायकवाड का पंत बो अहमद | 01 | 02 | 0/0 |
| रचिन रविंद्र का स्टब्स बो अहमद | 02 | 12 | 0/0 |
| अजिंक्य रहाणे का वार्नर बो मुकेश कुमार | 45 | 30 | 5/2 |
| डेरिल मिचेल का एवं बो अक्षर पटेल | 34 | 26 | 1/2 |
| शिवम दूबे का स्टब्स बो मुकेश कुमार | 18 | 17 | 1/0 |
| समीर रिज्वी का अहमद बो मुकेश कुमार | 00 | 01 | 0/0 |
| रविंद्र जडेजा नाबाद | 21 | 17 | 2/0 |
| महेंद्र सिंह धोनी नाबाद | 37 | 16 | 4/3 |

**गेंदबाजी :** खलील 4-1-21-2, ईशांत 3-0-23-0, नोर्किया 4-0-43-0, अक्षर पटेल 3-0-20-1, रसिख सलाम 2-0-25-0, मिचेल मार्श 1-0-14-0, मुकेश कुमार 3-0-21-3



ऋषभ पंत

# गुजरात टाइटंस की 7 विकेट से जीत



डेविड मिलर

**अहमदाबाद, एजेंसी**

- **मोहित शर्मा ने तीन विकेट झटके, डेविड मिलर ने खेली आक्रामक पारी**

अनुभवी तेज गेंदबाज मोहित शर्मा (25 रन पर तीन विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद डेविड मिलर की 44 रन की आक्रामक पारी के दम पर गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में रविवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से शिकस्त दी। मोहित शर्मा ने डैथ ओवरों में बेहतरीन प्रदर्शन किया जबकि अफगानिस्तान के स्पिनरों राशिद खान और नूर अहमद ने बीच के ओवरों में किफायती गेंदबाजी की जिसके दम पर गुजरात टाइटंस ने सनराइजर्स हैदराबाद को आठ विकेट पर 162 रन पर रोक दिया। गुजरात टाइटंस ने 19.1 ओवर में तीन विकेट पर 168 रन बनाकर मैच अपने नाम किया।

मिलर ने मांसपेशियों में खिंचाव के बावजूद 27 गेंद की नाबाद पारी में चार चौके और दो छक्के लगाये। उन्होंने बी साई सुदर्शन (36 गेंद में 45 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 64 रन की साझेदारी कर जीत की नींव रखी और फिर विजय शंकर (11 गेंद में नाबाद 14 रन) के साथ 18 गेंद में 30 रन जोड़कर टीम को लक्ष्य के पार पहुंचाया। सलामी बल्लेबाज ऋद्धिमान साहा (13 गेंद में 25 रन) और शुभमन गिल (28 गेंद में 36 रन) ने भी बल्ले से उपयोगी योगदान दिया। सनराइजर्स के लिए पैट कमिंस, मयंक मार्कंडेय और शाहबाज अहमद ने एक-एक विकेट लिये। लक्ष्य का पीछा करते हुए साहा ने शाहबाज और जयदेव उनादकट के खिलाफ छक्के जड़े। शाहबाज ने हालांकि पारी के पांचवें ओवर में कमिंस के हाथों साहा की पारी को खत्म किया। गिल ने इसी ओवर में छक्का जड़ा तो वह इंपैक्ट सब्सीट्यूट सुदर्शन ने भुवनेश्वर के खिलाफ चौका लगाकर टीम के स्कोर को पावर प्ले में एक विकेट पर 52 रन कर दिया। सनराइजर्स के गेंदबाजों ने इसके बाद गुजरात टाइटंस को तेजी से रन बनाने का मौका नहीं दिया। टीम को इसका फायदा 10वें ओवर में गिल के विकेट के तौर पर मिला। वह मार्कंडेय का शिकार बने। साई सुदर्शन और डेविड मिलर अगले कुछ ओवरों में दौड़ कर रन लेने पर जोर दिया। अब तक रक्षात्मक खेल रहे सुदर्शन ने कमिंस और वाशिंगटन के खिलाफ 13वें और 14वें ओवर में चौका जड़ दबाव कम किया। गुजरात ने पारी के 16वें ओवर में मैच का रुख पलट दिया। मार्कंडेय के इस ओवर में 26 रन बने जिसमें मिलर ने एक छक्का और दो चौके लगाये।

### हैदराबाद 162/8
20 ओवर, अतिरिक्त : 04

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| मयंक अग्रवाल का दर्शन बो अजमतुल्लाह | 16 | 17 | 2/0 |
| ट्रेविस हेड बो नूर अहमद | 19 | 14 | 3/0 |
| अभिषेक शर्मा का गिल बो मोहित | 29 | 20 | 2/2 |
| एडेन मार्कराम का राशिद बो उमेश | 17 | 19 | 0/0 |
| हेनरिच क्लासेन बो राशिद | 24 | 13 | 1/2 |
| शाहबाज अहमद का तेवतिया बो मोहित | 22 | 20 | 1/1 |
| अब्दुल समाद रन आउट | 29 | 14 | 3/1 |
| वॉशिंगटन सुंदर का राशिद बो मोहित | 00 | 01 | 0/0 |
| पैट कमिंस नाबाद | 02 | 02 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** उमरजई 3-0-24-1, यादव 3-0-28-1, राशिद 4-0-33-1, अहमद 4-0-32-1, मोहित 4-0-25-3, दर्शन 2-0-18-0

### गुजरात 168/3
19.1 ओवर, अतिरिक्त : 04

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ऋद्धिमान साहा का कमिंस बो शाहबाज | 25 | 13 | 1/2 |
| शुभमन गिल का समद बो मार्कंडेय | 36 | 28 | 2/1 |
| साई सुदर्शन का अभिषेक बो कमिंस | 45 | 36 | 4/1 |
| डेविड मिलर नाबाद | 44 | 27 | 4/2 |
| विजय शंकर नाबाद | 14 | 11 | 2/0 |

**गेंदबाजी :** भुवनेश्वर 4-0-27-0, शाहबाज 2-0-20-1, उनादकट 3.1-0-33-0, वाशिंगटन 3-0-27-0, मार्कंडेय 3-0-33-1, कमिंस 4-0-28-1

## खेल डायरी

### तेजस्विन शंकर ने ऊंची कूद स्पर्धा में जीता खिताब

**केन्सास।** भारतीय एथलीट तेजस्विन शंकर ने शॉकर स्प्रिंग इनविटेशनल 2024 में सीजन की अपनी पहली आउटडोर मीट में 2.17 मीटर की छलांग लगाकर खिताब अपने नाम कर लिया है। शंकर ने अमेरिका के केन्सास में शनिवार को सीजन की अपनी पहली आउटडोर स्पर्धा में शॉकर स्प्रिंग इनविटेशनल 2024 एथलेटिक्स में पुरुषों की ऊंची कूद में 2.17 मीटर की छलांग लगाकर यह जीत दर्ज की। उल्लेखनीय है कि पिछले महीने बेल्जियम में एक इनडोर चैलेंजर इवेंट, इंटरनेशनल हाई जंप गाला एल्मोस में, शंकर ने 2.23 मीटर की छलांग के साथ जीत हासिल करते हुए अपने सीज़न की शुरुआत की है।

### ब्रेंटफोर्ड ने मैनचेस्टर यूनाइटेड को बराबरी पर रोका

**लंदन।** मैनचेस्टर यूनाइटेड की टीम इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल मैच में शनिवार को यहां ब्रेंटफोर्ड के खिलाफ बढ़त लेने के बाद जीत दर्ज करने में नाकाम रही। दोनों टीमों ने मैच के स्टॉपेज समय में गोल किया। मैसन माउंट (90+6 मिनट) के गोल से मैनचेस्टर यूनाइटेड ने बढ़त बनायी। टीम जीत की ओवर बढ़ रही थी लेकिन इसके तीन मिनट बाद ही क्रिस्टोफर अजेर के गोल से स्कोर 1-1 से बराबर हो गया। मैनचेस्टर यूनाइटेड 29 मैचों में 48 अंक के साथ तालिका में छठे पायदान पर है जबकि ब्रेंटफोर्ड 30 मैच में 27 अंक के साथ 15वें स्थान पर है।

### डेनियल कोलिन्स बनीं मियामी ओपन चैम्पियन

**मियामी गार्डन्स।** डेनियल कोलिन्स ने मियामी ओपन टेनिस में विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज ऐलेना रायबकिना को 7-5, 6-3 से हराकर अपने घरेलू मैदान पर महिला एकल खिताब पर कब्जा किया। तीस साल की कोलिन्स आखिरी बार इस टूर्नामेंट में खेल रही है। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई ओपन में घोषणा की थी कि यह उनका आखिरी सत्र होगा क्योंकि वह 'एंडोमेट्रियोसिस' से पीड़ित हैं। स्टेडियम में आंद्रे अगासी और मार्टिना नवरातिलोवा की मौजूदगी के बीच विश्व रैंकिंग में 59वें स्थान पर काबिज कोलिन्स अपने बैकहैंड से क्रॉसकोर्ट विनर लगाने के बाद 10 सेकंड तक कोर्ट पर लेटी रही।

### बोपन्ना-एब्डेन ने जीता मियामी ओपन का खिताब

**फ्लोरिडा।** भारतीय टेनिस स्टार रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू एब्डेन ने मियामी ओपन 2024 टेनिस पुरुष युगल खिताब जीता लिया है। फ्लोरिडा के हार्ड रॉक स्टेडियम में शनिवार को खेले गये मियामी ओपन फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त बोपन्ना और एब्डेन की जोड़ी एक घंटे 43 मिनट तक चले मुकाबले में एक सेट से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए दूसरी वरीयता प्राप्त अमेरिकी ऑस्टिन क्राजिसेक और क्रोएशिया के इवान डोडिग के खिलाफ 6(3)-7(7), 6-3, 10-6 से जीत हासिल की। इस जीत के साथ ही 44 वर्षीय बोपन्ना ने पिछले वर्ष इंडियन वेल्स में बनाए गए अपने ही रिकॉर्ड को तोड़ दिया। बोपन्ना 43 साल की उम्र में सबसे उम्रदराज एटीपी 1000 मास्टर्स चैंपियन बने थे।

### इंडिया ओपन गोल्फ: जापना के नाकाजिमा बने विजेता

**गुरुग्राम।** भारत के वीर अहलावत रविवार को यहां हीरो इंडियन ओपन गोल्फ के चौथे और अंतिम दिन एक अंडर 71 का शानदार कार्ड खेलकर संयुक्त दूसरे स्थान पर रहे। अहलावत का डीपी वर्ल्ड टूर स्पर्धा में यह अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। वह इस स्पर्धा के विजेता जापान के कीता नकाजिमा से चार शॉट पीछे रहे। अहलावत दिन के आपने आखिरी होल में ईगल लगाने में सफल रहे जिससे उनका कुल स्कोर 275 रहा। नकाजिमा ने 73 का कार्ड खेलकर डीपी वर्ल्ड टूर पर अपना पहला खिताब जीता। अहलावत ने अपने शानदार प्रदर्शन पर खुशी जाहिर करते हुए कहा, ''मैं वास्तव में खुश हूं कि मैंने अच्छा प्रदर्शन किया, खासकर अपने परिवार के सामने।''

### एआईएफएफ सदस्य दीपक शर्मा जमानत पर रिहा

**पणजी।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की कार्यकारी समिति के सदस्य दीपक शर्मा को रविवार को जमानत पर रिहा कर दिया गया जिन्हें गोवा पुलिस ने कथित तौर पर दो महिला खिलाड़ियों के साथ मारपीट करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। हिमाचल प्रदेश के खाद एफसी की दो महिला खिलाड़ियों की शिकायत दर्ज कराने के बाद शनिवार को यहां मापुसा पुलिस ने दीपक शर्मा को गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस उपाधीक्षक (मापुसा) संदेश चोडनकर ने पीटीआई को बताया कि जिन धाराओं के अंतर्गत शर्मा पर मामला दर्ज किया गया था, उन पर जमानत मिल सकती थी इसलिए उन्हें 'श्योरिटी' के बाद रिहा कर दिया गया।

# मुंबई को राजस्थान के खिलाफ घरेलू मैदान पर वापसी का भरोसा

**मुंबई, एजेंसी**

हार्दिक पंड्या की अगुवाई में शुरुआती दो मैचों में हार का सामना करने वाली मुंबई इंडियंस की टीम लय में चल रही राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ सोमवार को यहां अपने घरेलू मैदान पर उतरेगी तो हार के सिलसिले को खत्म करना चाहेगी।

मुंबई को आईपीएल में अपनी धीमी शुरुआत के लिए जाना जाता है और पंड्या के कप्तान बनने के बाद भी इस में कोई बदलाव नहीं आया है। मुंबई इंडियंस को पांच खिताब दिलाने वाले रोहित शर्मा की जगह पंड्या को कप्तान बनाये जाने का फैसला प्रशंसकों को नागवार गुजरा और इस हरफनमौला खिलाड़ी को शुरुआती मैचों में दर्शकों की हूटिंग का भी सामना करना पड़ा। मुंबई इंडियंस को पंड्या की पूर्व टीम गुजरात टाइटंस ने सत्र के पहले मैच में छह रन से हराया जबकि हैदराबाद में बड़े स्कोर के रिकॉर्ड वाले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने उसे 32 रन से शिकस्त दी। इन दो हार के बाद टीम अंक तालिका में सबसे नीचे 10वें पायदान पर है। यह हालांकि आईपीएल के 17 वें सत्र का शुरुआती चरण है लेकिन मुंबई की टीम हार के सिलसिले को खत्म करने के साथ अपने नेट रन रेट (-0.925) को भी सुधारना चाहेगी।

**मुंबई इंडियंस :** हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, डेवाल्ड ब्रेविस, जसप्रीत बुमराह, पीयूष चावला, गेराल्ड कोएत्जी, टिम डेविड, श्रेयस गोपाल, ईशान किशन, अंशुल कंबोज, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका, मोहम्मद नबी, शम्स मुलानी , नमन धीर, शिवालिक शर्मा, रोमारियो शेफर्ड, अर्जुन तेंदुलकर, नुवान तुषारा, तिलक वर्मा, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, ल्यूक वुड, सूर्यकुमार यादव। **राजस्थान रॉयल्स :** संजू सैमसन (कप्तान), आबिद मुश्ताक, अवेश खान, ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, जोस बटलर, कुलदीप सेन, कुणाल सिंह राठौड़, नंद्रे बर्गर, नवदीप सैनी, रविचंद्रन अश्विन, रियान पराग, संदीप शर्मा, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, रोवमैन पॉवेल, टॉम कोहलर-कैडमोर, ट्रेंट बोल्ट, यशस्वी जायसवाल, युजवेंद्र चहल और तनुष कोटियान। **समय :** मैच शाम सात बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा।

# बाबर आजम होंगे सीमित ओवरों के कप्तान: पीसीबी

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने सलामी बल्लेबाज बाबर आजम एक बार फिर सीमित ओवरों के मैचों के लिए टीम का कप्तान बनाया हैं। पीसीबी ने रविवार को अपने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, "चयन समिति की सिफरिश पर पीसीबी चेयरमैन मोहसिन नकवी ने बाबर आजम को पाकिस्तान की पुरुष क्रिकेट टीम के सीमित ओवरों का कप्तान नियुक्त किया है।" इसी के साथ अब शाहीन शाह अफरीदी पाकिस्तान की टी-20 टीम के कप्तान नहीं रहे। उन्होंने केवल एक ही सीरीज में पाकिस्तान टीम की कप्तान की। उल्लेखनीय है कि न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 शृंखला में पाकिस्तान को 1-4 से हार झेलनी पड़ी थी।

# सलीमा-हार्दिक वर्ष के सर्वश्रेष्ठ हॉकी खिलाड़ी


**नयी दिल्ली, एजेंसी**

युवा मिडफील्डर हार्दिक सिंह और डिफेंडर सलीमा टेटे को वर्ष 2023 के सर्वश्रेष्ट खिलाड़ी का हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार दिया गया जबकि मेजर ध्यानचंद के नाम पर लाइफटाइम अचीवमेंट सम्मान उनके बेटे अशोक कुमार को मिला।

पिछले साल एफआईएच वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार भी जीतने वाले हार्दिक ने पी आर श्रीजेश और हरमनप्रीत सिंह जैसे सीनियर खिलाड़ियों को पछाड़ा। तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम के सदस्य रहे 25 वर्ष के हार्दिक सौ से अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं। उन्होंने कहा, ''इतने महान खिलाड़ियों के साथ नामांकन पाना ही बड़ी उपलब्धि है।'' वहीं झारखंड के सिमडेगा जिले की टेटे तोक्यो ओलंपिक में चौथे स्थान पर रही भारतीय महिला टीम का हिस्सा थी। उन्होंने पुरस्कार की दौड़ में अपनी कप्तान और एफआईएच वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला गोलकीपर का पुरस्कार जीतने वाली सविता पूनिया को पछाड़ा। वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को पुरस्कार के तौर पर 25 लाख रूपये और प्रशस्ति पत्र दिया गया। यहां आयोजित हॉकी इंडिया सालाना पुरस्कार समारोह में पी आर श्रीजेश को वर्ष 2023 के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर और भारतीय पुरूष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह को सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर का पुरस्कार मिला।

## बॉलीवुड हलचल

# बोनी कपूर ने की बेटी जान्हवी के ब्वॉयफ्रेंड शिखर पहाड़िया की तारीफ



**मुंबई, एजेंसी।** बोनी कपूर ने हालिया इंटरव्यू में जान्हवी कपूर के ब्वॉयफ्रेंड शिखर पहाड़िया के साथ अपने बॉन्ड पर बात की है। बोनी ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि जान्हवी और शिखर का रिश्ता ताउम्र बना रहेगा। यह भी बताया कि शिखर ने उस वक्त बोनी के परिवार का साथ दिया था, जब चीजें बहुत खराब चल रही थीं। उनका कहना है कि जान्हवी के अलावा शिखर परिवार के बाकी सदस्य के साथ भी बहुत अच्छा बॉन्ड शेयर करते हैं। जूम के साथ हालिया इंटरव्यू में बोनी ने बताया कि शिखर उनके साथ किसी इवेंट में तस्वीरें क्यों नहीं क्लिक कराते हैं। बोनी ने कहा, 'ऐसा केवल इसलिए क्योंकि वो नहीं चाहते हैं कि उनकी तस्वीरें क्लिक की जाएं। बाकी मुझे इसका मेन कारण नहीं पता है। शायद वो चाहते हैं कि मैं सुर्खियों में रहूं, इसलिए वो मुझे हर बार आगे कर देते हैं। वर्ना खबरों की हेडिंग सिर्फ बोनी नहीं बल्कि शिखर-बोनी होतीं।' उन्होंने आगे कहा, 'मैं शिखर से बहुत प्यार करता हूं। जब जान्हवी और उनकी मुलाकात नहीं हुई थी, तब से हम दोस्त हैं।' बोनी ने आगे कहा, 'मुझे विश्वास कि वो (शिखर) कभी भी जान्हवी के एक्स नहीं हो सकते हैं, वो उसके आसपास हमेशा रहेंगे। बोनी ने यह भी बताया कि शिखर पूरे परिवार के साथ बहुत अच्छा बॉन्ड शेयर करते हैं। शिखर, जान्हवी के परिवार के साथ तब खड़े थे, जब चीजें बहुत खराब चल रही थीं। इस बारे में बोनी ने आगे कहा, 'शिखर हमेशा जान्हवी, मेरे और अर्जुन के लिए मौजूद रहते हैं। मुझे लगता है कि हम वास्तव में भाग्यशाली हैं कि हमारे सेटअप में वो हैं।



# कपिल शर्मा संग हुए झगड़े को आज भी नहीं भूले सुनील

**मुंबई, एजेंसी।** कॉमेडियन कपिल शर्मा के नए शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' की शुरूआत हो चुकी है। बीती रात शनिवार को शो का फर्स्ट एपिसोड टेलीकास्ट हुआ। इस बार शो टीवी पर नहीं बल्कि ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हुआ है। हमेशा की तरह इस बार भी अपने शो को कपिल शर्मा ही होस्ट कर रहे हैं। कपिल ने इस बार अपने फैंस को बड़ा सरप्राइज दिया है। कपिल शर्मा इस बार अपने पुराने दोस्त सुनील ग्रोवर के साथ फिर वापस आ गए हैं, जिससे फैंस बेहद खुश हैं। फैंस इस पर का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे, जो अब खत्म हो गया है। सुनील ग्रोवर अब कपिल शर्मा के शो अब द ग्रेट इंडियन कपिल शो का हिस्सा हैं। सुनील ग्रोवर 6 साल बाद कपिल के साथ काम कर रहे हैं। ऐसे में अब कॉमेडी का डबल तड़का लगने वाला है। शो के पहले एपिसोड में रणबीर कपूर, नीतू कपूर और रिद्धिमा कपूर साहनी मेहमान बनकर पहुंचे थे। शो के पहले एपिसोड में कपिल की पूरी टीम कपूर परिवार के साथ खूब मस्ती करते नजर आए, लेकिन कपिल और सुनील के बीच खूब तकरार देखने को मिली। जिसे देखकर लगता है कि कपिल और सुनील अपनी 6 साल पुरानी लड़ाई को आज भी नहीं भूले हैं।

# 2024 के आखिर में शाहरुख खान शुरू करेंगे पठान 2 की शूटिंग

**मुंबई, एजेंसी।** साल 2023 की ब्लॉकबस्टर फिल्म पठान के बाद शाहरुख खान जल्द ही पठान 2 लेकर आने वाले हैं। ये फिल्म स्पाई यूनिवर्स की 8वीं फिल्म होगी। इस फिल्म से जुड़ी अपडेट लगातार सामने आ रही हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो पिछली फिल्म की तरह इस बार सिद्धार्थ आनंद फिल्म डायरेक्ट नहीं करेंगे। हाल ही में आई पीपिंग मून की रिपोर्ट के अनुसार, शाहरुख खान इसी साल के आखिर तक पठान 2 की शूटिंग शुरू करेंगे। इस अपकमिंग फिल्म को सिद्धार्थ आनंद डायरेक्ट नहीं करेंगे। हालांकि उन्हें किस के साथ रिप्लेस किया जाएगा, इस बात की कोई कन्फर्मेशन सामने नहीं आई है। दरअसल, आदित्य चोपड़ा अपने YRF स्पाई यूनिवर्स की किसी भी फिल्म के सीक्वल में एक डायरेक्टर का इस्तेमाल नहीं करते। ठीक वैसे ही जैसे एक था टाइगर, कबीर खान ने डायरेक्ट की थी, लेकिन सीक्वल फिल्म टाइगर जिंदा है के डायरेक्टर अली अब्बास जफर थे। ऐसे ही टाइगर 3 को मनीष शर्मा ने डायरेक्ट किया था। फिल्म वॉर सिद्धार्थ आनंद ने डायरेक्ट की थी, जबकि वॉर 2 अयान मुखर्जी डायरेक्ट कर रहे थे। एक था टाइगर, टाइगर जिंदा है, वॉर, पठान, टाइगर 3 के बाद यशराज फिल्म के स्पाई यूनिवर्स की 3 बड़ी फिल्में आने वाले सालों में रिलीज होंगी। इनमें वॉर 2 साल 2025 में रिलीज होने वाली है। इसके बाद फीमेल लीड की स्पाई फिल्म को 2025 में ही रिलीज किया जाएगा। इसके बाद 2026 में पठान 2 और 2027 में टाइगर वर्सेस पठान रिलीज होगी। 2018 की फ्लॉप फिल्म जीरो के बाद शाहरुख ने 4 साल बाद बतौर हीरो 2023 में फिल्म पठान से कमबैक किया था। इस फिल्म ने 1015 करोड़ रुपए कमाकर कई बड़े रिकॉर्ड तोड़ दिए। फिल्म पठान भारत के इतिहास की दूसरी सबसे बड़ी हिंदी फिल्म, 2023 की हाईएस्ट ग्रॉसिंग फिल्म और भारत में चौथी सबसे ज्यादा कमाने वाली फिल्म बनी। इस फिल्म का रिकॉर्ड शाहरुख खान के कमबैक की दूसरी फिल्म जवान ने तोड़ा, जो एक्शन फिल्म ही थी। जवान अब भारत की दूसरी हाईएस्ट ग्रॉसिंग हिंदी फिल्म है और पठान तीसरी।



स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

# पत्नी कांग्रेस विधायक... तो पति बसपा से लड़ रहे चुनाव

बालाघाट, एजेंसी

- मध्य प्रदेश के बालाघाट में घर छोड़ने तक पहुंची सियासी लड़ाई



मध्य प्रदेश की बालाघाट सीट पर चुनावी मुकाबला रोमांचक हो गया है। यहां कांग्रेस की महिला विधायक अनुभा मुंजारे के पति लोकसभा चुनाव में उतरे हैं, लेकिन उनकी पार्टी अलग है। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने अनुभा के पति कंकर मुंजारे को बालाघाट लोकसभा सीट पर प्रत्याशी घोषित किया है।

अब बालाघाट से कांग्रेस विधायक अनुभा मुंजारे के सामने धर्मसंकट खड़ा हो गया है। सवाल यह है कि वे अपने पति के समर्थन में उतरेंगी या फिर कांग्रेस पार्टी के लिए वोट मांगेंगी। हालांकि अनुभा ने अपनी स्थिति साफ कर दी है। वे पार्टी के साथ खड़ी हैं। भाजपा ने बालाघाट की इस सीट भारती पारधी को टिकट दिया तो वहीं कांग्रेस ने सम्राट सिंह सरस्वार को चुनावी समर में उतारा है। कंकर ने अपनी विधायक पत्नी को मतदान तक घर में नहीं रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि वे अपनी बहन के घर पर रह सकती हैं।

अगर ऐसा नहीं किया तो मैं खुद घर छोड़ दूंगा। जबकि, विधायक पत्नी ने स्पष्ट कर दिया है कि घर छोड़ने का सवाल ही नहीं है। मैं एक दिन की खातिर अपना घर नहीं छोड़ सकती हूं। जनप्रतिनिधि के साथ-साथ मैं कंकर मुंजारे की पत्नी भी हूं।

## ट्रंप पर लगा गैग उल्लंघन का आरोप

**वाशिंगटन।** पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप की परेशानियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। हश-मनी मामले में मैनहट्टन अभियोजकों ने शुक्रवार को सुझाव दिया कि ट्रंप ने हाल ही में न्यायाधीश की बेटी पर हमला करके और सोशल मीडिया पर उसके बारे में झूठा दावा करके एक गैग आदेश का उल्लंघन किया हैं।

जज जुआन एम. मर्चन ने मंगलवार को जांच का एक आदेश जारी किया था। साथ ही पूर्व राष्ट्रपति को अदालत से जुड़े कर्मचारियों के परिवार के सदस्यों पर हमलों से तुरंत बचने का निर्देश दिया गया था।अब मैनहट्टन जिला अटॉर्नी के कार्यालय ने गैग आदेश के दायरे को स्पष्ट करने के लिए कहा है। जज स्टींगलास ने मर्चन को लिखे एक पत्र में तर्क दिया कि अदालत के कर्मचारियों या उनके परिवारों को परेशान करने वाले बयानों पर प्रतिबंध लगाने से ट्रंप की बयानबाजी बंद हो सकती है।

# इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री पहली बार 1 लाख के पार

*इलेक्ट्रिक गाड़ियों (ईवी) के घरेलू बाजार में नया ट्रेंड देखा जा रहा है। कारों की बिक्री दोपहिया के मुकाबले ढाई गुनी से भी ज्यादा रफ्तार से बढ़ रही है। ये अब तक के ट्रेंड के उलट है। इसके अलावा पहली बार एक साल में इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री 1 लाख से ऊपर निकली है। आंकड़ों के अनुसार, 31 मार्च को खत्म हो रहे वित्त वर्ष 2023-24 में इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री 1.02 लाख के रिकॉर्ड लेवल पर पहुंच गई।*

**2018** से कारों की रेंज हर साल करीब 10% बढ़ रही है, अब फुल चार्ज पर 700 किमी तक चलने वाली कारें भी आने लगी

### साल दर साल बढ़ रही ईवी की रेंज

इलेक्ट्रिक कारों की रेंज 2018 से हर साल करीब 10% बढ़ रही है। 2018 में ईवी की औसत रेंज 230 किमी थी, जो 2022 में बढ़कर 338 किमी हो गई। अब फुल चार्ज होने पर 700 किमी तक चलने वाली ई-कारें भी आने लगी

### ईवी की मांग सही दिशा में

ईवी के आसपास सकारात्मक भावना कई वैश्विक कारकों के कारण ग्रोथ ट्रेजेक्ट्री थोड़ी कम हो गई है। लेकिन भले ही मांग में बढ़ोतरी टॉप गियर में न हो। विशेषज्ञों का तर्क है कि ऐसा कुछ भी क्षितिज पर नहीं है जो निर्माताओं को पैनिक बटन दबाने पर मजबूर करेगा। आईसीसीटी के एक अध्ययन में 2029 तक ईवी और पारंपरिक कारों के बीच मूल्य समानता हासिल करने की भविष्यवाणी की गई है। यह इस धारणा पर आधारित है कि बैटरी निर्माण की कीमतें लगातार कम होंगी। ईवी अभूतपूर्व तरीके से मुख्यधारा में शामिल हो जाएंगे।


### बैटरी सस्ती होने से घटी मैन्युफैक्चरिंग लागत



दुनिया की सबसे बड़ी बैटरी कंपनी सीएटीएल के मुताबिक, फरवरी तक ईवी बैटरी के करीब 50% घट गए। गोल्डमैन सैक्स का मानना है कि हाल के महीनों में बैटरी में इस्तेमाल होने वाले लिथियम जैसे कच्चे माल के दाम काफी कम हो गए हैं। इससे मैन्युफैक्चरिंग लागत घटी है।

### रिकॉर्ड बिक्री में कुल हिस्सेदारी 2.3 फीसदी

सरकार के वाहन पोर्टल और जैटो डायनेमिक्स के आंकड़ों के मुताबिक, देश में बिकने वाली कुल कारों में ईवी की हिस्सेदारी सिर्फ 2.3 फीसदी है। दोपहिया बाजार में भी ईवी की हिस्सेदारी 4.8 फीसदी ही है। सरकार ने 2030 तक ईवी की बिक्री 30 फीसदी तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है।



### यूरोप में एक साल में 29 प्रतिशत ज्यादा बिकीं ईवी

यूरोपीय बाजारों में संयुक्त रूप से जनवरी में 92 हजार से ज्यादा फुल इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) पंजीकृत हुए, जो 2023 के जनवरी महीने से 29 प्रतिशत ज्यादा है। चीन में ईवी की बिक्री 700,000 के आंकड़े को पार कर गई (इसमें प्लग-इन हाइब्रिड शामिल हैं), जो वैश्विक जोर का मुख्य स्रोत है। और जबकि यह एक महीने पहले के आंकड़ों के मुकाबले 37 प्रतिशत की गिरावट थी, यह जनवरी 2023 की तुलना में अभी भी 79 प्रतिशत ज्यादा है। जैसा कि चाइना एसोसिएशन ऑफ ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सीएएएम) के आंकड़ों का दावा है। अमेरिका में, पिछले महीने कुल मिलाकर नए वाहन की बिक्री में गिरावट आई लेकिन ईवी की मांग मजबूत बनी हुई है।

## एक नजर

### पर्वः नेपाल में 12 साल में एक बार होता है श्रीपाचाली भैरव उत्सव



**काठमांडू।** नेपाल की राजधानी काठमांडू में हर 12 साल में होता है श्रीपाचाली भैरव खड्ग सिद्धी जात्रा उत्सव। इसमें मुखौटा पहनकर नृत्य करते हैं। इसे मुखौटा नृत्य कहा जाता है। इसमें 13 मुखौटों का विशेष महत्व है, लेकिन सिर्फ 12 मुखौटे ही पहने जाते हैं। 13वें की पूजा की जाती है

### पेयजल किल्लत...



**लाहौल।** हिमाचल के लाहौल स्पीति में पानी की किल्लत से खास कर महिलाओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पानी की पाइपें जम जाने से ग्रामीणों को आधा किमी दूर से पानी ढोकर प्यास बुझानी पड़ रही है। जबकि, पालतू मवेशियों के साथ कपड़े धोने के लिए डेढ़ किमी दूर जाना पड़ रहा है। वहीं पीने का पानी लेने के लिए इंतजार कर रही स्थानीय महिला।

### पुलिस पर हमला करने के आरोप में ब्रिटिश नागरिक गिरफ्तार

**भुवनेश्वर।** ओडिशा पुलिस ने पुरी के जगन्नाथ मंदिर में प्रवेश करने और मंदिर के अंदर तैनात पुलिसकर्मियों पर हमला करने के आरोप में एक ब्रिटिश नागरिक को हिरासत में लिया है। पुलिस के अनुसार विदेशी पर्यटक की पहचान दक्षिण लंदन के वंड्सवर्थ के थॉमस क्रेग शेल्डन के रूप में हुई, जिसने शनिवार को जगन्नाथ मंदिर में अनाधिकृत रूप से प्रवेश किया था। जब पुलिसकर्मियों ने उसे रोका तो थॉमस ने कथित तौर पर उनपर हमला कर दिया। जगन्नाथ मंदिर में गैर-हिंदुओं को प्रवेश की अनुमति नहीं है।

### बिहार के आरा में मिनी ट्रक पलटा चार श्रमिकों की मौत, 12 घायल

**आरा।** बिहार के भोजपुर जिले में रविवार को एक मिनी ट्रक के पलटने से तीन महिलाओं समेत चार श्रमिकों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक हादसा पटना-बक्सर राजमार्ग पर आरा शहर के शाहपुर थाना क्षेत्र में हुआ है। जिलाधिकारी राज कुमार ने कहा, हादसे में 12 से अधिक लोग घायल हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

# दोस्ती में दरार बना आतंकवाद, अब तीन बांध परियोजनाओं का काम ठप

## पाकिस्तान में दहशत में चीनी कर्मी, 1500 कर्मियों को निकाल रहा चीन

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के शांगला जिले में कुछ दिन पहले आत्मघाती हमले में पांच इंजीनियरों की मौत के बाद चीनी कर्मचारी दहशत में हैं। बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने अब पाकिस्तान में काम करने से मना कर दिया। पाकिस्तान और चीन की दोस्ती में आतंकवाद ने दरार डाल दी है। चीनी कर्मी किसी भी हाल में काम करने को तैयार नहीं हो रहे हैं। चीन ने खैबर पख्तूनख्वाह में तीन बांध परियोजनाओं का काम बंद कर दिया है। साथ ही वह अपने 1500 नागरिकों को वहां से निकाल रहा है। जिसमें शनिवार को 400 चीनी कर्मचारी देश रवाना हो गए हैं।

पाकिस्तानी अधिकारियों को इस बारे में सूचना दे दी गई है। तीनों परियोजनाएं 9860 मेगवाट की हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, दासू और डायमर-भाषा बांधों से चीनी नागरिकों को सैन्य हेलिकॉप्टरों से निकाला जाएगा। इससे पहले, मंगलवार को हमले के बाद चीन ने तारबेला बांध एक्सटेंशन 5 पर काम रोक दिया था। फिर दासूडायमर-भाषा और मोहमंद बांधों पर भी काम बंद कर दिया। चीनी नागरिक सोमवार या मंगलवार तक चीन के रवाना हो सकते हैं।

### पाकिस्तान से 400 चीनी कर्मचारी देश रवाना



आत्मघाती हमले में पांच चीनी नागरिकों की मारे जाने के बाद मामले की जांच करने चीन से जांचकर्ता की टीम पाकिस्तान पहुंच गई है। इस बीच, खैबर पख्तूनख्वा के दासू बांध पर काम बंद होने के बाद 400 चीनी कर्मचारियों को पाकिस्तान से निकालकर चीन रवाना कर दिया गया है। डैम पर 700 से ज्यादा चीनी कर्मचारी हैं।

### स्थानीय कर्मचारियों को घर जाने का दिया आदेश

4320 मेगावाट बिजली क्षमता की दासू बांध परियोजना जिला कोहिस्तान में है। ये प्रांतीय राजधानी पेशावर से 350 किमी दूर है। मारे गए इंजीनियर इसी साइट के थे। वहां 741 चीनी और 6,000 स्थानीय कर्मचारी हैं। वहां से चीनी नागरिकों को निकाला जा रहा है। स्थानीय कर्मियों को अगले आदेश तक घर जाने के लिए कह दिया गया है। परियोजना के एक अधिकारी ने बताया कि हमले के बाद चीनी कर्मचारी डर गए थे। उन्होंने अपने वरिष्ठों से कह दिया कि वे आगे काम नहीं कर सकते।

### मोहमंद बांध परियोजना इसी साल होनी थी पूरी

स्वात नदी पर स्थित बांध को इसा साल पूरा किया जाना है। 740 मेगावाट पनबिजली पैदा होगी। 250 चीनी कर्मचारी काम कर रहे। दासू बांधः इसे 2025 में पूरा होना है। डायमर-भाषा बांधः सिंधु नदी पर 2029 तक बनना है। क्षमता 4,800 मेगावाट। यहां 500 चीनी कर्मचारी हैं।



## पाक ने कार्यक्रमों में रेड कारपेट के इस्तेमाल पर लगाई रोक

**इस्लामाबाद।** बदहाल पाकिस्तान सरकारी कार्यक्रमों में इस्तेमाल होने वाले रेड कार्पेट पर प्रतिबंध लगाने का फैसला लिया है। दरअसल, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने देश में अनावश्यक खर्च में कटौती करने के लिए यह कदम उठाया है। इसके तहत सरकारी कार्यक्रमों में रेड कार्पेट के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया है और उन्हें राजनयिक स्वागत के लिए विशेष रूप से आरक्षित रखा है। शरीफ ने सरकारी कार्यक्रमों में संघीय मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों की यात्राओं के दौरान रेड कार्पेट के इस्तेमाल पर नाराजगी जताई।

कैबिनेट डिवीजन द्वारा जारी एक अधिसूचना के अनुसार, प्रधानमंत्री ने निर्देश दिया है कि भविष्य में आधिकारिक कार्यक्रमों में संघीय मंत्रियों और सरकारी हस्तियों के लिए रेड कार्पेट का उपयोग नहीं किया जाएगा। एक रिपोर्ट के अनुसार, इसे सिर्फ विदेशी राजनयिकों के लिए प्रोटोकॉल के तौर पर इस्तेमाल किया जा सकता है। कहा जा रहा है कि रेड कार्पेट के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने का सरकार का उद्देश्य धन की बचत करना और सार्वजनिक वित्त के लिए अधिक जिम्मेदार और विवेकपूर्ण दृष्टिकोण को बढ़ावा देना है।

# भारतीयों को वीजा नहीं तो चौपट होगी ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था

लंदन, एजेंसी

- 4 अप्रैल से नए वीजा नियमों के खिलाफ उद्यमी और विपक्ष एकजुट कहा- सरकार फैसला वापस ले

ब्रिटेन में भारतीयों के लिए 4 अप्रैल से नए वीजा नियमों के खिलाफ उद्यमी भी एकजुट हो रहे हैं। लगभग 200 उद्यमियों ने ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक को चेताया है कि



मिड लेवल स्किल्ड वीजा में वेतन सीमा बढ़ाने से लगभग दस लाख भारतीय अर्थव्यवस्था से बाहर हो जाएंगे।

इससे 366 लाख करोड़ रु. वाली ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था 30 फीसदी से अधिक चौपट होने की आशंका है। सत्तारूढ़ कंजरवेटिव पार्टी से जुड़े एक प्रमुख बिजनेसमैन ने कहा कि सरकार ऐसा मान रही है कि मिड लेवल जॉब्स को स्थानीय श्वेत लोग कर लेंगे। लेकिन, जमीनी हकीकत इससे अलग है। मिड लेवल जॉब्स में भारतीयों का बोलबाला है। रातोरात पूरा सिस्टम बदलने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि सुनक सरकार को फैसला वापस लेना पड़ेगा।

### विपक्ष का वादा- सरकार आई तो, नियम बदलेंगे

ब्रिटेन के प्रमुख विपक्षी दल लेबर पार्टी के शैडो मिनिस्टर क्रिस ब्रायंट ने कहा कि साल के अंत में होने वाले चुनाव में यदि हम सत्ता में आए तो मिड लेवल जॉब्स जैसे नर्सेज, टीचर और शेफ को वीजा के लिए वेतन सीमा को वापस सालाना साढ़े 27 लाख रुपये करेंगे। इसके लिए लेबर पार्टी की माइग्रेशन एडवाइजरी कमेटी ने रिव्यू शुरू कर दिया है। इसमें ब्रिटेन में भारतीयों से रायशुमारी की जा रही है।

### भारतीयों की सीढ़ी खींचने से नुकसान ब्रिटेन का

लंदन के मेयर सादिक खान का कहना है कि ब्रिटेन के विकास में भारतीय का बड़ा योगदान है। सुनक सरकार भारतीयों की सीढ़ी खींचने का काम कर ही है। लेकिन इससे ज्यादा बड़ा नुकसान ब्रिटेन का ही होने वाला है। प्रवासियों ने ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाया है। आज भारतीयों की मौजूदगी हर क्षेत्र में दिखाई पड़ती है। मिड लेवल जॉब्स ब्रिटेन की अर्थव्यवसथा ही रीढ़ हैं।

### फूलों की खुशबू से महका गार्डन...



**श्रीनगर :** एशिया का सबसे बड़ा ट्यूलिप गार्डन आखिर अपने मूल रूप में निखर आया है। यहां 30 एकड़ में लगाए गए 75 वैरायटी के 17 लाख ट्यूलिप फूल शनिवार को पूरी तरह खिल गए। 23 मार्च को जब गार्डन खुला था, तब बमुश्किल एक हजार फूल थे। बता दें कि पिछले साल 3.70 लाख पर्यटक गार्डन देखने पहुंचे थे। ● एजेंसी

## वांगचुक के बाद 70 महिलाएं दस दिन के अनशन पर बैठीं

**लेह, एजेंसी।** शिक्षा सुधारक और पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने 21 दिन की भूख हड़ताल खत्म कर दी हो, पर लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने समेत अन्य मांगें ठंडी नहीं पड़ी हैं।

वांगचुक के उठने के कुछ दिन ही 70 महिलाएं लेह के उसी एनडीएस मेमोरियल पार्क में माइनस 8 डिग्री सेल्सियस की सर्दी में भूख हड़ताल पर बैठ गईं। चार दिन से उनका साथ देने के लिए बैच में रोज 400-500 महिलाएं भी आ रहीं है। एक बैच जाने के बाद दूसरा बैच दिनभर के उपवास पर बैठता है। यह क्रम 6 अप्रैल तक चलेगा। इसके बाद युवा भी 10 दिन भूख हड़ताल करेंगे। महिलाओं के अनशन के बाद 7 अप्रैल को लेह के शीर्ष निकाय के बैनर तले एलएसी के पास चांगथांग की ओर बॉर्डर मार्च या पश्मीना मार्च किया जाएगा, ताकि यह पता लग सके कि भारतीय चरागाह की कितनी भूमि पर चीन ने कब्जा कर लिया है। इस मार्च में 10,000 लोगों के शामिल होने की उम्मीद है।

# मेडिकल कॉलेज हड़पने के आरोप में भाजपा सांसद पर एफआईआर

देवघर, एजेंसी

- झारखंड के देवघर का मामला गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने आरोपों को किया खारिज

झारखंड के देवघर में धोखाधड़ी से मेडिकल कॉलेज को हड़पने के आरोप में भाजपा के गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे, उनकी पत्नी और अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। वहीं, निशिकांत दुबे ने इन आरोपों से इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा कि अगर उनके खिलाफ लगाए गए आरोप साबित हो गए, तो वह राजनीति छोड़ देंगे।

भाजपा सांसद पर लगे आरोपों के बारे में थाना प्रभारी रवि ठाकुर ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शिव दत्त शर्मा नामक व्यक्ति ने भाजपा सांसद और उनकी पत्नी समेत अन्य लोगों के खिलाफ जिले की जसीडीह पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज कराई थी। इसमें आरोप लगाया गया है कि निशिकांत दुबे और उनकी पत्नी ने अपने ट्रस्ट बाबा बैद्यनाथ मेडिकल ट्रस्ट के जरिए उनके संस्थान परिट्रान मेडिकल कॉलेज और अस्पताल से संबंधित दस्तावेजों का दुरुपयोग करके नीलामी के माध्यम से उनके अस्पताल को हड़प लिया। शिकायतकर्ता ने कहा- मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के लिए 93 करोड़ रुपये का ऋण लिया था, लेकिन मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा संस्थान के लिए मंजूरी नहीं मिलने के बाद, उनकी ऋण राशि को गैर-निष्पादित संपत्ति घोषित कर दिया गया। थाना प्रभारी बोले, मामले में जल्द ही जांच शुरू की जाएगी।

## आगामी आम चुनाव में अपनी सीट भी नहीं बचा पाएंगे सुनक

**लंदन।** ब्रिटेन में साल के अंतिम छह महीनों में आम चुनाव हो सकते हैं। इसके संकेत खुद प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने दे दिए हैं। हाल के महीनों में ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक ने मई में चुनाव की संभावना से इनकार कर दिया था और संकेत दिया था कि इस साल के आखिरी में चुनाव कराए जा सकते हैं।

इस बीच, एक सर्वे में चौंकाने वाला दावा किया गया है। इसमें कहा गया है कि आगामी आम चुनाव में ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक की सीट भी खतरे में है। एक प्रचार अभियान संगठन बेस्ट फॉर ब्रिटेन ने सर्वे के बाद यह भी कहा है कि पता चला है कि देश में सत्तारूढ़ कंजर्वेटिव पार्टी को इस साल के अंत में होने वाले आम चुनाव में बड़ी हार का सामना करना पड़ सकता है।

**संकट** युद्ध से अंदरूनी दिक्कतें बढ़ी, भारत से करार के तहत इजराइल में 42 हजार कामगारों को बुलाने का था प्रस्ताव

# इजराइल पहुंचे भारतीय कामगारों के लिए ठहरने की बड़ी समस्या

गाजा, एजेंसी

बीते साल 7 अक्टूबर को हमास के आतंकी हमले के बाद इजराइल की गाजा में कार्रवाई जारी है। हालांकि उसकी अंदरूनी दिक्कतें बढ़ गई हैं। खेती, निर्माण, सफाई, बुजुर्गों की देखभाल के लिए वह बाहरी कामगारों पर निर्भर है। हमलों के बाद बड़ी संख्या में विदेशी कामगार इजराइल छोड़ चुके हैं।

इजराइल ने फिलिस्तीनी कामगारों के वर्क परमिट पर रोक लगा दी। भारत से करार के तहत इजराइल में 42 हजार कामगारों को बुलाना प्रस्तावित है। इनमें उत्तर प्रदेश व हरियाणा से 10-10 हजार कामगार जाएंगे। लेकिन इजराइली इमिग्रेशन अथॉरिटी के अनुसार अब तक महज 1000 भारतीय ही पहुंचे हैं। ये प्राइवेट कॉन्ट्रेक्टरों के जरिए आए हैं। फिलहाल इजराइल पहुंचना भी समस्या है। प्रमुख एयरलाइंस कामगारों की फ्लाइट ऑपरेट नहीं कर रही है। दूसरी समस्या आवास है। गाजा या वेस्ट बैंक के लोग सुबह काम पर आते थे और शाम को लौट जाते थे। जबकि भारतीयों के लिए आवास की व्यवस्था जरूरी है। इजराइल के प्रमुख शहरों के हॉस्टल और होटल युद्धग्रस्त क्षेत्रों से आए इजराइलियों से पहले ही भरे हुए हैं। युद्ध लड़ रही इजराइली सरकार की प्राथमिकता में अस्थायी आवास नहीं है। हमास के हमलों में 32 थाई नागरिक, कृषि में काम करने वाले 10 नेपाली छात्र और चार फिलिपींस नर्स मारे गए थे। युद्ध के चलते 30 हजार विदेशी कामगार इजराइल छोड़ चुके हैं। इजराइली सरकार ने एक लाख फिलिस्तीनी कामगारों के वर्क परमिट पर रोक लगा दी है। इससे इजराइल का निर्माण क्षेत्र चरमरा गया है, क्योंकि कामगार जरूरत से कम थे।

### इजराइल में प्रदर्शन तेज, नेतन्याहू को हटाने की मांग, 16 लोग गिरफ्तार

**तेल अवीव।** इजराइल-हमास युद्ध को पांच महीने से अधिक समय हो गया है। इस बीच इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू के खिलाफ विरोध की आवाजें उठने लगी हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, इजराइली पुलिस ने तेल अवीव में 16 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया है। रिपोर्ट अनुसार, हमास की कैद से बंधकों की रिहाई और प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को हटाने की मांग को लेकर प्रदर्शनकारियों द्वारा तेल अवीव में विरोध प्रदर्शन किया जा रहा था। पुलिस ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि प्रदर्शनकारियों को ट्रैफिक में बाधा डालने और सड़क जाम करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। इसके साथ ही पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर 270 अमेरिकी डॉलर का जुर्माना भी लगाया है। रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस ने तेल अवीव में अयालोन राजमार्ग पर मौजूद प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए पानी की बौछार का इस्तेमाल किया। साथ ही मौके से एक व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया, जिसे पुलिस वाहन में ले जाया गया।



### भारतीय भी आ रहे हमलों की चपेट में

4 मार्च को केरल के कोल्लम के 31 वर्षीय पैट निबिन मैक्सवेल लेबनानी सीमा पर हिजबुल्लाह के हमले में मारे गए थे। वे नए भर्ती अभियान के तहत जनवरी में इजराइल पहुंचे थे। केरल के दो अन्य कामगार जोसेफ जॉर्ज बुश और 28 वर्षीय पॉल मेल्विन भी हमले में गंभीर रूप से घायल हो गए। बता दें, इजराइल जंग में कई देशों के सैनिकों को भी इस्तेमाल कर हा है।

## ताइवान ने 6 चीनी जहाजों और चार सैन्य विमानों को किया ट्रैक

**ताइपे।** ताइवान और चीन के बीच जारी विवाद लगातार बढ़ता जा रहा ह। ताइवान ने रविवार को बताया कि चीन ने उसकी ट्रैरेट्री में छह नौसैनिक जगहों और चार सैन्य विमानों को भेजा है, जिसको ताइवान की सेना ने ट्रैक किया है। ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय (एमएनडी) ने कहा कि चीनी जहाजों और विमानों को शनिवार और रविवार को ट्रैक किया गया।

वहीं, ताइवानी सेना ने चीन की हरकत के जवाब में पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) की गतिविधि पर नजर रखने के लिए विमान और नौसैनिक जहाज रवाना कर दी और वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली भी तैनात की। ताइवान ने आगे कहा कि चीन ने किसी भी विमान ने ताइवान जलडमरूमध्य मध्य रेखा को पार नहीं किया।

# भीषण हमलों से दहला यूक्रेन रूसी सेना ने दागीं 11 मिसाइलें



कीव, एजेंसी

- यूक्रेनी सेना बोली- नौ ड्रोन और नौ मिसाइलों को मार गिराया

युद्ध के बीच रूस ने एक बार फिर यूक्रेन के क्षेत्रों को निशाना बनाया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, रूस ने यूक्रेन पर रात भर 16 मिसाइलें दागीं हैं। इसके अलावा 11 ड्रोन हमले भी किए हैं।

यूक्रेन की वायु सेना ने एक बयान में कहा कि रूस ने रातभर 16 मिसाइलें और 11 ड्रोन हमले किए हैं। टेलीग्राम पर एक बयान में वायु सेना ने कहा कि यूक्रेन ने नौ ड्रोन और नौ मिसाइलों को मार गिराया है। हालांकि, बाकी मिसाइलों और ड्रोन किस जगह गिरे हैं। उन लक्ष्यों की पहचान नहीं हो पाई है। जानकारी के अनुसार, बीते एक सप्ताह के दौरान रूस के हवाई हमले की संख्या में जबरदस्त बढ़ोतरी की है। बता दें कि रूस-यूक्रेन के बीच साल 2022 की शुरुआत में जंग छिड़ी थी। साल 2024 शुरू होने के बाद भी दोनों देशों के बीच युद्ध नहीं थम पाया है।